

29:11:2023

web: www.rashtriyakhabar.com

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र

पेज » 12 मूल्य » 3 रुपये » वर्ष » 14 अंक » 323 epaper.rashtriyakhabar.com मार्गशीर्ष, कृष्णपक्ष द्वितीया, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

विद्यामदो धनमदस्तृतीयोऽभिजनो मदः।
मदा एतेऽवलिप्तानामेत एव सतां दमाः॥

भावार्थ : हे राजन! केवल पीनेवाला नशा ही क्यों? विद्या, धन तथा उच्च कुल का गर्व भी नशा ही है, परंतु यही तीनों सज्जनों के लिए 'दम' (दमन) के योग्य है।

### रांची पारा अपडेट

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 26.00 °c | 15.00 °c |

सूर्यास्त (आज) » 17.01 बजे
सूर्योदय (कल) » 06.11 बजे

## यूक्रेन में बर्फीले तूफान में पांच की मौत, 19 घायल

**कियेब:** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने सोमवार देर रात कहा कि देश के दक्षिणी क्षेत्र ओडेसा में भीषण तूफान के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई है और 19 घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने कहा कि यूक्रेन में सोमवार रात भयंकर बर्फीला तूफान आया, जिससे 17 क्षेत्रों में यातायात बाधित हुआ और बिजली गुल हो गई। देश के ऊर्जा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा कि तेज हवाओं ने बिजली ग्रिड को नुकसान पहुंचाया लिहाजा देश में 1,500 से अधिक बस्तियों में बिजली गुल हो गयी। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी ओडेसा और मायकोलाइव क्षेत्र, मध्य निप्रॉपेट्रोस क्षेत्र और उत्तरी कीव क्षेत्र बर्फ़ीले तूफ़ान से सबसे अधिक प्रभावित हुए।

## दक्षिण अफ्रीका में खदान दुर्घटना में 11 की मौत

केप टाउनः दक्षिण अफ्रीका में इम्पाला प्लैटिनम खदान दुर्घटना में 11 श्रमिकों की मौत हो गयी और 75 घायल हो गए। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक इम्पाला प्लैटिनम के मुख्य कार्यकारी निको मुलर ने इसे कंपनी के इतिहास का सबसे काला दिन बताया। कंपनी ने कहा कि दुर्घटना सोमवार को जोहान्सबर्ग से लगभग 100 किमी (60 मील) उत्तर-पश्चिम में रस्टेनबर्ग की खदान में एक लिफ्ट के अनियंत्रित होने से हुयी। लोगों को खदान शाफ्ट पर ऊपर तथा नीचे लेकर जाने वाली यह लिफ्ट अप्रत्याशित रूप से नीचे की ओर बढ़ने लगी थी। दक्षिण अफ्रीका में दुनिया की कुछ सबसे गहरी खदानें हैं। वहीं यह प्लैटिनम, सोना और अन्य कच्चे माल का अग्रणी उत्पादक देश है। यहां की खदानों में सुरक्षा स्थिति का मामला लंबे समय से गंभीर रहा है , हालांकि 1994 में श्वेत-अल्पसंख्यक शासन समाप्त होने के बाद से स्थिति में सुधार हुआ है। कंपनी ने कहा कि दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है तथा सभी खनन कार्य बंद कर दिये गये हैं।

## बालाघाट मामले के बीच कांग्रेस का आयोग से सवाल

**भोपालः** मध्यप्रदेश के बालाघाट में पोस्टल बैलेट में कथित अनियमितताओं के बीच कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग से कई सवाल किए हैं। मध्यप्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष के के मिश्रा ने कहा कि डाक मतपत्रों की गणना जब तीन दिसंबर को होनी है तो बालाघाट में 27 नवंबर को स्ट्रांग रूम कैसे खोला गया। उन्होंने कहा कि क्या इस कार्य के लिए चुनाव आयोग के ही निर्देश थे? उन्होंने कहा कि जिले के कलेक्टर कह रहे हैं कि कांग्रेस को कुछ कंफ्यूजन है तो फिर नोडल अफसर को निलंबित क्यों किया गया। स्थानीय एसडीएम का यह कथन कि स्ट्रांग रूम सारे राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में रोज खुलता है, तो क्या यह आयोग के नियमों के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस या अन्य विपक्षी दलों द्वारा करीब 350 से अधिक की गई विभिन्न प्रमाणिक शिकायतों पर आयोग ने अपनी निष्पक्षता साबित करते हुए एक के खिलाफ भी एक्शन क्यों नहीं लिया।

## राहुल गांधी ने गिग श्रमिकों को दिया आश्वासन



**हैदराबादः** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को तेलंगाना में 30 नवंबर के विधानसभा चुनाव में पार्टी की सरकार आने पर गिग श्रमिकों के लिए बीमा प्रदान करने और एक कल्याण बोर्ड स्थापित करने का आश्वासन दिया। श्री गांधी ने यहां से लगे हुए गाचीबोवली क्षेत्र में गिग श्रमिकों, ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) श्रमिकों और ऑटो चालकों के साथ बातचीत की।उन्होंने इस दौरान जीएचएमसी स्वच्छता कर्मचारियों के लिए नौकरियों को नियमित करने और समय पर वेतन वृद्धि देने का वादा किया।श्री गांधी ने ऑटो चालकों को लंबित चालान पर 50 प्रतिशत की छूट देने का भी आश्वासन दिया।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

## मालदीव के निजी द्वीप का पर्यटन आकर्षण अब वैश्विक

# इस द्वीप पर लोगों को मच्छर नहीं काटता

- पहले यहां भी मच्छर काफी होते थे
- नई तकनीक से यह सफलता पायी
- हर रोज हजारों मच्छर पकड़ रहे हैं

राष्ट्रीय खबर

**नईदिल्लीः** पर्यटन के लिहाज से मालवीद आम भारतीयों का पसंदीदा देश है। अब इस देश में नया आकर्षण जुड़ गया है। वहां पर एक ऐसा द्वीप है, जहां कोई भी मच्छर के काटने से परेशान नहीं होता। मच्छरों को मारने के लिए वहां किसी रसायन का छिड़काव भी नहीं होता। वरना घूमने निकले लोगों मच्छर काटने की परेशानी कई बार बहुत बड़ी चुनौती भी बन जाती है। मच्छर काटने की परेशानी से अलग मलेरिया, डेंगू और



जीका जैसी बीमारियों के वाहक के रूप में अधिक गंभीर स्वास्थ्य खतरा पैदा कर सकते हैं। मालदीव में निजी कुनफुनाधू द्वीप पर एक रिसॉर्ट सोनेवा फुशी ने इन कीटों को खत्म करने के लिए वर्षों काम किया है। उनके द्वारा खोजे गए सबसे प्रभावी समाधान से मच्छरों की संख्या में नाटकीय रूप से कमी आई है, और इस प्रक्रिया में द्वीप के उष्णकटिबंधीय पौधों और जानवरों को ऊर्जा मिली है। सोनेवा ने जर्मनी स्थित कंपनी बायोजेंट्स के साथ साझेदारी की है, जिसने मच्छर जाल विकसित किया है जो पर्यावरण के अनुकूल आकर्षणों पर निर्भर है। सोनेवा के सामाजिक और पर्यावरणीय चेतना के निदेशक अर्नफिन ओइन्स ने कहा, हम रसायनों के उपयोग के बिना मच्छरों से निपटने के तरीकों पर विचार कर रहे थे। यह क्षेत्र लंबे समय से मच्छरों की समस्या से जूझ रहा है, जो मई से नवंबर तक चलने वाले मानसून के मौसम के

» पेज 2 भी देखें

## हर्ष

### जो नकारे गये थे आखिर में वे ही काम आये

# देश की प्रार्थना सफल मजदूरों की निकासी प्रारंभ

- पहली खेप में पांच लोग निकाले गये
- मुख्यमंत्री धामी खुद राहत स्थल पर
- काफी तेजी से हाथ से खोदा गया इलाका

राष्ट्रीय खबर

**देहरादूनः** उत्तराखंड के सिलक्यारा में जब आधुनिक विज्ञान की सारी कोशिशें असफल साबित हुई तो अंततः रैट माइनर्स ही अंतिम बचाव पंक्ति के तौर पर कारगर साबित हुए। यह अच्छी बात रही कि हाथ से खनन करने वालों को बहुत अधिक दूरी तक खनन नहीं करना पड़ा क्योंकि पहले ही मशीनों ने काफी सारा इलाका खोद दिया था। लंबे समय तक चले ऑपरेशन के दौरान हाई-टेक, आयातित मशीनों के खराब होने के बाद उत्तराखंड सुरंग के अंदर फंसे 41 श्रमिकों को क्रमवार तरीके से अब निकाला जा रहा है। इसी क्रम में रैट माइनर्स का मुद्दा फिर से चर्चा में आ गया है। इस विधि के खनन को असुरक्षित मानते हुए उसे प्रतिबंधित किया गया था। दरअसल उत्तर पूर्वी भारत में इस खनन को प्रतिबंधित किया गया था। दरअसल इस विधि से लोग अपने हाथ से ही



### मुख्यंत्री धामी लगातार घटनास्थल पर मौजूद रहें

चुनौतीपूर्ण अभियान के अंतिम चरण में 25 टन की ऑगर मशीन के विफल हो जाने के बाद फंसे हुए श्रमिकों को बचाने के लिए रैट-होल खनन कल शुरू हुआ। मैन्युअल ड्रिलिंग की इस पद्धति ने तेजी से प्रगति की है और खुदाई करने वाले अब उन श्रमिकों से मीटर की दूरी पर हैं जो 17 दिनों से कैद में हैं। इस तरह पूरे देश की प्रार्थना भी स्वीकार हुई और तमाम प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भी फंसे मजदूरों को निकालने का काम प्रारंभ हो चुका है। उत्तराखंड के मुख्यंत्री धामी भी वहां घटनास्थल पर मौजूद रहकर सारी परिस्थितियों का मुआयना करते रहे। एनडीआरएफ की टीम ने अपने तय मानदंड के मुताबिक ही अंदर से मजदूरों को निकालना प्रारंभ कर दिया है। इनकी सेहत जांच के लिए वहां बने अस्थायी अस्पताल के बाद मजदूरों को पहले से वहां तैनात एंबुलेसों के जरिए अस्पताल भेजा जाएगा।

कोयला खोदने का काम किया करते थे, जिसे असुरक्षित मानते हुए प्रतिबंधित कर दिया गया था। बता दें कि रैट-होल खनन बहुत छोटे गड्ढे खोदकर, 4 फीट से अधिक चौड़े नहीं, कोयला निकालने की एक विधि है। एक बार जब खनिक कोयले की सीमा तक पहुँच जाते हैं, तो कोयला निकालने के लिए बगल में सुरंगें बनाई जाती हैं। निकाले गए कोयले को पास में ही डंप कर दिया जाता है और बाद में राजमार्गों के माध्यम से ले जाया जाता है। रैट-होल खनन में, श्रमिक खदानों में प्रवेश करते हैं और खुदाई करने के लिए हाथ से पकड़े जाने वाले उपकरणों का उपयोग करते हैं। यह मेघालय में खनन का सबसे आम तरीका है, जहां कोयले की परत बहुत पतली है और कोई भी अन्य तरीका आर्थिक रूप से अव्यवहार्य होने का जोखिम रखता है। सुरंगों का छोटा आकार बच्चों को खतरनाक काम के लिए सबसे उपयुक्त बनाता है, और ऐसे राज्य में जहां आजीविका के लिए सीमित विकल्प हैं, कई लोग जोखिम भरे काम के लिए कतार में खड़े रहते हैं। कई बच्चे ऐसी खदानों में काम पाने के लिए खुद को वयस्क भी बताते हैं। नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने अवैज्ञानिक होने के कारण 2014 में रैट-होल खनन पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन यह प्रथा बड़े पैमाने पर जारी है। पूर्वोत्तर राज्य में कई दुर्घटनाओं

» पेज 2 भी देखें

### नरेंद्र मोदी के प्रोजेक्ट में नये किस्म का खतरा मंडराया

# कूनो के इलाके में राजस्थान का बाघ



राष्ट्रीय खबर

**भोपालः** नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किये गये चीता परियोजना के जंगल में एक बाघ मौजूद है। बता दें कि कूनो नेशनल पार्क में खास तौर पर अफ्रीका से लाये गये चीते छोड़े गये थे। अब अफ्रीका के जंगलों के इन जानवरों के इलाके में एक बाघ के पैरों के निशान ने वन अधिकारियों को चौंकन्ना कर दिया है। इससे वहां के मौजूद चीतों की सुरक्षा पर सवाल उठ गया है। माना जा रहा है कि राजस्थान के रणथंभौर नेशनल पार्क से एक बाघ सीमा पार कर मध्य प्रदेश के कूनो पालपुर जंगल में घुस आया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले साल 17 सितंबर को अफ्रीका से लाए गए चीता पुनर्जनन परियोजना का शुभारंभ किया था। वन्यजीव विशेषज्ञों को डर है कि कूनो के चीतों को एक नए संकट का सामना करना पड़ेगा। हालाँकि, कूनो नेशनल पार्क के अधिकारियों ने ऐसी किसी भी संभावना से इनकार किया है।

नेशनल पार्क के निदेशक उत्तम शर्मा ने सोमवार को बताया, दो-तीन दिन पहले हमने कूनो के जंगल में एक अपरिपक्व नर बाघ के पैरों के निशान देखे। लेकिन अभी चीतों से डरने की कोई वजह नहीं है। क्योंकि फिलहाल सभी चीतों को जाल से घिरे अलग-अलग बाड़ों में रखा गया है। कुनो नेशनल पार्क के निदेशक ने कहा कि चीतों को बाड़ों में रखा जाता है। इसलिए चीतों को बाघों से सीधे नुकसान की कोई संभावना नहीं है। कूनो अधिकारियों के मुताबिक, जिस बाघ

» पेज 2 भी देखें

### शीर्ष जनजातीय निकाय ने आर्थिक नाकेबंदी अस्थायी रूप से स्थगित की

# तांगखुल इलाकों में रैली या आंदोलन नहीं करने की घोषणा

- यूनाइटेड नगा काउंसिल ने सात जिलों की नामंजूर किया
- 21 नवंबर से प्रारंभ हुई थी आर्थिक नाकाबंदी

भूपेन गोस्वामी

**गुवाहाटी :** जनजातीय एकता समिति ने लोगों की कठिनाइयों का हवाला देते हुए कुकी-जो के चयनित



क्षेत्रों में आर्थिक नाकाबंदी को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया।समिति ने एक प्रेस नोट के माध्यम से उल्लेख किया कि वर्तमान निलंबन की समीक्षा करते हुए यदि आवश्यक हो तो नाकाबंदी लागू करने के लिए मजबूर किया जा सकता है। वर्तमान गतिशीलता से उत्पन्न होने वाली आवश्यकता के

» पेज 2 भी देखें

### विभिन्न जिलों में कुल 137 जांच चौकियां स्थापित की गई हैं

राज्य भर में चलाए गए निरंतर तलाशी अभियानों में, मणिपुर पुलिस ने 26 नवंबर को राज्य के सीमावर्ती और संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों द्वारा किए गए बंकरों और एरिया डोमिनेशन को ध्वस्त कर दिया।राज्य के काकचिंग, बिष्णुपुर, तामेंगलांग, जिरीबाम, इंफाल पश्चिम, थौबल, तेंगनौपाल जिलों में तलाशी अभियान चलाया गया। इसके अतिरिक्त, नाका जांच की गई और तामेंगलांग जिले के तहत फैटोल गांव में तीन बंकर नष्ट कर दिए गए। मणिपुर के विभिन्न जिलों में कुल 137 जांच चौकियां स्थापित की गई हैं। इसके अतिरिक्त, मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में उल्लंघन के संबंध में पहाड़ी और घाटी दोनों में 221 लोगों को हिरासत में लिया।

### चीन की सीमा पर अब विद्रोहियों का पूर्ण कब्जा

# म्यांमार के गृहयुद्ध की स्थिति और बिगड़ी

राष्ट्रीय खबर

**हॉगकॉगः** अक्टूबर के बाद से संघर्ष के बीच अब म्यांमार-चीन सीमा क्षेत्र के शान प्रांत और आसपास के क्षेत्रों में विद्रोहियों का बोलबाला है। तीन जातीय अल्पसंख्यक समूहों के सशस्त्र गठबंधन ने आंग मिन ह्लाइंग के नेतृत्व वाले जुंटा के खिलाफ आक्रामक अभियान शुरू किया है। रविवार को, इन विद्रोहियों - जो म्यांमार नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस आर्मी (एमएनडीएए), अराकान आर्मी (एए) और ताआंग नेशनल लिबरेशन आर्मी



(टीएनएलए) से बने थे - ने देश के सत्तारूढ़ जुंटा से चीन की ओर जाने वाली एक सीमा पर नियंत्रण हासिल कर लिया। विद्रोहियों ने अब उत्तरी म्यांमार में अपनी बढ़त बढ़ा ली है और अब दर्जनों सैन्य ठिकानों और चीन के साथ व्यापार के लिए महत्वपूर्ण एक शहर पर उनका नियंत्रण हो गया है।

यह सैनिक जुंटा के लिए एक समस्या है, जिसका नकदी भंडार कम चल रहा है, क्योंकि वाणिज्यिक मार्ग अब अवरुद्ध हो गए हैं। म्यांमार स्थित समाचार एजेंसी कोकांग न्यूज ने एक रिपोर्ट में कहा, एमएनडीएए ने यह भी बताया कि उन्होंने आज सुबह म्यूज जिले के मोनेको क्षेत्र में एक और सीमा व्यापार द्वार, जिसे किइन सैन क्यावत कहा जाता है, को जब्त कर लिया है। एमएनडीएए ने क्यिन सैन क्यावत में

» पेज 2 भी देखें

## प्रदूषणमुक्त विकल्प

### उन्नत किस्म के सौर सेलों को निर्माण में अब ए आई मददगार

# पेरोव्स्काइट सौर कोशिकाओं का प्रयोग सफल

- इंसानी आंखों से बेहतर जांच कर पाया है
- यह 33 प्रतिशत अधिक कार्यकुशल है
- लागत कम होगी तो व्यापारिक उत्पादन संभव

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** दुनिया में गर्मी और प्रदूषण बढ़ने के दौर में अब लोग सौर ऊर्जा की तरफ तेजी से आकर्षित हो रहे हैं। यह एक बेहतर और प्रदूषणमुक्त विकल्प भी है। इसकी कार्यकुशलता में पहले के मुकाबले काफी विकास हुआ है लेकिन इसे और कार्यकुशल बनाने के लिए भी अब कृत्रिम



बुद्धिमत्ता की मदद ली गयी है। यह पता है कि पेरोव्स्काइट अर्धचालकों पर आधारित टेंडेम सौर सेल पारंपरिक सिलिकॉन सौर सेल की तुलना में सूर्य के प्रकाश को अधिक कुशलता से बिजली में परिवर्तित करते हैं। इस तकनीक को बाजार के लिए तैयार करने के लिए स्थिरता और विनिर्माण प्रक्रियाओं के संबंध में और सुधार की आवश्यकता है। काल्स्रुहे इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (केआईटी) और दो हेल्महोल्ट्ज प्लेटफार्मों - जर्मन कैंसर रिसर्च सेंटर (डीकेएफजेड) में हेल्महोल्ट्ज इमेजिंग और हेल्महोल्ट्ज एआई - के शोधकर्ता पेरोव्स्काइट परतों की गुणवत्ता की भविष्यवाणी करने का एक तरीका खोजने में सफल रहे हैं और परिणामस्वरूप परिणामी सौर सेलः मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) में नए तरीकों की सहायता से, विनिर्माण प्रक्रिया में पहले से ही प्रकाश उत्सर्जन में बदलाव से उनकी गुणवत्ता का आकलन करना संभव है। शोधकताओं ने

» पेज 2 भी देखें

### इन कोशिकाओं को अगली पीढ़ी की तकनीक माना जाता है

पेरोव्स्काइट टेंडेम सौर सेल एक पेरोव्स्काइट सौर सेल को पारंपरिक सौर सेल के साथ जोड़ते हैं। इन कोशिकाओं को अगली पीढ़ी की तकनीक माना जाता है : वे वर्तमान में 33 प्रतिशत से अधिक की दक्षता का दावा करते हैं, जो पारंपरिक सिलिकॉन सौर कोशिकाओं की तुलना में बहुत अधिक है। इसके अलावा, वे सस्ते कच्चे माल का उपयोग करते हैं और आसानी से निर्मित होते हैं। दक्षता के इस स्तर को प्राप्त करने के लिए, एक अत्यंत पतली उच्च श्रेणी की पेरोव्स्काइट परत का उत्पादन करना होगा, जिसकी मोटाई मानव बाल की मोटाई का केवल एक अंश है। इंस्टीट्यूट ऑफ माइक्रोस्ट्रक्चर टेक्नोलॉजी में शोध करने वाले टेन्योर-ट्रैक प्रोफेसर उलरिच डब्ल्यू. पेट्जोल्ड कहते हैं, कम लागत और स्केलेबल तरीकों का उपयोग करके बिना किसी कमी या छेद के इन उच्च-ग्रेड, बहु-क्रिस्टलीय पतली परतों का निर्माण करना सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। यह कमी अंततः इन अत्यधिक कुशल सौर कोशिकाओं के औद्योगिक पैमाने पर उत्पादन की त्वरित शुरुआत को रोकती है, जिनकी ऊर्जा बदलाव के लिए बहुत आवश्यकता होती है।

### दोनों तरफ से बंदियों की रिहाई का चौथा दिन

# दोनों पक्ष युद्धविराम को बढ़ाने के पक्ष में

राष्ट्रीय खबर

**तेल अवीवः** हमास और इजराइल के बीच संघर्ष विराम अपने चौथे - और संभावित रूप से अंतिम दिन बीत रहा है। संघर्ष विराम के पहले तीन दिनों में, हमास ने कुल 58 बंधकों को रिहा किया, जिनमें मुख्य रूप से महिलाएं और बच्चे थे और इजराइल ने 117 फिलिस्तीनी कैदियों को रिहा किया। इजरायली प्रधान मंत्री कार्यालय ने सोमवार को कहा कि हमास द्वारा रिहा किए जाने वाले बंधकों के नवीनतम समूह के परिवारों को सूचित कर दिया गया है। इससे पहले प्रधान मंत्री कार्यालय ने कहा कि इजराइल को



हमास द्वारा सोमवार को रिहा किए जाने वाले बंधकों की एक सूची मिली है और इसके बारे में चर्चा चल रही है।

सूत्रों ने बताया कि कतर की मध्यस्थता से इजराइल, हमास और अमेरिका चार दिवसीय संघर्ष विराम को अतिरिक्त दो दिनों तक बढ़ाने की संभावना पर सक्रिय रूप से चर्चा कर

» पेज 2 भी देखें

## शहर >> अपडेट

### पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हवाई अड्डे पर स्वागत

रांची: आज पासवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद शमायल अहमद झारखंड पासवा द्वारा प्रदेश चेयरमैन आलोक कुमार दूबे के सम्मान में आयोजित आभार सह अभिनन्दन समारोह में शामिल होने के लिए सेवा विमान से आज रांची पहुंचे। रांची हवाई अड्डे पर पासवा के प्रदेश अध्यक्ष श्री आलोक कुमार दूबे एवं संजीत यादव के नेतृत्व में में पासवा के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी गण, निजी विद्यालय के संचालक गण एवं पासवा के एक्टिव कार्यकर्ता ,वॉलिंटियर्स ने माला और फूल के बुके से उनका जोरदार स्वागत किया। पासवा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक दूबे ने रांची हवाई अड्डे पर उनका स्वागत करते हुए कहा कि उनका आगमन से कार्यकताओं,एक्टिव वॉलिंटियर्स में नया जोश एवं नये उत्साह से कार्य करने में प्रेरणा मिलती है।

**शिविर** गिरिडीह में भाजपा का एकदिवसीय पंचायत प्रतिनिधि प्रशिक्षण शिविर

# संगठन को मजबूत करने की सबसे बड़ी जिम्मेवारी पंचायत प्रतिनिधि पर:बाबूलाल मरांडी

▶▶ प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी समेत कई नेता हुए शामिल

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को पंचायत समिति सदस्यों का एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जिले से 110 पंचायत प्रतिनिधि शामिल हुए. शिविर में पूर्व सीएम सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, धनबाद सांसद पीएन सिंह, जमुआ विधायक केदार हाजरा, हजारीबाग के सदर विधायक मनीष जायसवाल, पूर्व सांसद रविंद्र पांडेय, पूर्व विधायक नागेंद्र महतो समेत कई नेता शामिल हुए.इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने अपने संबोधन में कहा कि आजादी के बाद देश में देश की विचारधारा के अनुसार चलने वाले दल जनसंघ का गठन हुआ। लेकिन इसके बाद इसे भारतीय जनता पार्टी में तब्दील कर दिया गया। ट्रेनिंग में मौजूद पंचायत समिति सदस्यो से भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा की संगठन को मजबूत करने की सबसे बड़ी जिम्मेवारी पंचायत प्रतिनिधि पर है। उन्हे बूथों के प्रति जवाबदेह बनाना होगा। जनता के बीच पंचायत प्रतिनिधि को जाने की जरूरत है। और ग्रामीणों को मोदी सरकार की योजनाओं की जानकारी से रूबरू कराना जरूरी है.इधर एक दिवसीय ट्रेनिंग के पहले सत्र को हजारीबाग के सदर विधायक मनीष जायसवाल और जमुआ विधायक केदार हाजरा ने संबोधित किया। जबकि दूसरे सत्र को धनबाद सांसद पीएन सिंह ने संबोधित किया। वही एक दिवसीय ट्रेनिंग में भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला महामंत्री सुभाष चंद्र सिन्हा, संदीप डंगाईच, किशान मोर्चा के दिलीप बर्मा, सेवानिवृत्त अभियंता विनय सिंह, महिला मोर्चा की विनीता कुमारी, संगीता सेठ, उषा कुमारी, जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी, जिला परिषद उपाध्यक्ष छोटे लाल यादव समेत कई नेता शामिल हुए।

## पेज एक का शेष

### इस द्वीप पर लोगों को मच्छर .. ..

दौरान और भी बदतर हो जाती है। उन्होंने कई तरीके आजमाए, जिनमें विभिन्न जालों का उपयोग और मच्छरों के प्रजनन के मैदानों को खत्म करने के लिए काम करना शामिल था, जिससे उनकी अपनी चुनौतियाँ सामने आईं।

ओइन्स के अनुसार, उड़ने वाले कीटों से निपटने के लिए एक अन्य दृष्टिकोण में हॉट फॉगिंग और मिस्ट ब्लोइंग जैसे तरीकों का उपयोग शामिल है, जो कीटनाशकों के साथ केवल कीड़ों को लक्षित करने में बिल्कुल सटीक नहीं हैं और मेहमानों और मेजबानों के लिए अप्रिय हो सकते हैं। सोनेवा ने पहली बार 2019 में बायोजेंट्स सिस्टम को नियोजित किया, जिसमें दो अलग-अलग प्रकार के जालों का उपयोग किया गया - द्वीप के चारों ओर कुल मिलाकर 500 से अधिक। पहला प्रकार, जिसे बीजी-जीएटी कहा जाता है, एक निष्क्रिय जाल है जो मच्छरों के लिए है जो पहले से ही किसी को काट चुके हैं और ओइन्स के अनुसार अंडे देने के लिए जगह की तलाश कर रहे हैं।

दूसरा प्रकार, बीजी-मच्छर सीओ 2, रक्त की खोज करने वाले मच्छरों को आकर्षित करने के लिए है, जो यह खमीर और चीनी के माध्यम से बनाए गए कार्बन डाइऑक्साइड, साथ ही लैक्टिक एसिड का उपयोग करके करता है, जो मानव त्वचा की नकल करता है। उन्होंने कहा, बीजी-मॉस्किटायर सीओ 2 अद्वितीय और प्रभावी है क्योंकि यह सीओ 2 और पसीने की गंध का उपयोग करके मनुष्यों का अनुकरण करता है। मूलतः, उपकरण इंसानों की तरह गंध और साँस लेते हैं, कीड़ों को लुभाते हैं और नियंत्रित करते हैं। पहले कुछ हफ्तों में, जाल हर दिन हजारों मच्छरों को पकड़ रहे थे। इससे आने वाले पर्यटकों को मच्छरों से राहत मिली है।

### सुरंग में फंसे मजदूरों .. ..

की रैट-होल खनिकों की मौतें हुई हैं। 2018 में, अवैध खनन में शामिल 15 लोग बाढ़ वाली खदान के अंदर फंस गए थे। दो महीने से अधिक समय तक चले बचाव अभियान के दौरान केवल दो शव ही बरामद किये जा सके। ऐसी ही एक और दुर्घटना 2021 में हुई जब पांच खनिक बाढ़ वाली खदान में फंस गए। बचाव दल द्वारा एक महीने के बाद अभियान बंद करने से पहले तीन शव पाए गए थे। मणिपुर सरकार ने एनजीटी के प्रतिबंध को यह तर्क देते हुए चुनौती दी है कि इस क्षेत्र के लिए खनन का कोई अन्य व्यवहार्य विकल्प नहीं है। 2022 में मेघालय उच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त एक पैनल ने पाया कि मेघालय में रैट-होल खनन बेरोकटोक जारी है। एक अमेरिकी बरमा मशीन द्वारा मलबे को काटने में विफल रहने के बाद फंसे हुए श्रमिकों के बचाव के लिए यह गैरकानूनी प्रथा अब सामने आई है, जिससे उनका बचना मुश्किल हो गया है। इस कार्य के लिए विशेषज्ञों की दो टीमों, कुल 12 लोगों को दिल्ली से भेजा गया है। हालांकि, उत्तराखंड सरकार के नोडल अधिकारी नीरज खैरवाल ने स्पष्ट किया कि लाए गए लोग रैट माइनर नहीं बल्कि तकनीक के विशेषज्ञ थे। विशेषज्ञों में से एक, राजपूत राय ने बताया कि एक आदमी ड्रिलिंग करता है, दूसरा मलबा इकट्ठा करता है और तीसरा उसे बाहर निकालने के लिए ट्रॉली पर रखता है। ऐसे विशेषज्ञ हाथ से पकड़े गए उपकरणों का उपयोग करके मैन्युअल रूप से मलबे को हटाने के लिए 800 मिमी पाइप के अंदर काम करते रहे। करीब एक घंटा पहले ही सुरंग में फंसे मजदूरों को भी उनका काम करने की आवाज आने लगी थी। वैसे इस तरीके से खनन करना एक थका देने वाला काम है और खुदाई करने वालों को बारी-बारी से खुदाई करनी पड़ती है। बचाव दल के अनुसार, ये पेशेवर धातु की बाधाओं को भी काटने में कुशल हैं।

### कूनो के इलाके में राजस्थान .. ..

की मौजूदगी बताई जा रही है, उसकी उम्र करीब तीन साल है। यह राजस्थान के रणथंभौर टाइगर रिजर्व से संरक्षित जंगल में प्रवेश कर गया था। कूनो से इसकी दूरी लगभग 100 किमी है। वर्तमान में कूनो राष्ट्रीय उद्यान में 7 नर चीते, इतनी ही संख्या में मादा चीते और एक शावक है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चीते को भारत के जंगलों में वापस लौटाने की पहल की थी। उस प्रोजेक्ट के मुताबिक, पिछले साल 17 सितंबर को नामीबिया से आठ चीते भारत लाए गए थे। इस साल 12 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से 12 और चीते भारत पहुंचे। कूनो राष्ट्रीय उद्यान में पिछले कुछ महीनों में वहां 9 चीतों की मौत हो गई है। चीते के गले में रेडियो कॉलर को लेकर विवाद बढ़ गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मुद्दे पर चिंता जताई थी। शीर्ष अदालत में केंद्र को फटकार झेलनी पड़ी।

### तांगखुल इलाकों में रैली .. .. ..

अनुसार, यह वर्तमान निलंबन की समीक्षा करेगा और यदि आवश्यक हो तो लागू करेगा। समिति नाकाबंदी के दौरान जनता द्वारा दिए गए समर्थन की भी सराहना करती है।आदिवासी एकता पर समिति सदर हिल्स कांगपोकपी की अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकाबंदी 21 नवंबर को मणिपुर में शुरू हुई थी।

इस बीच, यूनाइटेड नगा काउंसिल ने मणिपुर की तत्कालीन सरकार द्वारा 7 नए जिलों की घोषणा को अस्वीकार कर दिया है। नगाओं के लिए 8 दिसंबर 2016 में मणिपुर की तत्कालीन कांग्रेस शासित राज्य सरकार द्वारा 7 नए जिलों के निर्माण की अस्वीकृति के अनसुलझे मुद्दे को सार्वजनिक डोमेन में लाना महत्वपूर्ण हो गया है।

इस बीच तलाशी अभियान जारी रहने के बीच काकचीहंग, इंफाल पश्चिम, थौबल और तेंगनौपाल जिलों में राष्ट्रीय राजमार्ग-37 और राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर आवश्यक वस्तुओं के साथ क्रमशः 383 और 126 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में कुल 138 जांच चौकियां स्थापित की गई थीं और पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में उल्लंघन के संबंध में 227 लोगों को हिरासत में लिया था।

### म्यांमार के गृहयुद्ध की स्थिति .. ..

सीमा व्यापार क्षेत्र में अपना झंडा फहराया। क्यिन सैन क्यावत म्यांमार-चीन सीमा पर एक प्रमुख व्यापारिक बिंदु है। यह व्यापारिक बिंदु महत्वपूर्ण है क्योंकि यह मशीनरी, विद्युत उपकरण, कृषि ट्रैक्टर और उपभोक्ता वस्तुओं को देश में प्रवेश करने की अनुमति देता है। एमएनडीएए के प्रवक्ता क्याव निंग ने कहा, उन्होंने रोड टू नेपीटॉ अभियान शुरू किया है जिसका उद्देश्य राजधानी पर कब्जा करना है।

### पेरोव्स्काइट सौर कोशिकाओ.. ..

एआई विधियां विकसित कीं जो विशाल डेटासेट का उपयोग करके तंत्रिका नेटवर्क को प्रशिक्षित और विश्लेषण करती हैं। इस डेटासेट में वीडियो रिकॉर्डिंग शामिल हैं जो विनिर्माण प्रक्रिया के दौरान पतली पेरोव्स्काइट परतों की फोटोल्यूमिनेशन दिखाती हैं। इसलिए वीडियो पर लाखों डेटा आइटम से अच्छे या खराब कोटिंग के छिपे संकेतों का पता लगाने के लिए मशीन लर्निंग (डीप लर्निंग) के लिए एआई सिस्टम को प्रशिक्षित करने का विचार पैदा हुआ। शोधकताओं ने बाद में व्याख्या करने योग्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तरीकों पर भरोसा किया।

शोधकताओं ने प्रयोगात्मक रूप से पाया कि उत्पादन के दौरान फोटोल्यूमिनेसेंस भिन्न होता है और इस घटना का कोटिंग की गुणवत्ता पर प्रभाव पड़ता है।

### दोनों पक्ष युद्धविराम को बढ़ाने .. ..

रहे हैं। 50 महिलाओं और बच्चों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए चार दिवसीय संघर्ष विराम का मूल समझौता इस समझ के साथ किया गया था कि यदि हमास अतिरिक्त बंधकों को तैयार करने में सक्षम था, तो लड़ाई में समाप्ति को अतिरिक्त दिनों तक बढ़ाया जा सकता है। दस और बंधकों से हमास को एक अतिरिक्त दिन का विराम मिलेगा। इजरायली और अमेरिकी अधिकारियों का मानना था कि 50 से अधिक महिलाओं और बच्चों को कैद में रखा गया था, लेकिन समझौते की शर्तों पर सहमत हुए क्योंकि हमास ने जोर देकर कहा कि उसे अतिरिक्त बंधकों को इकट्ठा करने के लिए लड़ाई में विराम का उपयोग करने की आवश्यकता है।

# जमीन बचाने की मांग को लेकर आदिवासी समन्वय समिति का धरना

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** आदिवासी समन्वय समिति के तत्वावधान में मंगलवार को जमीन बचाने की मांग को लेकर धरना दिया गया। उपायुक्त कार्यालय के समक्ष दिए गए इस धरना में आदिवासी जमीन की अवैध रूप से हो रही खरीद बिक्री और लूट के खिलाफ आवाज बुलंद की गई। इस अवसर पर उपस्थित समिति के देवकुमार धान, प्रेमशाही मुंडा सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि राज्य बनने के पूर्व से ही आदिवासी जमीन की लूट होती रही है। इसके बाद भी आदिवासी जमीन की लूट बंद नहीं हुई बल्कि अलग अलग हथकंडे अपना कर जमीन की लूट बदस्तूर जारी है। सीएनटी, एसपीटी एक्ट के रहते और पांचवी अनुसूची जैसे संवैधानिक प्रावधानो के बावजूद आदिवासियों के हाथों से जमीन छिनती जा रही है। वक्ताओं ने कहा कि यदि इस जमीन लूट पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वो दिन दूर नहीं जबकि आदिवासियों के हाथ में एक भी जमीन नहीं बचेगी। समिति की ओर से सरकार को मांगो से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया है। सादा पट्टा से आदिवासी जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लगे। सामाजिक धार्मिक जमीन जैसे पहनाई, मुंडई खूंटकट्टी, पुजार, महताई, कोटवारी, गैरही, डाली कटारी, जतरा स्थल, सरना, मसना, देशावली को चिन्हित कर उन्हें संरक्षित करने की मांग की गई। भुईंहरी जमीन को काएमी जमीन बनाकर खरीद बिक्री पर रोक लगे। लंबित दखल देहानी को अविलंब लगाया जाए। एनआईसी के द्वारा ऑनलाइन गड़बड़ी पर रोक लगे। अंचल कार्यालयों के द्वारा खतियानी जमीन को ऑनलाइन किया जाए।

सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध

# सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों से मिले हेमंत सोरेन



**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** राज्यस्तरीय सब जूनियर नेटबॉल प्रतियोगिता के विजेता रही गोड्डा जिला के खिलाड़ियों से मंगलवार को सीएम ने मुलाकात की। इस दौरान सीएम ने कहा कि सरकार खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में पंचायतों में खेल मैदान विकसित किये जा रहे हैं। सिदो कान्हू क्लब के माध्यम से खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स किट्स के साथ अन्य सुविधाएं दी जा रही है। यहां के नौजवान खेलों के माध्यम से अपना भविष्य संवारने के साथ अपने प्रदर्शन से देश और राज्य का नाम रोशन करें। इसके लिए सरकार सभी सहयोग करेगी।मुलाकात के दौरान खिलाड़ियों ने सीएम को जानकारी दी कि गुमला के घाघरा में आयोजित नेटबॉल की ट्रेडिशनल एवं फास्ट फाइव सब जूनियर चौंपियनशिप के बालक एवं बालिका दोनों ही वर्गों में गोड्डा टीम ने खिताब जीता है। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई और भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर गोड्डा जिला नेटबॉल टीम की कोच मोनालिसा कुमारी, सचिव गुंजन कुमार झा, अंपायर शिवराम कृष्ण देहरी, दुमका जिला नेटबॉल एसोसिएशन के सचिव मोहम्मद हकीम और कुलदीप कुमार रवि मौजूद रहे।



# सरकार आपके द्वार पर सियासत, विपक्ष के हमले के बीच जवाब देने में ज़ुटी

**राष्ट्रीय खबर**




**रांची:** हेमंत सरकार के द्वारा एक बार फिर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। तीसरे चरण का यह सरकार आपके द्वार कार्यक्रम बीते दो चरणों की अपेक्षा लोकसभा चुनाव की दृष्टि से खास माना जा रहा है।मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अब तक तीन जिलों में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शिरकत कर चुके हैं। इस दौरान उनके संबोधन में चुनावी झलक स्पष्ट रुप से देखने को मिली है। इधर मुख्यमंत्री के इस दौरे पर विपक्ष ने सवाल खड़ा करना शुरू कर दिया है। प्रमुख विपक्षी दल बीजेपी और आजसू ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पर सवाल खड़ा करते हुए कहा है कि पिछले दो चरणों में इस कार्यक्रम के जरिए प्राप्त आवेदन पर क्या कार्रवाई हुई, इसे मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए।बीजेपी प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने इसकी आलोचना करते हुए कहा है कि चूंकि यह सरकारी कार्यक्रम है तो सत्ता पक्ष इसे जरूर सफल बतायेंगे। लेकिन हकीकत यह है कि लंबित पड़े आवेदन का क्या हुआ इसे बताने वाला कोई नहीं है। ऐसे में लोग अब सोचने लगे हैं कि जब न्याय ही नहीं मिलेगा तो जाकर क्या करें। इधर आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने पहले और दूसरे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सरकार के द्वारा दिखाए जा रहे आंकड़े पर सवाल खड़ा किया है। आजसू प्रमुख ने कहा कि कोई भी पंचायत में आप चले जाइए उन आवेदनों का क्या हुआ और उनकी संख्या क्या है, यह बताने वाला कोई नहीं मिलेगा। हास्यास्पद बात यह है कि सरकार 93 प्रतिशत आवेदनों के निष्पादन की बात कर रही है मगर हकीकत कुछ और ही है।विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवाल पर पलटवार करते हुए ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि आरोप लगाना सहज है मगर वास्तविक स्थिति से मुंह मोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने विपक्ष को चुनौती देते हुए कहा है कि एक भी उदाहरण के रूप में विपक्ष लंबित आवेदन को लेकर आए सरकार इस पर जवाब देने के लिए तैयार है। पहले और दूसरे सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राप्त हुए आवेदनों पर सरकार के द्वारा कार्रवाई की गई है। इस दौरान सरकार को कई तरह के सुझाव भी मिले जिसे तीसरे चरण के सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सम्मिलित किया गया है। सर्वजन पेंशन योजना से लेकर सरकार ने अबुआ आवास योजना तक की शुरूआत की है। विधवा पेंशन की उम्र सीमा को सरकार ने नये सिरे से तय किया है। केन्द्र सरकार ने जो प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रतिवर्ष कोटा निर्धारित की है वह भी हमें नहीं मिला। ऐसे में हमारी सरकार ने अबुआ आवास योजना की शुरूआत की है जिसका बहुत रिस्पांस मिल रहा है।

संयुक्त ट्रेड यूनियनों के महापड़ाव का अंतिम दिन, वक्ताओं ने कहा

# किसान और मजदूर विरोधी कानून देश में नहीं चलेगा

**राष्ट्रीय खबर**

**रांची:** संयुक्त ट्रेड यूनियनों के महापड़ाव का मंगलवार अंतिम दिन रहा। इसके साथ ही सभा में मुख्य वक्ता के रूप में किसान सभा के संयुक्त सचिव अवधेश कुमार शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए अवधेश कुमार ने कहा कि केंद्र सरकार ने अपने किसी भी वादे को पूरा नहीं किया। न ही किसान और मजूदरों के मामले में और न ही मूलभुत सुविधाओं से जुड़े मामले में। किसान आंदोलन के समय केंद्र सरकार न्यूनतम सर्मथन मूल्य के संबध में आश्वासन दिया था कि इस पर निर्णय लिया जायेगा। लेकिन अभी तक सरकार ने इस पर कोई पहल नहीं की। यहां तक की किसान आंदोलन के दौरान किसानों की हत्या करने वाले अपराधी की गिरफ्तारी तक नहीं हुई है। मजदूरों से जुड़े कानून को तो केंद्र सरकार ने खत्म किया ही। वहीं, बिजली संशोधन अधिनियम भी सरकार ने वापस नहीं लिया है। अवधेश ने कहा कि दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश में किसान और मजदूरों के लिये सरकार निर्णय नहीं ले सकती है। कॉरपोरेट को बढ़ावा देने के लिये सरकार किसान और मजदूरों के अधिकारों का हनन करती है।इस दौरान अवधेश ने कहा कि देश में जो भी कानून किसान और मजदूर विरोधी है, ऐसा कानून नहीं चलेगा। इसका विरोध किया जायेगा। सरकार को समझना होगा कि वोट का अधिकार हर वर्ग को है। जो आने वाले समय में सत्ता तय करेगी। ऐसे में सरकार को किसान और मजदूरों के हित में निर्णय लेनां चाहिये। उन्होंने कहा कि किसानों और मजदूरों के साथ जुड़ा ये आंदोलन आगे और भी उग्र रूप लेगा।

**दौरा** 29 और 30 नवंबर को जदयू के बड़े नेता पहुंचेंगे रांची

# सीएम नीतीश कुमार के रांची आगमन की तैयारी में झारखंड जेडीयू

**राष्ट्रीय खबर**





**रांची:** 2024 लोकसभा चुनाव और झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी-अपनी तैयारी में जुट गई हैं। इसी के मद्देनजर झारखंड में जनता दल यूनाइटेड की तरफ से तैयारियां जोर-जोर से की जा रही हैं। झारखंड जदयू की ओर से 29 और 30 नवंबर को कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया है।

जदयू कार्यकर्ता सम्मेलन में मंत्री सह झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मौजूद रहेंगे। इसको लेकर झारखंड जनता दल यूनाइटेड के वरिष्ठ नेता सरवन कुमार ने बताया कि 29 नवंबर को होने वाले कार्यक्रम में झारखंड जदयू के प्रभारी अशोक चौधरी कार्यकताओं को महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश देंगे। वहीं 30 नवंबर को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह कार्यकताओं से सीधे वार्ता कर उनमें जोश भरेंगे।झारखंड जेडीयू आगामी चुनाव को लेकर जोर-शोर से तैयारी में जुट गई है। पार्टी के नेताओं से लेकर कार्यकताओं तक को जिम्मेदारियां दी गई हैं। पार्टी के आला नेताओ की तरफ से दी गई जिम्मेदारियों को कार्यकर्ताओ ने कितना पूरा किया है इसको लेकर भी जानकारियां ली जाएंगी। पार्टी की प्रवक्ता रेणु गोपीनाथ पेनकर ने बताया कि जनवरी 2024 में बिहार के लोकप्रिय मुख्यमंत्री और पार्टी के सर्वमान्य नेता नीतीश कुमार का झारखंड दौरा होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनवरी माह में प्रस्तावित दौरे को लेकर भी कार्यकताओं के साथ अशोक चौधरी और ललन सिंह समीक्षा करेंगे।

वहीं जेडीयू ने झारखंड में पार्टी के विस्तार को लेकर कार्यकर्ता एवं नेताओं को कई दिशा निर्देश भी दिए हैं। नेताओं के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के आधार पर कार्यकताओं ने कितना काम किया है। इन सभी मुद्दों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह और झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी समीक्षा करेंगे। 29 और 30 नवंबर को होने वाले बैठक में सीएम नीतीश कुमार के झारखंड आने की तारीख तय की जा सकती है। बता दें कि झारखंड में जेडीयू को मजबूत करने के लिए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झारखंड जदयू प्रदेश अध्यक्ष खीरू महतो को राज्यसभा सांसद बनाया।

## शहर >> अपडेट

### हजारों दीपों से जगमग हुआ श्रीविष्णु सूर्यमंदिर का मणिचक तलाब

**मसौढ़ी :** प्राचीन विष्णु सूर्यमंदिर मणिचक तालाब तट पर देव दीपावली के मौके पर हजारों दीप जलाकर श्रद्धालुओं ने आस्था पूर्वक गंगा आरती कर देव दीपावली मनाया। जिसकी छटा अद्भुत व अलौकिक थी। कार्तिक पूर्णिमा के दिन मनाया जाने वाला देव दीपावली का पर्व पौराणिक कथाओं से जुड़ा है। मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शिव ने राक्षस त्रिपुरासुर पर विजय प्राप्त कर देवताओं को पुनः स्वर्ग वापस किया था। जिसकी खुशी में देव दीपावली मनाई जाती है।

## राजधानी इवेंट्स >>

### डाटा ऑपरेटरों के हड़ताल से अंचल कार्यालय की चरमराई व्यवस्था

**सुगौली, पू. च: अंचल:** कार्यालय में कार्यरत डाटा ऑपरेटर अपनी सेवा समायोजन को लेकर मंगलवार से दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर है। उनके हड़ताल पर चले जाने से अंचल कार्यालय के रिकार्ड रुम का उनसे संबंधित सभी काम पूरी तरह से ठप हो गया है। ऑपरेटर रंजित कुमार, पवन कुमार और चंदन कुमार ने बताया कि बिहार राज्य डाटा एंट्री कम्प्यूटर ऑपरेटर एकता संघ जिला ईकाई पूर्वी चंपारण के बैनर तले हमलोग अपनी सेवा समायोजन को लेकर सांकेतिक हड़ताल पर है। वहीं राजस्व पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी नेहा कुमारी ने बताया कि डाटा ऑपरेटरों के हड़ताल पर चले जाने के कारण उनसे संबंधित कोई काम नही हो रहा है। जिसके कारण प्रखण्ड क्षेत्र से अपने काम लेकर आने वाले लोग बैरंग वापस हो रहे हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### आरओबी को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए प्रशासन ने चलाया बुलडोजर

**बगहा :** पुर्व सुनियोजित कार्यक्रम के तहत सोमवार को मंगलपुर आरओबी के जद में आए अतिक्रमण को हटाने के लिए मजिस्ट्रेट कार्यपालक दंडाकारी वीरेंद्र कुमार, बगहा दो अंचल अधिकारी दीपक कुमार, पटखौली ओपी प्रभारी नितेश कुमार के नेतृत्व में जिले के चार थानों की पुलिस पहुंची हुई थी। जिसमें महिला बल की संख्या भी दर्जनों में थी। आरओबी के जद में पड़े अतिक्रमण को हटाने के लिए आरओबी के निर्माण में जुटी कंस्ट्रक्शन कंपनी के तरफ से दो जेसीबी चलाकर अतिक्रमण हटाया गया। अंचलाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि सोमवार को शाम 6 बजे तक अतिक्रमण हटाने का कार्य किया गया। इस दौरान उन्हीं घरों को तोड़ा गया जिनको गृह स्वामियों ने सूचना के आलोक में खाली कर दिया था। कुछ ऐसे भी घर हैं जो पूरी तरह से खाली नहीं हुए हैं। उनके मालिकों को जल्दी खाली करने के लिए कहा गया है। वह लोग भी अपना घर खाली कर रहे हैं। खाली होने के बाद उन पर भी अतिक्रमण मुक्त कराने का अभियान चलाया जाएगा।

### जायसवाल समाज ने भगवान सहस्त्रार्जुन व डॉ काशी प्रसाद की मनाई जयंती

**बगहा प.च. :** प्रखंड बगहा एक के तिवारी टोला स्थित सीताराम मंदिर के समीप सोमवार को भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन व डॉ काशी प्रसाद जायसवाल की जयंती मनाई गई।वही बगहा दो भार्गवी कम्प्लेक्स से बम्बे बाजार व मारवाड़ी धर्मशाला होते हुए कलश व शोभा यात्रा निकाला गया। साथ ही भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।जिसका संचालन पूरे जयसवाल समाज ने किया। बगहा जयसवाल समाज के लोगों ने भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की पूजा, आराधना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ और धन, वैभव, सुख-समृद्धि के लिए अपने कुल देवता की आराधना की।आगे जयसवाल समाज ने सहस्त्रबाहु के व्यक्तित्व व कृतित्व पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। लोगों ने भगवान सहस्त्रार्जुन के बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लेते हुए समाज में एकजुटता बनाये रखने की अपील की।

**आरोप** श्री राय ने मंगलवार को यहां चेतावनी भरे लहजे में कहा कि

# नीतीश के इशारे पर ही शिक्षा विभाग कर रहा हिंदुओं की छुट्टियां रद्द : नित्यानंद

- शिक्षा विभाग तुष्टिकरण की राजनीति पर उतर आई है, जो उसे भारी पड़ेगी
- बिहार को इस्लामीकरण की ओर ले जाने की साजिश है:नित्यानंद

**राष्ट्रीय खबर**





**पटना :** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष नित्यानंद राय ने आज आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर ही शिक्षा विभाग हिंदुओं की कई छुट्टियां रद्द कर तुष्टिकरण की राजनीति पर उतर आई है, जो उसे भारी पड़ेगी। श्री राय ने मंगलवार को यहां चेतावनी भरे लहजे में कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार हिंदुओं की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश न करें । मुख्यमंत्री बिहार में हिंदुओं के धैर्य का इम्तिहान लेने की कोशिश न करें, नहीं तो आने वाले समय में उन्हें महंगा पड़ेगा। उन्होंने कहा कि बिहार की नीतीश सरकार तुष्टिकरण की सरदार बन गई है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा जिस तरह से हिंदुओं के पर्व त्योहार के मौके पर राज्य सरकार के द्वारा छुट्टियां रद्द की जा रही है और मुस्लिम त्योहार पर छुट्टी घोषित की जा रही है, यह एक तरह से बिहार को इस्लामीकरण की ओर ले जाने की साजिश है। इस साजिश के सूत्रधार श्री कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता इसको कतई स्वीकार नहीं करेगी। श्री राय ने कहा कि मुसलमानों के लिए तुष्टिकरण की नीति अपनाना बिहार सरकार की सोची समझी साजिश का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री कुमार की अंग्रेजों की तरह बांटो और राज करो की नीति नहीं चलेगी। बिहार के लोग समझदार हैं और उनकी इस साजिश को समझ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुओं पर जो चोट किया जा रहा हैं इसका करारा जवाब देने का काम बिहार के हिंदू समय आने पर करेंगे। उपाध्याय

समस्या : पार्किंग स्थल नहीं होने से जहां-तहां वाहन लगाना है जाम का कारण

# सक्षम पदाधिकारी मौन शहरवासी परेशान



**डॉ शशि कांत सुमन**

**मुंगेर सिटी :** नगर निगम के द्वारा अब तक शहर में पार्किंग की सुविधा बनाए जाने से लोग अन्यत्र वाहन लगाने को विवश है। जहां-तहां वाहन पार्किंग किए जाने से शहर में अक्सरहां जाम लगती रहती है। जिससे आम लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है

नगर निगम की उदासीनता कहे या हठधर्मिता शहर में वाहन पार्किंग के लिए कई बार नगर निगम के द्वारा प्रस्ताव पारित किए जाने के बावजूद भी मुंगेर शहर में अब तक पार्किंग का निर्माण नहीं कराया गया है। नगर निगम की विगत बैठक में मुंगेर शहर में चार जगहों पर पार्किंग बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस प्रस्ताव के तहत मुंगेर शहर के डीजे कॉलेज के सड़क किनारे, टाउन हॉल के नजदीक, अस्पताल रोड के किनारे तथा टाउन स्कूल के समीप सड़क किनारे सड़क का निर्माण होना था। लेकिन नगर निगम के अधिकारियों की उदासीनता के कारण यह फाइल कागजों पर ही अब तक दौड़ रही है। जबकि प्रस्ताव पारित हुए दो साल हो गए है। वर्तमानके नगर निगम बोर्ड ने प्राइवेट बस स्टैंड को वाहन पार्किंग स्थल को उपयुक्त बताते हुए एक बार फिर प्रस्ताव पारित किया गया है। लेकिन यह मामला भी नगर निगम के अधिकारी कुंडली मारकर बैठे हुए है। वाहन पार्किंग स्थल का निर्माण नहीं होने से वाहन चालक जहां तहां वाहन खड़ा करने को विवश है। जिसके कारण जहां शहर में जाम लगती है वहीं वाहन मालिकों को वाहन चोरी का भय सताता रहता है। शहरवासियों ने नगर निगम के आयुक्त एवं मेयर से शहर अविलंब पार्किंग स्थल बनाए जाने की मांग की है।

## अव्यवस्था : दो माह से पानी के लिए रहे तरस महादलित परिवार, महकमा बेखबर



**राष्ट्रीय खबर**

**धरहरा/ मुंगेर:** एक तरफ जहां सरकार लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने के लिए प्रयासरत हैं तो वहीं दूसरी ओर पीएचईडी विभाग के पदाधिकारी की उदासीनता के कारण जगदीशपुर महादलित टोला के लोग दो माह से पानी के लिए तरस रहे हैं। मामला धरहरा प्रखंड मुख्यालय से सटे धरहरा महरना पंचायत के जगदीशपुर महादलित टोला का है, जहां पीएचईडी विभाग द्वारा लगाया गया जीपीटी चापाकल दो महीनों से खराब रहने के कारण महादलित टोला के करीब एक दर्जन परिवार पेयजल सहित अपने दैनिक कार्यों के लिए पानी के लिए तरस रहे हैं। किंतु पीएचईडी विभाग के पदाधिकारी अपने कान में तेल डालें बैठे हुए हैं। महादलित परिवार के रामधनी मांझी ,मिथिलेश मांझी,रतन मांझी, पवन मांझी ,कुशमी देवी, पिंकी देवी, चांदनी देवी, बोतल मांझी का कहना है कि संबंधित चापाकल खराब रहने की समस्या की जानकारी पीएचईडी विभाग के कार्यपालक अभियंता, कनीय अभियंता विपिन कुमार को कई बार दिया गया है किंतु आश्वासन के बजाय काम को दुरुस्त नहीं करवाया गया है जिस कारण एक ग्लास पानी पीने के लिए भी घर से करीब 60 से 70 मीटर दूर स्थित लोगों के घर से पानी लाकर अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है ।इस संबंध में पीएचईडी विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं कनीय अभियंता विपिन कुमार ने कहा कि अविलंब महादलित टोला में खराब पड़ा चापाकल को दुरुस्त करवाया जाएगा।

## केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों से आमजन बेहाल : यादव



**राष्ट्रीय खबर**

**मझौलिया :** प्रखंड मुख्यालय परिसर में केन्द्र सरकार की जातीय जनगणना, कमरतोड़ महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी एवं नई शिक्षा नीति के विरोध में युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष विनय कुमार यादव के अध्यक्षता में संविधान दिवस पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि पार्टी की नीति व नए कार्यक्रमों की जानकारी युवा राजद कार्यकताओं को दी गई है। इस कार्यक्रम में बेरोजगारी, महंगाई, नई शिक्षा नीति के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया। केंद्र सरकार की गलत नीतियों से आमजनों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर अमीन अहमद, प्रधान महासचिव इमरान अहमद, प्रधान सचिव तौफीक खान, रणधीर यादव, नासिर आलम, सैफ अली खान,रामबाबू यादव, इमरान मजहिरी सहित अन्य राजद कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्रवाई : नल-जल की राशि गबन मामले में 10 वार्ड सदस्य व सचिव पर गिरेगी गाज

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा/पिपरासी : :** थाना क्षेत्र के मंझरिया पंचायत स्थित 10 वार्ड सदस्य व वार्ड सचिव पर नल जल योजना में राशि डकार ने के मामले में फरार चल रहे आरोपियों के घरों पर पुलिस ने रविवार की शाम इस्तेहार चस्पा दिया है। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि दो सितंबर को 12 लोगों पर पंचायत सचिव के द्वारा प्राथमिक दर्ज कराई गई थी। जिसमें जगन्नाथ राम तथा राजबली को पुलिस ने गिरफ्तार न्यायिक हिरासत भेज दिया था।

बाकी 10 लोग उक्त कांड संख्या 70/22 में करीब एक वर्ष से फरार चल रहे हैं। वार्ड सदस्य पूनम देवी पति ब्यास पांडेय, वार्ड सचिव प्रहलाद ठाकुर ,वार्ड सदस्य शिव शंकर मल्लाह, वार्ड सचिव भारत बिन, वार्ड सचिव आत्मा राम, वार्ड सदस्य कौशल्या देवी ,वार्ड सचिव सोनू कुमार कुशवाहा, वार्ड सचिव रमन सिंह, वार्ड सदस्य रामप्रवेश कुशवाहा, वार्ड सचिव सुनील कुशवाहा के घर पर थानाध्यक्ष के द्वारा इश्तिहार चस्पा दिया गया है। स्थानीय लोगों को थानाध्यक्ष ने अपील किया है कि अगर यह लोग अपने घर पर या कहीं आसपास नजर आते हैं तो इसकी सूचना पुलिस को दें। ज्ञात हो कि बीडीओ कुमुद कुमार के द्वारा मंझरिया पंचायत में नल-जल योजना का जांच किया गया था। इस दौरान यह खुलासा हुआ कि राशि निकासी कर यह लोग डकार गए हैं। पुलिस के द्वारा इश्तिहार चस्पाने से हड़कंप मचा हुआ है।

**उपलब्धि** पदाधिकारी बन कर पूजा ने बढ़ाया सीतामढ़ी का मान, मिल रही बधाइयां

## बि. लाइब्रेरियन एसोसिएशन अध्यक्ष परवेज आलम सहित अन्य ने दी बधाई

जिले से जब भी कोई बेटी अच्छा करती है उसका सम्मान भी सम्पूर्ण जिलेवासी करते है

**मुकुन्द कुमार**



**सीतामढ़ी :** पूजा सिंह ने 67वीं बीपीएससी परीक्षा उत्तीर्ण कर सीतामढ़ी से अफसर बिटिया बनने की तमन्ना अब पूरा करने वाली है। इस सफलता से जिले का भी मान और बढ़ा है। सीतामढ़ी को जगत जननी मां सीता की जन स्थली के रूप के जाना जाता है। ऐसे में इस जिले से जब भी कोई बेटी अच्छा करती है उसका सम्मान भी सम्पूर्ण जिलेवासी करते है, जब भी किसी बेटी के साथ जुल्म होता है तब सम्पूर्ण जिले के साथ जुल्म होने जैसा आभास होता है, यही कारण है कि पूजा की सफलता से जिले के लोग काफी खुश हैं। अब पूजा, बिहार के किसी भी अनुमंडल में अनुमंडल पिछड़ा एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी के रूप में काम कर सकेगी। पूजा सिंह, सनोज कुमार की सुपुत्री है व मनोज सर्जिकल की भतीजी हैं। वहीं अध्यक्ष परवेज आलम ने सीतामढ़ी में उनके आवास पर उनसे मुलाकात कर बुके और शॉल भेट कर बधाई दिया और कहा की-हम सभी सीतामढ़ी वासियों को आप पर गर्व है, युहीं आगे बढ़ते रहे। मौके पर संतोष कुमार, मो. अलिशेर व अन्य मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी युनियन का एक दिवसीय धरना संपन्न



**नरकटियागंज, प.च. :** बिहार राज्य आंगनबाड़ी कर्मचारी युनियन (एटक) का अनुमंडल कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय धरना मंगलवार को सम्पन्न हुआ। जहां हड़तालरत सेविका-सहायिका के चयन रद्द पर रोक लगाने, चयन रद्द का आदेश वापस लेने, हड़ताल तोड़ने के लिए सेविका सहायिका को मानसिक रुप से प्रताड़ित करने के साथ उनसे वार्ता कर हडताल समाप्त करने की मांग की गई। उल्लेखनीय है कि विगत 29 सितम्बर से बिहार की लाखों सेविका-सहायिका अनिश्चित कालीन हडताल पर है, लेकिन सरकार की हठधर्मिता के कारण हडताल लंबी होती जा रही है। राज्य विद्यालय रसोईया संघ के जिला नेता शंभुनाथ मिश्र ज्ञानी, आंल इण्डिया यूथ फेडरेशन के जिला अध्यक्ष तारिक, एटक के जिला प्रभारी ओम प्रकाश क्रांति, नेता स्नेहलता, सुधा देवी, हसीना खातून, सरिता देवी, तब्बसुम आरा, प्रमिला, राजश्री देवी ने संबोधित किया। धरना उपरान्त मांग पत्र अनुमंडल पदाधिकारी को सौपा गया, उक्त जानकारी संचालनकर्ता अजय वर्मा ने दी।

### दंगल में पहलवानों ने दिखाया दम-खम, खूब हुई वाहवाही



**सुगौली, पू. च:** प्रखंड के पजिअरवा पंचायत स्थित पंचभिड़वा गांव में कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गांव के नहर चौक के समीप स्थित बजरंगबली स्थान पर आयोजित दंगल प्रतियोगिता में 20 जोड़ी नामी- गिरामी पहलवानों ने अपने दम-खम तथा दाव-पेंच के जौहर दिखाए। इसमें भोलू पहलवान, सूरज पहलवान,जेपी पहलवान,कालू पहलवान, आफताब पहलवान,भोला पहलवान,संदीप, शक्ति,भरत,चंपारण केसरी आदि के बीच मुकाबला हुआ। ग्रामीणों के सहयोग से आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता के अवसर पर फत्ते बहादुर मास्टर साहब, डॉ. संजीव सिंह, अभिमन्यु, परदेसी, रंजीत, पप्पू यादव, भाग्य नारायण, बिट्टू सिंह, पिंकू सिंह, मुखिया अशोक कुमार, प्रिंस सिंह सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### संविधान दिवस पर युवा राजद ने लौरिया में किया ग्राम चौपाल का आयोजन



**लौरिया, प.च. :** नगर पंचायत लौरिया अवस्थित प्रखंड प्रमुख सह राजद नेता शंभु तिवारी के आवास पर युवा राजद के तत्वाधान में चौपाल का आयोजन युवा राजद के प्रखंड अध्यक्ष उमेश कुमार यादव के अध्यक्षता में हुई।कार्यक्रम में युवा राजद के जिला अध्यक्ष संजय यादव महासचिव रवि सराफ नीरज यादव एवं प्रभु यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राजद नेता शंभु तिवारी ने केंद्र सरकार के जनविरोधी नीति कमरतोड़ महंगाई एवं बेरोजगारी सहित मजदूर किसान विरोधी नीति पर विस्तार से प्रकाश डाला। खान, मोहन चौधरी, योगेन्द्र यादव, रामयश यादव सहित अन्य उपस्थित रहे। वहीं युवा राजद के जिला अध्यक्ष संजय यादव ने केंद्र द्वारा सभी राज्यों में जाति आधारित जनगणना नहीं कराने एवं रसोई गैस सिलेंडर की महंगाई के विरोध में प्रकाश डाला।वहीं राजद नेता नीलम देवी ने संविधान दिवस क्यों मनाया जाता है इस पर भी विस्तार से प्रकाश डाला,समाज में वैमनस्यता तथा जहर घोलने वाले सांप्रदायिक ताकतों से सावधान रहने की बात कही वहीं कार्यक्रम में राजद के मुंशी ठाकुर ने सामाजिक न्याय संविधान द्वारा ही गरीब एवं समाज के अंतिम पायदान पर जीने वाले को संविधान के ताकत से ही मुख्य धारा में शामिल किए जाने सहित हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की बात कही। मौके पर प्रभारी रामाशीष यादव, प्रधान महासचिव हामिद राजा, राजु यादव, रामसागर राम, नीतेश यादव, रामपृत यादव, अमरेश यादव, छठु यादव, इरफान

### सिकरहना नदी में हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था व श्रद्धा की डुबकी



**सुगौली, पू.च :** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रखंड के सिकरहना नदी में हजारों श्रद्धालुओं ने श्रद्धा की डुबकी लगाई।रविवार की रात्रि से ही श्रद्धालु नदी किनारे पहुंच गए थे। नदी के किनारे स्थानीय प्रशासन के द्वारा बरकेटिंग की गई थी। चार जगह सीसीटीवी कैमरा लगाकर नजर रखी जा रही थी। सोमवार की सुबह से ही लोग नदी में स्नान ध्यान करने लगे।भक्ति भाव से लोगो ने पूजा की। स्नान करने के बाद दान प्रदान लोगो ने किया। दूर दराज से आने वाले लोगो को रहने के लिए ठहरने की व्यवस्था की गई थी। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा मेडिकल कैम्प लगाया गया था। सुरक्षा की दृष्टिकोण से नाव व गोताखोर नदी किनारे मौजूद रहे। ताकि किसी तरह की कोई दिक्कत नही हो। नदी के किनारे पुलिस के जवान मौजूद थे। इस अवसर पर सिकरहना नदी के किनारे भव्य मेला लगा हुआ था। खासकर छोटे बच्चों ने मेला का भरपूर आनंद लिया। नदी के किनारे स्थित मंदिर को खूब सजाया गया था। स्थानीय जनप्रतिनिधि व समाजसेवी लोगो के मदद में जुटे हुए थे। बीडीओ तेजप्रताप त्यागी, थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह, राजस्व पदाधिकारी सह प्रभारी अंचलाधिकारी नेहा कुमारी, पुलिस निरीक्षक जयप्रकाश सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ शुभम कुमार सहित अन्य अधिकारी जायजा लेते रहे।

## शहर >> अपडेट

### 8 बोरा पॉलिथिन बैग बरामद, 40 हजार रुपए दण्ड राशि की वसूली

**नरकटियागंज** : नगर के पुरानी बाजार में पॉलिथीन बैग के कारोबारी की दुकान में कार्यपालक पदाधिकारी आमिर सोहैल ने मंगलवार को छापामारी किया। उन्होंने बताया कि इस क्रम में लगभग 7-8 बोरा पॉलिथीन बैग बरामद किया गया। श्री सुहैल ने बताया कि पॉलिथीन बैग कारोबारी से दण्ड स्वरुप 20 हजार रुपए वसूले गए। कार्यपालक पदाधिकारी आमिर सुहैल ने बताया कि सड़क का व्यवसायिक उपयोग कर आवागमन प्रभावित करने के आरोप में एक बालू-गिट्टी (स्टोन चिप्स) व्यवसाई से दण्ड स्वरुप 20 हजार रुपए वसूले गए। इस प्रकार नगर परिषद नरकटियागंज ने दण्ड स्वरुप 40 हजार रुपए वसूल किया। नगर परिषद की कार्रवाई से पॉलिथीन बैग कारोबारियों और सड़क का बिना अनुमति व्यवसायिक उपयोग करने वाले व्यवसायियों में अफरा तफरी की स्थिति है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### एसडीएम ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**मसौढ़ी** : मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल पदाधिकारी प्रीति कुमारी ने कोचिंग संस्थानों में जाकर बच्चों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने एवं जुड़वाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। नए एवं युवा मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने एवं नए लोगों को जोड़ने के लिए युद्ध स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है साथ ही क्षेत्र के अलग अलग स्कूलो मे आयोजन किया गया।

### छापामारी के क्रम में शराब के साथ एक गिरफ्तार

**नरकटियागंज** : शिकारपुर पुलिस ने मधुबनी गांव में छापामारी कर लगभग 65 लीटर शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्ति मधुबनी गांव निवासी अवधेश पटेल बताया गया है। थानाध्यक्ष रामाश्रय यादव ने बताया कि सूचना मिली कि शराब की बड़ी खेप मधुबनी गांव निवासी अवधेश के घर मे रखी गयी है। सूचना पर पुलिस की टीम गठित कर छापा मार कर मधुबनी गांव से 65 लीटर शराब को जब्त किया और पुलिस ने अवधेश पटेल को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि अवधेश पटेल के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम अंतर्गत एफआईआर दर्ज कर, न्यायालय को सौंप दिया गया।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### चोरों ने किया लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**बगहा** : नगर थाना के काली स्थान मोहल्ले निवासी दिवाकर कुमार के घर में रविवार रात में अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसमें आभूषण सहित कपड़ा आदि की चोरी हुई है। चोरी के बाद सुबह घर वाले जब जगे तो सामान इधर उधर बिखरा देख कर नगरथाना पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले की जांच की। पीडित श्री कुमार ने इस संबंध में नगरथाना को एक आवेदन दिया है। आवेदन के आलोक में मामले की पुलिस जांच कर रही है। बतादें कि पूर्व में भी नगर सहित परसा आदि में चोरी की घटना घटित हुई थी। अब तक इसका उदभेदन होना शेष है।

### बीडीओ की अनुशंसा पर बीईओ ने प्रधान शिक्षिका से मांगा स्पष्टीकरण

**बगहा/पिपरासी** : प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय पासवान टोला बंद कर गायब होना प्रधान शिक्षिका को महंगा पड़ सकता है। बीडीओ के अनुशंसा पर बीइओ ने प्रधान शिक्षिका से स्पष्टीकरण की मांग किया है। बीइओ उमेश कुमार ने बताया कि 26 नवंबर को निर्वाचन से संबंधित महत्वपूर्ण कार्य में सभी विद्यालय खोलने का आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा दी गई थी। और प्राथमिक विद्यालय पासवान टोला के प्रधान शिक्षिका के द्वारा भारी लापरवाही कार्य को लेकर विद्यालय बंद कर दिया।

---

**सराहनीय** पुलिस की 112 नंबर की गाड़ी से जनता को मिल रही राहत

# सोशल मीडिया की पहल से भटके बालक को पुलिस ने माता-पिता से मिलाया



▶▶ जमालपुर पुलिस की कार्य कुशलता का हो रहा प्रसंशा

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर** : आदर्श थाना जमालपुर क्षेत्र के फुल्का नहर समीप रोते हुए भटके एक तीन साल के बच्चे को पुलिस ने बरामद कर माता-पिता को बुलाकर सुपुर्द कर दिया। माता-पिता से बिछड़े बालक के बारे में थानाध्यक्ष सर्वजीत कुमार ने बताया कि सोमवार दोपहर को पुलिस को यह सूचना मिली कि एक ढाई तीन साल का बालक अपने घर से भटक कर रो रहा है। पुलिस ने उक्त बालक को बरामद कर थाना लाई और भटके बच्चे उनके माता-पिता का पता लगाने को लेकर सोशल मीडिया पर बच्चों के फोटो को डाला गया। सोशल मीडिया पर फोटो डालने के बाद सामाजिक लोगों के पहाल पर बच्चों का नाम एवं माता-पिता का पता चला। थानाध्यक्ष ने यह भी बताया कि भटके बच्चे की पहचान आदित्य कुमार पिता आलोक कुमार यादव बड़ी गोविंदपुर के रूप में हुआ। माता-पिता को थाना बुलाकर बच्चों को सुपुर्द कर दिया गया। अपने भटके बच्चों को सामने देख कर माता-पिता भावुक होकर रोने लगे और जमालपुर पुलिस के इस सकारात्मक पहल के लिए धन्यवाद दिया।

### सराहनीय : गंगा में बहते पांच बच्चों का गोताखोरों की टीम ने बचाई जान

**मुंगेर** : गंगा में बहते पांच बच्चों को स्थानीय गोताखोर की टीम ने बचाया। सभी बच्चे कासिम बाजार थाना क्षेत्र के लल्लू पोखर कंकरघाट साहनी टोला के रहने वाले थे। स्थानीय गोताखोर जितेंद्र साहनी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा को लेकर हम लोगों की ड्यूटी सोझी घाट पर थी।ड्यूटी के दौरान ही दोपहर लगभग 1:00 बजे लोग चिल्लाने लगे की पांच बच्चे गंगा में बह रहे हैं। हम लोगों की नजर पड़ी तो पांच बच्चे थमोकील के सहारे गंगा बह रहे है। तुरंत हाई-स्पीड बोट के साथ अपने सहयोगी रंभज्जू सिंह, एवं अन्य के साथ मैं तेजी से बीच गंगा की धार पर पहुंचे। जहां से उनका सकुशल रेस्क्यू किया गया। विलंब होती तो उन्हें बचा पाना असंभव था। बच्चों में 11 वर्षीय छोटू, आयुष, विक्रम, शिवम व शुभम शामिल थे।

---

तीन दिसंबर तक दंपत्ति संपर्क अभियान संचालित

# पुरुष नसबंदी जागरूकता रथ को सीएस ने किया रवाना



राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर** : सिविल सर्जन एवं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी मुंगेर के द्वारा सदर अस्पताल मुंगेर के प्रांगण से दिनांक 27 नवम्बर से 16 दिसंबर तक निर्धारित पुरुष नसबंदी पखवाड़ा अंतर्गत परिवार नियोजन की जागरूकता फैलाने हेतु सारथी रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ज्ञात हो कि दिनांक 27 नवम्बर से 3 दिसंबर तक दंपत्ति संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसके अंतर्गत यह सारथी रथ जिले के प्रत्येक पंचायतों में एवं शहरी क्षेत्रों के विभिन्न वार्डों में घूम घूम कर प्रचार प्रसार करेगा एवं परिवार नियोजन कार्यक्रम एवं इसके महत्व के बारे में समुदाय को जागरूक किया जाएगा। दंपत्ति संपर्क अभियान के दौरान आशाओं के द्वारा भी घर घर घूम कर परिवार नियोजन के प्रति समुदाय को जागरूक किया जाएगा एवं बन्ध्याकरण हेतु इच्छुक लाभार्थी को पंजीकृत किया जाएगा।

दिनांक 4 दिसंबर से 16 दिसंबर तक परिवार नियोजन सेवा सप्ताह मनाया जाएगा, जिसके तहत पंजीकृत लाभार्थियों का पुरुष नसबन्दी एवं बन्ध्याकरण किया जाएगा एवं सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में परिवार नियोजन मेला लगाया जाएगा एवं अन्य परिवार नियोजन की सुविधाएं प्रदान की जाएगा। उक्त कार्यक्रम के दौरान मो फैजान अशरफी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, संजीव कुमार, जिला लेखा प्रबंधक, निखिल राज, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, डॉ बिंदु, जिला समन्वयक, संदीप कुमार, जिला शहरी स्वास्थ्य सलाहकार, कौशल कुमार, पीएसआई इंडिया, योगेश कुमार, परिवार नियोजन परामर्शी एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# पूसा से 25 वैज्ञानिकों की टीम रिसर्च के लिए वाल्मीकिनगर पहुंची



राष्ट्रीय खबर

**बगहा /वाल्मीकिनगर** : थाना क्षेत्र के मृदा जांच सहित पर्यावरण पर रिसर्च हेतु पूसा कृषि विज्ञान केंद्र की टीम रविवार को वाल्मीकिनगर पहुंची। पूसा कृषि विज्ञान केन्द्र भारत सरकार की टीम डॉ. दिप्ती सिंह ,मौसम वैज्ञानिक डॉ. आर बी. शर्मा एवं डॉ. विनय सिंह स्थानीय कृषि वैज्ञानिक के साथ मिलकर वाल्मीकि टाइगर रिजर्व के क्लाइमेट जोन में मृदा एवं पर्यावरण पर रिसर्च हेतु 27 वैज्ञानिक की टीम द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में धूमकर रिसर्च किया गया। इस रिसर्च से प्राकृतिक आपदा से कैसे बचा जा सकता है, मिट्टी में हो रहे खाद के उपयोग से मृदा प्रदूषण, जंगलो में विभिन्न माध्यमों से पर्यावरण पर जो आघात किया जा रहा है, उस पर भी रोक लगाने हेतु उचित कदम उठाने की सलाह दी गई। साथ ही साथ जंगली क्षेत्रों में पर्यावरण सुरक्षा हेतु, और जानवरों की सुरक्षा के साथ वायुमंडल का अनुकुल प्रभाव हेतु संरक्षण की आवश्यकता है। इस अवसर पर वन विभाग एवं स्थानीय प्रसासन का सहयोग अपेक्षित रहा।

कृषि वैज्ञानिक डा. विनय सिंह ने बताया कि मिट्टी में उर्वरक का संतुलित उपयोग से मृदा प्रदूषण को रोका जा सकता है। साथ ही कीटनाशी दवाओं का उपयोग सूक्ष्मता से आवश्यकता अनुसार ही कृषक करें, कृषि अवशेष को जलाने के बजाय उसे कम्पोस्ट बनाकर खेतों में उपयोग करें, पर्यावरण के साथ इको फ्रेंडली रहने का सलाह दिया गया।

# गाद बहुवरी त्रिभुवान घाट पर हुवा बिशाल दंगल का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पलनवा** : कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर परसौना तपसी पंचायत के गादबहुवरी त्रिभुवान घाट पर विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस आयोजन में यूपी-बिहार व नेपाल के दर्जनों पहलवानों ने कुश्ती का दाव पेच आजमाया। दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि महागठबंधन के पूर्व प्रत्यासी सह राजद के बरिष्ठ नेता रामबाबु यादव, जिला परिषद पति मंजू साह, जिला परिषद पति महम्मद कमरुद्दीन मंसूरी, राजद नेता रवि मस्करा,मुखिया पति शेख गुड्डु,मुखिया पति बृजकिशोर यादव,राजद प्रखंड अध्यक्ष सौरजन यादव आदि लोगो ने दंगल का शुभारंभ संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान तरु पहलवान (कुशीनगर) प्रद्युम्न पहलवान (यूपी जौनपुर)बिनोद पहलवान (यूपी) भोला पहलवान (नेपाल) लाल बाबू पहलवान (गाद बहुवरी) बृज नारायण पहलवान (परसौना तपसी) किशन पहलवान (सहोदरा) बिपिन पहलवान (यूपी)अमर पहलवान (मिर्जा पुर) मोहन पहलवान (जौनपुर) सहदुल राजा पहलवान आदि सहित करीब तीन दर्जन से अधिक पहलवानों ने कुश्ती का दावा पेच आजमाया । इस अवसर पर शेख बेचू, रॉबिन यादव, शेख नुरमाम, हबीब अंसारी, मेहदी गद्दी, हैबर गद्दी, सुनील यादव, सर्वदेव यादव, आदि सहित भारी संख्या में दंगल प्रेमी मौजूद थे।

## मेला में अवैध वसूली के विरुद्ध विधायक ने की डीएम से कार्रवाई की मांग

राष्ट्रीय खबर

**बेतिया, पच** : जिला के नौतन प्रखण्ड स्थित गंडक के किनारे पखनाहा में कार्तिक पूर्णिमा के मेला में अवैध वसूली से श्रद्धालु परेशान रहे। श्रद्धालुओं के घाव पर मरहम लगाते हुए नौतन विधायक नारायण प्रसाद ने अवैध वसूली को गलत बताया।

बैरिया प्रखंड क्षेत्र के पिपरा गंडक नदी घाट व पखनाहा बाजार में अवैध वसूली का धंधा फल फूल रहा है। जहां अवैध रूप से श्रद्धालु हलकान रहे, टेंपो चालक व समिति श्रद्धालु भक्तों में आक्रोश देखा गया। हालाकि अभी तक किसी विभाग से वसूली करने का आदेश कहां से निर्गत हुआ। इसकी अभी तक पुष्टि नहीं है। इस सम्बंध में पूर्व पर्यटन मंत्री सह नौतन विधानसभा से विधायक नारायण प्रसाद ने बताया कि वसूली करना गलत है। उन्होंने बताया कि गंडक नदी के किनारे पखनाहा बाजार के सामने वहां से लोग पहुंचते हैं। सूचना मिली है कि वहां पर घाट नहीं बनाया गया है, तो इसकी सूचना उन्होंने एसडीओ व अन्य पदाधिकारियों समेत सीओ से बात कर घाट निर्माण करने के बात कही गई। विधायक ने बताया कि अगर प्रशासन के द्वारा रुपए नहीं मिलता है तो वे अपने निजी कोष से इस घाटों के निर्माण में खर्च हुए रुपए को दे दूंगा।

---

**आस्था** कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

# विवाहोपरांत मर्यादा पुरुषोत्तम में माता जानकी संग किया था स्नान



राष्ट्रीय खबर

**बगहा/मधुबनी** : यूपी बिहार सीमा स्थित पौराणिक कथाओं पर आधारित ऐतिहासिक बांसी नदी घाट व इंडो नेपाल के सीमा वाल्मीकीनगर में स्थित गंडक नदी के तट पर कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को सुबह लोक आस्था के साथ लाखों श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। रविवार की देर शाम से ही नहान के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटने लगी थी। बांसी नदी घाट को यूपी प्रशासन के द्वारा काफी बेहतरीन तरीके से सजाया-संवारा गया है। जबकि इस मामले में बिहार इस वर्ष थोड़ा पिछड़ा नजर आया। पड़रौना सदर विधायक मनीष जायसवाल के तरफ से बांसी नदी घाट को देखने लायक साफ सुथरा कराया गया था। परंतु बिहार के जनप्रतिनिधियों की इसकी कमी देखी गई। जिसमें स्नान करने पहुंचे नेपाल, यूपी बिहार के दर्जनों संत व श्रद्धालुओं ने बिहार सीमा के नदी घाट की सफाई नहीं होने से नाराजगी देखी गई।

श्रद्धालुओं ने कहा कि काश योगी की सरकार बिहार में होती तो पूर्ण रूप से भगवान श्रीराम माता सीता की स्नान घाट का कायाकल्प हो जाता। वही नदी घाट की सफाई तथा ठंड की रात में ठहराव की व्यवस्था नहीं होना कहीं न कहीं इस बार की मेले की रौनक बिहार की सीमा के अंदर देखने को कम मिली। साथ ही श्रद्धालुओं की जत्था पहले की तरह कम होने लगी है। यूपी के पडरौना सदर विधायक मनीष जायसवाल उर्फ मंटू ने कहा कि श्रीराम माता सीता इसी नदी घाट पर विवाहोपरांत स्नान किया था। जिसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी विधानसभा में बांसी नदी घाट को पर्यटन स्थल घोषित कर श्रद्धालुओं की गरिमा बढ़ाया है। साथ ही नदी तट पर गंगा आरती भजन संकीर्तन का आयोजित की गई है। वही विशाल भंडारे का प्रवन्ध किया गया है।

---

## न्यूज फटाफट

### गीता जयंती समारोह को लेकर राज्यपाल से मिला शिष्टमंडल



**संझौली (रोहतास)** : श्रीमद्भगवद्गीता आपके द्वार अभियान के तत्वाधान में पटना के जगजीवन राम संसदीय व अध्ययन राजनीतिक शोध संस्थान में आगामी 23 दिसम्बर को मोक्षदा एकादशी के दिन गीता जयंती समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें शामिल होने के लिए अभियान के पदाधिकारियों का एक शिष्टमंडल बिहार के महामहिम राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से मिला और कार्यक्रम का उद्घाटन करने का आग्रह किया। श्रीमद्भगवद्गीता आपके द्वार अभियान के संस्थापक, बिहार भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता तथा पटना हाई कोर्ट के अधिवक्ता संजीव कुमार मिश्र उर्फ गीता वाले बाबा ने महामहिम राज्यपाल को घर-घर गीता जन-जन गीता अभियान की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने राज्यपाल को बताया कि समाज के सभी जाति वर्ग के लोगों के बीच इस अभियान के तहत विगत 3 वर्षो में ढाई लाख से ऊपर श्रीमद्भगवद्गीता विहार समेत सम्पूर्ण भारत में नि:शुल्क सप्रेम भेंट किया जा चुका है और गाँव-गाँव गीता जी पहुँचाने का अभियान निरंतर जारी है। इसके बाद राज्यपाल से मिलने पहुंचे शिष्टमंडल ने 23 दिसम्बर को आयोजित गीता जयंती समारोह का महामहिम राज्यपाल के कर कमलों से उद्घाटन करने का आग्रह किया। मौके पर अभियान के संस्थापक संजीव कुमार मिश्र, युवा प्रमुख सरदार हरजीत सिंह, महिला प्रमुख आरती पाण्डेय, मीडिया प्रमुख विपिन तथा अनुसूचित जाति प्रमुख अजीत कुमार राम शामिल थे। शिष्टमंडल ने बताया कि महामहिम राज्यपाल ने 23 दिसम्बर को आयोजित गीता जयंती समारोह में भाग लेने के लिए अपने स्तर से हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिलाया।

### मानव सेवा को सर्वश्रेष्ठ कर्म मानते थें नानक साहिब - प्रकाश आनंद



**बिक्रमगंज (रोहतास)**: स्थानीय शहर के डुमरांव रोड स्थित संत एसएन ग्लोबल स्कूल में सोमवर को धूमधाम से मनाया गया गुरुनानक जयंती। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं व शिक्षक-कर्मियों ने गुरुनानक साहिब के तैलचित्र पर माल्यार्पण-पुष्पांजलि अर्पित कर पूजा अर्चना की। वही छात्र-छात्राओं ने सिर पर पगड़ी बांधे पंजाबी भाषा में गुरुवंदना किया। जबकि विद्यालय की प्राचार्या सुखविंदर कौर ने गुरुग्रन्थ साहब के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरुनानक साहिब ने समानता का रास्ता बनाते हुए मानव सेवा को सर्वश्रेष्ठ कर्म बताया था। जिनके उपदेश आज भी श्री गुरुग्रंथ साहिब में अंकित हैं। जो काफी सरल भाषा में उल्लेखित है। नानक साहिब की वाणी में निर्मल और शीतल विचारों व भावों का प्रवाह झलकता है। अवसर पर गुरुग्रन्थ साहब से गुरुनानक देवजी की वाणियों का सस्वर पाठ भी किया। जबकि गुरुनानक देवजी के जीवन-यात्रा को कक्षा सात एवं आठ के छात्र-छात्राओं ने इंटरेक्टिव पैनल के बड़े स्क्रीन के पावर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। जहां जूनियर छात्र-छात्राओं ने आकर्षक पेंटिंग्स और पोस्टर बना प्रस्तुत किया। जबकि विद्यालय निदेशक प्रकाश आनन्द ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए गुरुनानक देवजी के उपदेशों से छात्र-छात्राओं को परिचित कराते हुए बताया कि गुरुनानक ने कहा था कि जो व्यक्ति अपने धन को किसी और के भलाई में साझा नहीं करता, वह धन शव के समान है। जो पिता की निगाह में जात-पात व भेदभाव को पैदा नहीं करता है।

### यातायात नियमों का पालन नहीं करने पर होगी कार्रवाई : एसपी



**सासाराम (रोहतास)** : एसपी विनीत कुमार यातायात नियम पालन और सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक्शन मुड़ में दिखें। उन्होंने इसको लेकर जिला के सभी स्थानीय पुलिस को सख्त दिशा निर्देश भी जारी कर दिया है। इसमें व्यापक तौर पर कमी लाने हेतु पुलिस अधीक्षक ने जिले में सभी जगह निरंतर वाहन जांच करने का निर्देश दे दिया है। जिनके दिशा-निर्देश का पालन करते हुए 26 नवंबर को विभिन्न थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग अभियान चला रोहतास पुलिस ने यातायात नियमों के विभिन्न धाराओं के तहत कुल 549000 रुपये की शमन राशि अधिरोपित की गई है। इसको लेकर रोहतास एसपी विनीत कुमार जिलावासियों से अपील करते हुए बताया कि जीवन है अनमोल-इसकी रक्षा करें स्वयं के तहत सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन तत्परता से आप अवश्य करें।

### सघन मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण का शुभारंभ



**काराकाट (रोहतास)** : सघन मिशन इंद्रधनुष टीकाकरण का हुआ शुभारंभ। जिसका उद्घाटन सोमवार को स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा पदाधिकारी डॉ० राजीव कुमार व बीएचएम कौशलेंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काट उदघाटन किया। मौके पर यूनिसेफ बीएमसी प्रमीत कुमार सिंह, बीसीएम पूनम मेहता भी उपस्थित रहें। इसको लेकर पीएचसी और मोथा दलित टोला में 27 सितंबर से 2 दिसंबर तक टीकाकरण अभियान चलेगा। साथ ही साथ अन्य 98 जगह पर सघन मिशन इन्द्रधनुष तहत 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चा सहित गर्भवती महिलाओं को भी टिका लगया जायेगा। इस अभियान अंतर्गत एक भी बच्चा या गर्भवती नहीं छूटे जिसको लेकर 12 जगहों पर टिकाकरण जारी है।

राष्ट्रीय ख़बर हमारी नज़र झारखंड
web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### खरवार भोगता समाज की बैठक

**तेनुघाट** : तेनुघाट बांध विस्थापित संघर्ष मोर्चा के कार्यालय मे खरवार भोगता समाज के लोगो ने स्वर्ग रामदेव गंझु का 8वां पुण्यतिथि मानाने को लेकर जिला भर के खरवार भोगता समाज के लोगो ने बैठक किया। बैठक की अध्यक्षता सोहन गंजु जिला अध्यक्ष ने किया। वहीं मंच का संचालन युवा मोर्चा अध्यक्ष भोला भोगता ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से रामदेव गंझु के 8वां पुण्यतिथि समरोह मानाने को लेकर किया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने की परिक्रमा

**मेदिनीनगर (पलामू) :** सांसारिक बल पर भरोसा करने वाले भययुक्त ही जीते हैं। लेकिन नारायण पर विश्वास करने वाले भय मुक्त होते हैं। जिनके साथ नारायण का साथ हो उनकी हर कदापि नहीं होती। उक्त बातें अंतरराष्ट्रीय कथावाचक, धर्मराज, शांति दूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे सोमवार को हाउसिंग कॉलोनी स्थित पंडाल में छठे दिन श्रीमद् भागवत पुराण की कथा सुना रहे थे। श्रीमद् भागवत पुराण के प्रसंग की चर्चा करते हुए देवकीनंदन ने कहा कि लक्ष्मी व शांति हर एक घर में चाहिए। लेकिन करोड़ों अरबों के मालिक होते हुए भी 99 प्रतिशत घरों में शांति नहीं है। शांति उसी को मिलती है जो संतों के मुख से श्रीमद् भागवत कथा सुनते हैं। भागवत सत्संग से शांति जरूर मिलती है। कहा कि मां लक्ष्मी को शुद्धता पसंद है। जो चाहते हैं कि उनके घर में लक्ष्मी का वास हो वे कटे -फटे वस्त्र कदापि नहीं पहने। यह तो दरिद्रता की पहचान है। आज के परिवेश व मॉडर्न जमाने पर प्रहार करते हुए देवकीनंदन ने दुख जताया। उन्होंने कहा कि आज कल की माताएं -बहने भी कटी -फटी वस्त्र पहने लगी हैं। यह सनातन की पहचान नहीं है। कहा कि बिस्तर पर बैठकर कदापि नहीं खाना व पीना चाहिए।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### देव दीपावली पर 51000 दियों से जगमगाया कोयल का घाट

**पलामू:** रविवार को देव दीपावली के अवसर पर गंगा पूजन आयोजन समिति ट्रस्ट के द्वारा कोयल नदी के घाट पर गिरवर स्कूल से लेकर शिवाला घाट तक 51000 दिए एवं एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों से पलामू में एक अलग तरीके की छोटा बिखेर दी गई इस क्रम में सभी लोगों ने अलग-अलग तरीके से अपनी भूमिका निभाई जिसमें आयोजन समिति की ओर से अविनाश कुमार राजा मनोहर कुमार लाली मनोज कुमार सिंह उर्फ बिल्लू सिंह विकास कुमार नितीश दुबे उदय कुमार झा हिमांशु त्रिवेदी चंदा झा आदि ने कार्यक्रम को रूपरेखा देने में अपनी पूरी ताकत झोंक दी वही दूसरी तरफ संत मरियम की ओर से आए हुए बच्चे बच्चियों ने दिया सजाने से लेकर उसमें तेल भरना और समय पर दीप को प्रज्वलित करने का कार्य बड़े ही सुचारु ढंग से किया वाराणसी से आए हुए ब्राह्मणों के द्वारा मां गंगा की महा आरती का भव्य प्रदर्शन किया गया ।

### आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शिविर आयोजित

**तेनुघाट** : आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत तेनुघाट पंचायत में शिविर लगाया गया । शिविर में जनकल्याणकारी योजना से जुड़े 25 स्टॉल लगाएंगे जिसमें कुल लगभग 400 आवेदन ऑनलाइन एंट्री किया गया ।आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, सुनीता देवी जीप अध्यक्ष बोकारो चितरंजन साव भाजपा ओबीसी मोर्चा बोकारो जिला अध्यक्ष, प्रखंड विकास पदाधिकारी संतोष कुमार महतो, प्रखंड अंचलाधिकारी अशोक कुमार राम, घूम-घूम कर सभी स्थलों का महीना किया और सभी लाभों को पहुंचने का आश्वासन दिया ।

---

**कार्रवाई**

### बाउंड्री तोड़कर गेट लगाने के मामले में कार्रवाई शुरू

# सीओ ने किया बॉउंड्रीवॉल का निरीक्षण



▶▶थाना में की गयी लिखित शिकायत

▶▶असामाजिक तत्वों के बीच मचा खलबली

**मनोज मिश्र**

**गोला :** एसएस प्लस टू हाई स्कूल गोला का बॉउंड्री तोड़कर गेट लगाए जाने से सम्बंधित खबर दैनिक राष्ट्रीय खबर में प्रमुखता से प्रकाशित होने पर गोला के अंचलाधिकारी समरेश कुमार भंडारी, अंचल निरीक्षक और कर्मचारियों ने बॉउंड्री वॉल का निरिक्षण किया। बाउंड्री वॉल का निरीक्षण करते हुए सीओ श्री भंडारी ने स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापिका सहित शिक्षकों को बाउंड्री तोड़े जाने संबंधी लिखित शिकायत अधिकारियों और थाना प्रभारी को देने का निर्देश दिया। साथ ही पुणे बाउंड्री देने के लिए गड्ढा खुदवान की बात कही।




इसपर स्कूल की प्रभारी प्रधानाध्यापिका अनूप पुष्पा तिर्की ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई। साथ ही शिकायत की प्रतिलिपि उपायुक्त, जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को भी दी गई है। उल्लेखनीय है कि बाउंड्री तोड़े जाने और गेट लगा दिए जाने की खबर पर उपयुक्त चंदन कुमार ने भी संज्ञान ली है। इस कार्रवाई से असामाजिक तत्वों के बीच खलबली भी है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि टूटा हुआ बाउंड्री का निरीक्षण करने पहुंचे सीओ के समक्ष बाउंड्री वॉल के दूसरी छोर पर बना हुआ घर से कोई नहीं निकला।

शिक्षकों ने बताया कि स्कूल परिसर क्षेत्र की बाउंड्रीवॉल पर शुरू से ही राजनीति गर्म है। बाउंड्री को पहले भी तोड़ा गया था, उसपर स्थानीय प्रशासन के सहयोग से पुनः बाउंड्री दे दी गई थी, जिसे इसबार स्कूल की छुट्टी का नाजायज फायदा उठाकर तोड़ा गया है। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र का ख्याति प्राप्त इस स्कूल में सभी बच्चे अध्ययन करना चाहते हैं। इसकारण इस स्कूल में वर्तमान में 3500 छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं, जिसमें छात्राओं की संख्या 1700 है। स्कूल में वर्षों बाद स्कूल परिसर क्षेत्र की कुल 8 एकड़ 92 डिसमिल जमीन में लगभग साढ़े आठ एकड़ जमीन की चाहरदीवारी हुई, तो राजनीति के कारण चाहरदीवारी में एक प्रमुख द्वार के अलावे दो अन्य दरवाजा खोल दिया गया। स्कूल की बॉउंड्री वॉल के पीछे कुछ लोगों ने अपना मकान बनाया हुआ है। उन्हें स्कूल परिसर क्षेत्र से अपने घर जाने में सुविधा होती है। जबकि इससे स्कूल में पढ़ रहे छात्रों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

स्कूल के समय में लोग परिसर क्षेत्र से बाइक से भी आना-जाना करते हैं। स्कूल में छात्रों की संख्या अधिक है और लंच पीरियड में अपने क्लास से बाहर होकर स्कूल मैदान में खेल रहे छात्राओं को सबसे अधिक परेशानी होती है। यहां स्कूली छात्राओं से छेड़खानी की घटनाएं भी हुई है, तो बाइक से दुर्घटना भी हुई है। इसकारण ही बॉउंड्रीवॉल कराया गया था और मुख्य द्वार को स्कूल के समय पर बंद किया जाता था। लेकिन अब स्कूल का मैदान आम रास्ता बन कर रह गया है।

---

### भुचुंगडीह में आयोजित शिविर का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**राष्ट्रीय खबर**

**चितरपुर :** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार चितरपुर प्रखंड के भुचुंगडीह पंचायत में आयोजित शिविर का उपायुक्त चंदन कुमार ने निरीक्षण किया। शिविर के दौरान उपायुक्त चंदन कुमार ने सभी लोगों से उनके पंचायत में आयोजित हुई शिविर के दौरान सरकार की योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि आप सभी के लिए यह एक बहुत अच्छा अवसर है कि एक ही जगह पर आपको सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी व लाभ मिल सकता है। मौके पर उपायुक्त ने सभी से विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल पर जाकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने की बात कही वहीं उपायुक्त ने सभी से कहा कि आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जो भी शिविर आयोजित हो रहे हैं उन सभी में प्राप्त आवेदनों को यथा संभव शिविर के दौरान ही निष्पादित करने का प्रयास किया जा रहा है वहीं जिन आवेदनों को तत्काल रूप से निष्पादित करना संभव नहीं है उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है एवं जल्द से जल्द आवेदनों का निष्पादन सुनिश्चित कराया जा रहा है। शिविर के दौरान उपस्थित सभी लोगों से उपायुक्त ने स्वयं एवं अपने आसपास के क्षेत्र में रह रहे अन्य लोगों को भी सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक करने के अपील की।

---

### ईमानदारी अभी जिन्दा है इसके मिशाल बने फोरमेन राजकुमार

# युवक के पैसे समेत तमाम कागजात लौटाने पर जताया आभार



**राष्ट्रीय खबर**

**गिद्दी** :ईमानदारी अभी भी जिंदा है इसके ताजा तरीन मिशाल गिद्दी ए सबस्टेशन में कार्यरत फोरमेन राजकुमार यादव ने पेश किया है।राजकुमार यादव सिर्फ नाम के ही नहीं सच में राजकुमार हैं।श्री यादव को सबस्टेशन के पास किसी का पर्स गिरा हुआ मिला।और उन्होंने जब इसे खोलकर देखा तो उसमें 2400रुपये नगद तथा युवक का आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राईविंग,लाइसेंस आदि देखा। काफी मशक्कत के बाद उक्त युवक मुकेश मांझी जो बसरिया निवासी पिता पुरन मांझी है।को फोन कर गिद्दी सब स्टेशन बुलाया गया।फोटो से उसकी पहचान कर उसका पर्स वापस किया गया।उसने बताया कि अपने पर्स को लेकर वह काफी परेशान था।क्योंकि उक्त पर्स में पैसे के साथ साथ उसके तमाम कागजात मौजूद थे। उसके आधार कार्ड में मोबाइल न। मिलने पर उससे संपर्क कर वापस किया गया। राजकुमार यादव के साथ और भी सबस्टेशन के कामगार वहां मौजूद थे। उक्त युवक अपने पर्स की खोजबीन अपने बसरिया गाँव के पास की सड़क पर कर रहा था।उसने बताया कि वह गिद्दी वाशरी से काम कर बाइक से अपने गाँव वापस जा रहा था।तभी सबस्टेशन के पास पर्स गिर गया होगा। उसे इसका पता वापस घर जाने पर हुआ।तो उसने खोजबीन जारी की।उक्त युवक द्वारा राजकुमार यादव की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए आभार जताया।उसने कहा कि भैया के द्वारा उसके तमाम कागजात मिल गए।

---

### उपायुक्त की त्वरित कार्यवाई का अधिकारी और कर्मचारियों में दिखा असर

# निमाई रजक को सीओ ने दिलाई जमीन

▶▶निमाई रजक को जमीन मिलने पर सीएम ने ट्वीट की

▶▶निमाई को दिया जल्द आवास बनाने का निर्देश

**मनोज मिश्र**

**गोला :** दो साल पहले 27 नवंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा भूमि पर्चा दिए जाने के उपरांत जमीन उपलब्ध नहीं किए जाने संबंधित दैनिक राष्ट्रीय खबर में प्रकाशित खबर पर उपायुक्त चंदन कुमार ने संज्ञान लेते हुए गोला के अंचल अधिकारी समरेश कुमार भंडारी को तत्काल रूप से पूरे मामले की जांच करने का निर्देश दिया। डीसी की इस त्वरित



खबर का दिखा असर

कार्यवाई से अंचल के अधिकारी और कर्मचारियों में खलबली मच गयी। इस संबंध में अंचल अधिकारी गोला द्वारा बताया गया कि भूमिहीन परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने के उद्देश्य से दो वर्ष पूर्व लाभुक निमाई रजक को भूमि का स्वीकृति पत्र दिया गया था, जिसके उपरांत लाभुक निमाई रजक द्वारा आवंटित जमीन पर असंतोष जाहिर किया गया एवं किसी भी तरह का कोई निर्माण कार्य भूमि पर नहीं कराया गया। उपायुक्त द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में रविवार को लाभुक निमाई रजक को पूर्व में आवंटित भूमि के जगह पर वैकल्पिक भूमि आवंटित कर दी गई है। साथ ही जमीन मापी का कार्य भी लाभुक की भूमि पर पूर्ण कर लिया गया है। वहीं पर लाभुक को प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रावधान के तहत प्रथम किस्त की भुगतान भी कर दी गई है। साथ ही अधिकारी ने निमाई रजक को आवास बनाने का निर्देश दिया। लाभुक द्वारा आवास निर्माण शुरू करने की बात कही गई है। इस कार्यवाई के साथ ही निमाई रजक को जमीन मिल जाने सम्बंधित खबर पर सीएम हेमंत सोरेन ने ट्वीट कर जानकारी दी कि जमीन मुहैया करा दी गयी। उल्लेखनीय है कि निमाई रजक को दो साल से जमीन नहीं मिलने से सम्बंधित खबर को राष्ट्रीय खबर ने मुहिम के तहत खबर को प्रकाशित किया था। वर्तमान उपायुक्त चन्दन कुमार के त्वरित इस कार्यवाई से निमाई रजक को जमीन मिलने पर उपायुक्त के प्रति लाभुक सहित परिवार के सदस्यों और आसपास के लोगों ने धन्यवाद दिया है।

### पूर्व आयुक्त श्रीराम के राज्याभिषेक व तिलकोत्सव कार्यक्रम में लिया भाग

**पलामू:** पलामू के पूर्व प्रमंडलीय आयुक्त जटा शंकर चौधरी आज श्री रामचरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ समिति की ओर से साहित्य समाज चौक स्थित तुलसी मानस मंदिर प्रांगण में आयोजित श्री रामचरितमानस नवाह्न पारायण पाठ के अंतर्गत आज आयोजित प्रभु श्री रामजी का राज्याभिषेक/राजतिलकोत्सव कार्यक्रम में भाग लेकर पूजा-अर्चना एवं आरती कर सुख समृद्धि की कामना की। प्रभु श्रीराम जी का राज्याभिषेक बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। ढोल-बाजा, नगाड़ा, भक्ति भाव एवं भजनों के साथ प्रभु श्रीरामजी का राजतिलक हुआ। पूर्व आयुक्त ने राम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, माता जानकी, हनुमानजी, वशिष्ठ गुरुदेवजी पूरे राम दरबार में स्थापित भगवान को तिलक लगाया एवं आरती उतारी।

---

**गंगा महाआरती**

### झारखंड ओर बिहार से आए कलाकारों ने भक्ति जागरण में दिया मनमोहक प्रस्तुति

# भैरवी नदी तट पर गूंजा हर हर गंगे से पूरा क्षेत्र

▶▶हजारों लोगों ने मां गंगा की आरती उतारी

▶▶शंख, घंटी की ध्वनि और मां गंगा की आरती के बीच श्रद्धालु भावविभोर हो गए

**राष्ट्रीय खबर**

**रजरप्पा** :बनारस की तर्ज पर देश के प्रसिद्ध सिद्धपीठ स्थल रजरप्पा मंदिर के भैरवी नदी के तट पर सोमवार को पूरे मंत्रोचार एवं विधिविधान के साथ गंगा महाआरती किया गया। बनारस के जान्हवी सेवा समिति के द्वारा यह भव्य गंगा महाआरती किया गया। उनके साथ हजारों लोगों ने मां गंगा की आरती उतारी। शंख, घंटी की ध्वनि और मां गंगा की आरती के बीच श्रद्धालु भावविभोर हो गए। ऊं जय गंगे माता, चंद्र सी ज्योत तुम्हारी, जल निर्मल आता... की गूंज से पूरा रजरप्पा गूंजायमान हो



गया। गंगा महाआरती से पूर्व रजरप्पा मंदिर न्यास समिति के सदस्यो ने भैरवी नदी के तट पर पुजन किया। हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी मां छिन्नमस्तिका सेवा समिति के द्वारा यह भव्य आयोजन किया गया था। कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर रजरप्पा में काफी भीड़ भी थी। समिती के द्वारा भोग की भी व्यवस्था की गई थी ओर करीब 10 हजार श्रद्धालुओं के बीच खीर पूड़ी सब्जी ओर हलवा का वितरण किया गया। आकर्षक विद्युत सज्जा ओर सजावट ने कार्यक्रम में चार चांद लगाया। गंगा महाआरती से पूर्व रजरप्पा मंदिर न्यास समिति के द्वारा पूजन कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में शामिल कई गायकों ने मनमोहक प्रस्तुति दी। सारेगामापा फेम शालिनी दुबे, आदिति राज सहित कई गायकों ने भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओ का मन मोहा। वही बंगाल से आए कलाकारों ने अद्भुत झांकी की प्रस्तुति दी।

वही कार्यक्रम में मुख्य रुप से झारखंड विधानसभा के सचेतक सह मांडू विधायक जेपी पटेल, हजारीबाग विधायक मनीष जयसवाल, सिमरिया विधायक किशुन दास, बोकारो विधायक बिरंची नारायण की धर्मपत्नी नीना नारायण ने संयुक्त रूप से भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया। वही मां छिन्नमस्तिका सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव जयसवाल ने कहा की मां गंगा के आशिर्वाद से यह क्षण एतिहासिक हो गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु हमारी पूरी टीम 1 महीने से लगी हुई थी। समिति के सदस्यो ने काफी मेहनत की, इस कार्यक्रम को सफल बनाने में बहुत से लोगों का सहयोग रहा है। वही समिती के अध्यक्ष राजीव जयसवाल ने कहा कि मेरी यह कामना है कि गंगा महाआरती की भव्यता यूं ही बनी रहे। वही इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के संरक्षक सह रजरप्पा न्यास समिति के संरक्षक सुभाशीष पंडा, अजय पंडा, छोटू पंडा, नंदू गुप्ता, रविन्द्र साहु, राजेश प्रसाद,विजय मेवाड़, शरद जैन, अशोक जैन,संयोजक नीतीश गुप्ता, संजय कुमार सह, रवि साहु, अंकित सिंह, सुनील चक्रवर्ती, संतोष तिवारी, दीनदयाल साहु, बबली सिंह, प्रितम झा, सोनू सोनी विकास यादव, प्रदीप महतो, विनीत यादव, राहुल पासवान, सचिन करमाली, छोटू केवट, सुरज वर्मा सहित कई लोग थे।

---

### अव्यवस्था के कारण बिजली वितरण निगम को हो रहा है भारी नुकशान : इफ्तेखार

**बेरमो/ललपनिया :** अव्यवस्था के कारण झारखंड बिजली वितरण निगम को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। और घरेलू उपभोक्ताओं को उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में 30 से 40 प्रतिशत ऐसे उपभोक्ता शामिल हैं। जिन्हें कनेक्शन तो दे दिया गया किंतु वर्षों बीत जाने के बाद भी बिजली बिल नहीं दिया गया है। ऐसे उपभोक्ताओं में से अधिकांश लोगों को तो अपना कंजूमर नंबर का भी पता नहीं है। ऐसे उपभोक्ताओं की सूची बिजली निगम को उपलब्ध कराई जाती रही है। किंतु दक्ष कर्मियों के अभाव में व निगम के आईटी सेल के निकम्मापन कारण कार्रवाई का अभाव बना रहता है। परिणाम स्वरूप राजस्व का भारी नुकसान होते आ रहा है। उक्त बातें मंगलवार को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी-राष्ट्रीय जनता दल जनअभियान संयोजक एवं झारखण्ड आंदोलनकारी इफ्तेखार महमूद ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा। आगे उन्होंने यह भी कहा की पेटरवार के गोपालपुर, हडमिता,पनाटांड, गोमिया के साडम, सियारी, कसमार के जमकूदर(टांगटोना) में ऐसे दर्जनों ग्रामीण शामिल है। जिन लोगों ने नया कनेक्शन के लिए आवश्यक शुल्क 8 से 6 साल पूर्व निगम को भुगतान किया है। वैसे उपभोक्ताओं को कंजूमर नंबर के अभाव में बिल भुगतान नहीं हो पा रहा है।

### बेरमो को जिला बनाने की मांग पहुची हजारीबाग के उपायुक्त तक



**बेरमो :** पिछले काफी लंबे समय से तेनुघाट अधिवक्ता संघ के पुर्व अध्यक्ष स्व आन्नत मोहन सिन्हा तथा उनके सहयोगियों द्वारा छेड़े गए आंदोलन को अब काफी शक्ति मिलने लगी है। अधिवक्ताओं, बुद्धिजीवियों, पंचायत प्रतिनिधियों, छोटे बड़े राजनेताओं के अलावे वर्तमान विधायक तक इस आंदोलन के समर्थन में उतर आये हैं और बेरमो को जिला बनाने की मांग जोर पकड़ चुकी है। बेरमो जिला बनाने की मांग को एक मंच का रुप दे दिया गया है जिसका नाम बेरमो जिला बनाओ संघर्ष समिति रखा गया है। इस समिति का नेतृत्व वर्तमान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष सचिव और अन्य पदाधिकारी कर रहे हैं। इस मांग को लेकर बेरमो बीडीओ, एसडीएम, डीसी यहां तक के मुख्यमंत्री तक को ज्ञापन सौप इस मांग को समिति उठा चुकी है। इतना ही नहीं बेरमो अनुमंडल से आंदोलनकारी पैदल मार्च कर रांची तक पहुचे और प्रदेश की मुखिया को ज्ञापन सौप जल्द से जल्द बेरमो को जिला बनाने की मांग रखी। बोकारो जिला के बाद अब आंदोलनकारी हजारीबाग का रुख किया और मंगलवार को आंदोलनकारी का एक प्रतिनिधिमंडल हजारीबाग उपायुक्त से मिलकर ज्ञापन सौंपते हुए बेरमो को जिला बनाने की मांग की। इस मौके पर संतोष कुमार नायक, कुलदीप प्रजापति, नारायण प्रजापति, मिथुन कुमार चंद्रवंशी, अजय प्रजापति, महेंद्र प्रजापति आदि शामिल थे।

### किसान सम्मान समारोह सह भंडारे का आयोजन

**बेरमो /गोमिया :**गोमिया प्रखंड अंतर्गत स्वांग हजारी मोड़ स्थित काली मन्दिर के समीप सामाजिक संस्था मानव अधिकार एवं भारत सेवक संघ के द्वारा मंगलवार को किसान सम्मान समारोह सह भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि बोकारो जिला परिषद अध्यक्ष सुनीता देवी एवं विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य आकाश लाल सिंह,स्वांग वाशरी परियोजना पदाधिकारी उमेश कुमार सिंह,भाजपा ओ बी सी मोर्चा जिला अध्यक्ष चितरंजन साव,संस्था के झारखंड प्रदेश महासचिव प्रदीप तिवारी,बोकारो जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह एवं बेरमो जिला बनाव संघर्ष समिति के संजोजक संतोष नायक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया ।कार्यक्रम में संस्था द्वारा उपस्थित अनेकों किसानों,समाजसेवियों को मोमेंटो व अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

### विधायक ने किया पीसीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास



**गोला** : गोला प्रखण्ड क्षेत्र के बड़की हेंसल से मोहनबेडा तक बनाये जाने वाले पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया गया। इसका विधिवत शिलान्यास स्थानीय विधायक सुनीता चौधरी के द्वारा शिलापट्ट का अनावरण कर किया गया। यहां ग्रामीणों ने विधायक को सभी समस्याओं से अवगत कराया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि योजनाओं को जन जन तक पहुँचाना पहली प्राथमिकता है। सड़क की मांग ग्रामीणों ने की थी। इसपर मेरे द्वारा संज्ञान लिया गया। विधायक ने कहा कि पूरे जिले में सड़कों का जाल बिछाने का काम किया जाएगा। विकास का सिलसिला रामगढ़ में नहीं थमेगा। बताया जाता है कि उक्त पथ के निर्माण की स्वीकृति डीएमएफटी योजना के तहत करीब 70 लाख रुपये की दी गई है। मौके पर चंदर महतो, राकेश प्रसाद, राजू प्रसाद, नित्यानन्द महतो, मुकेश महतो सहित आजसू के दर्जनों नेता-कार्यकर्त्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

### झारखंड के 5 मजदूर सऊदी अरब में फंसे, सरकार से वतन वापसी की गुहार



**बेरमो /गोमिया :** बोकारो, गिरिडीह और हजारीबाग जिले के 5 मजदू सऊदी अरब में फंसे हुए हैं। मजदूरों न वीडिओ बनाकर केंद्र व झारखंड सरकार वतन वापसी की गुहार लगाई है। खबर मिलने के बाद मजदूरों के परिजनों ने भी केंद्र व राज्य सरकार से उनकी सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने की मांग की है। मजदूरों ने कहा है कि कंपनी ने उन्हें पिछले आठ महीने से वेतन नहीं दिया है। खाने-पीने की भी दिक्कत हो रही है. सभी मजदूरो की बीजा की अवधि भी समाप्त हो गई है। इधर, मजदूर हित में काम करनेवाले सिकंदर अली ने केंद्र व राज्य सरकार से सऊदी अरब में फंसे मजदूरों को वापस लाने में मदद की अपील की है. कहा कि यह पहली घटना नहीं है। काम की तलाश में मजदूर विदेश जाते हैं और वहां उनको यातनाएं झेलनी पड़ती हैं।बड़ी मुश्किल से स्वदेश लौट पाते हैं। पहले भी कई ऐसे मामले सामने आए हैं।ऐसे में सरकार को इस पर ठोस कदम उठाने की जरूरत हैं सऊदी अरब में फंसे मजदूरों में गिरिडीह जिले के सरिया प्रखंड की कुसमाडीह पंचायत के जगदीश महतो, बोकारो जिले की पेंक नारायणपुर के जिवलाल महतो, विनोद महतो और हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र की चानो पंचायत के चिंतामन महतो व वीरेन्द्र महतो शामिल. ये सभी मजदूर पिछले 28 मार्च को अल मुरब्बा अल हादी की कंपनी में ट्रांसमिशन के ओपीजी में काम करने के लिए सऊदी अरब गये थे।

संपादकीय

# सुरंग में अटकी विश्वगुरु की साख

उत्तराखंड में एक सुरंग के धंस जाने क बाद अंदर फंसे मजदूरों को निकालने का अब तक का सारा दावा गलत साबित हुआ है। इस काम में अत्याधुनिक मशीन भी लगायी गयी थी, जो टूट गयी। अब ऊपर से छेद किया जा रहा है और बाद में मजदूरों द्वारा शेष पत्थर को खोदकर अंदर फंसे मजदूरों तक पहुंचने की बात कही गयी है। इससे साफ हो गया है कि सड़क निर्माण के लिए वहां बन रहे सुरंग में ऐसा कोई हादसा होने पर विकल्प क्या होगा, इस पर कोई योजना पहले से नहीं थी। इसीलिए एक एक कर सारे प्रयास विफल होते चले गये हैं। अच्छी बात यह है कि किसी तरह इन मजदूरों तक जीने लायक साधन पहुंचे हैं और उन्हें पता है कि बाहर से उन्हें निकालने का प्रयास जारी है। अभी की जानकारी के मुताबिक मैनुअल ड्रिल कल रात शुरू हुई। हालांकि इससे पहले वर्टिकल ड्रिल शुरू हो गई। उत्तरकाशी सुरंग बचाव कार्य में ऑगर मशीन खराब होने से दोनों तरफ फंसे मजदूरों को निकालने की कोशिशें शुरू हो गई हैं। ध्यान रहे कि बरमा मशीन पिछले शनिवार को खराब हो गई थी। इसके बाद बचावकर्मियों ने उत्तरकाशी में सुरंग से 41 श्रमिकों को बचाने के लिए वैकल्पिक रास्ता अपनाया। माइक्रो टनलिंग विशेषज्ञ क्रिस कुमार ने कहा, कल रात काम अच्छी गति से आगे बढ़ा। हम पहले ही 50 मीटर पार कर चुके हैं। अब हमें सिर्फ 5 से 6 मीटर ही जाना है। हमें कल रात कोई परेशानी नहीं हुई। पहाड़ी की चोटी से यह गड्ढा करीब 36 मीटर गहरा है। यदि कार्य इसी गति से चलता रहा तो गुरुवार तक इसके पूर्ण होने की आशा है। लेकिन अगर आखिर में देखा जाए तो बचाव कार्य इस तरह पूरा नहीं होता, तो? बताया जा रहा है कि तब ड्रिफ्ट तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इस विधि में पत्थरों को काटकर आवश्यक आकार के अनुसार छोटी-छोटी सुरंगें बनाई जाती हैं। ऐसे में 170 मीटर की दूरी तय करनी होगी। इस बीच पहाड़ों में ब्लास्टिंग तकनीक से सुरंग बनाने का काम चल रहा है। रोजाना तीन धमाके किए जा रहे हैं। इस तरह रेस्क्यू टीम को 483 मीटर की दूरी तय करनी पड़ी। इसके अलावा बरकोट के किनारे से लंबवत खुदाई कर मजदूरों तक पहुंचने का प्रयास किया जा सकता है। ऐसे में 24 मीटर खोदाई होनी चाहिए। इसके लिए फिर पांच किलोमीटर सड़क की जरूरत है। उस सड़क का निर्माण कार्य जोरों से चल रहा है। इस बीच ही मैनुअल ड्रिल चल रही है। कुल 41 श्रमिक पिछले 15 दिनों से उत्तरकाशी सुरंग में फंसे हुए हैं। बचाव कार्य में हिमालय की विचित्रताओं के कारण, ड्रिलिंग कार्य बार-बार रुका है। शुक्रवार को एक बार फिर ड्रिलिंग के दौरान बचावकर्मियों को पहाड़ में एक धातु की वस्तु का सामना करना पड़ा। इससे ड्रिल मशीन बंद हो जाती है। ऐसा लगा कि बुधवार रात किसी भी समय फंसे हुए 41 श्रमिकों को निकालना संभव होगा। इस बीच शनिवार को घोषणा कर दी गई कि अब ऑगर मशीनों की मदद से ड्रिलिंग नहीं की जाएगी। सिल्कियारा और डंडालगांव के बीच बनाई जा रही सुरंग 12 नवंबर को सुबह-सुबह ढह गई। यह पूरी सुरंग साढ़े चार किलोमीटर लंबी बताई जाती है। इनमें सुबह 4 बजे तक भूस्खलन ने 150 मीटर लंबे इलाके को अपनी चपेट में ले लिया। मालूम हो कि सुरंग के सामने से लेकर अंदर की ओर करीब 150 मीटर जमीन धंस गई थी। यानी सुरंग की छत ढह जाती है। उसी में मजदूर फंस गए। यह यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग चारधाम सड़क परियोजना का हिस्सा है। यह सड़क सभी प्रकार की प्रतिकूल मौसम स्थितियों में पूरे वर्ष चालू रहेगी। यदि यह सड़क बन जाती है तो उत्तरकाशी और यमुनोत्री के बीच की दूरी 26 किमी कम हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी सहित अन्य लोग तरह-तरह के बहाने दे रहे हैं, लेकिन बचाव अभियान में दो सप्ताह तक चली इस विफलता एक भयानक अमानवीय चूक है। इसलिए चंद्रयान की सफलता, विश्वगुरु, पांचवी अर्थव्यवस्था के तमाम दावों के बीच हम धरातल पर कहां खड़े हैं, यह साफ हो चुका है। सरकार अपने ही देश में अपने ही नागरिकों की जान बचाने में बुरी तरह असमर्थ हैं। भले ही कार्यकताओं को आखिरकार खदेड़ा जा सके, लेकिन इन कुछ दिनों में जो भारी कमजोरी और अक्षमता सामने आई है, वह माफी से परे है। गलतियाँ हुई हैं, कई स्तरों पर हो रही हैं। जैसे ही मौजूदा संकट की खबर आई है, हिमाचल प्रदेश के कुछ नेता यह जानने के लिए दौड़ पड़े हैं कि हिमाचल प्रदेश के शिमला और सोलन क्षेत्रों में सुरंग निर्माण कार्य कैसे चल रहा है। साफ है कि बयानवीरों के बयान के अलावा असली काम में सुरक्षा के विकल्प को नजरअंदाज किया गया है, इसकी जिम्मेदारी किसकी है, यह सवाल मजदूरों के सुरक्षित निकल जाने के बाद का है।



# समस्त मानव जाति के लिए उपयोगी हैं गुरू नानक के उपदेश

## 554वीं गुरू नानक जयंती (27 नवम्बर) पर विशेष





प्रतिवर्ष कार्तिक मास की पूर्णिमा को गुरू नानक जयंती मनाई जाती है और इस वर्ष 27 नवम्बर को यह पर्व पूरे जोश और हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। 'सिखों के प्रथम गुरू' गुरू नानक जी की जयंती को 'प्रकाश पर्व' भी कहा जाता है। इस बार गुरू नानक जी का 554वां प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। पाखण्डों के घोर विरोधी रहे गुरू नानक देव की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना और बाह्य आडम्बरों से दूर रखना था। गुरू नानक जयंती के अवसर पर उनके जीवन, आदर्शों तथा उनकी दी हुई शिक्षाओं का स्मरण किया जाता है। इस दिन धर्म गुरू और समाज के सम्माननीय लोग गुरू नानक की शिक्षाओं और संदेशों को दोहराते हैं ताकि लोगों के बीच उनके पवित्र विचारों को फिर से ताजा किया जा सके। सितम्बर 2019 में 550वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में नेपाल द्वारा सौ, एक हजार तथा ढ़ाई हजार रुपये के तीन स्मारक सिक्कों का सेट जारी किया था। पाकिस्तान सरकार द्वारा भी गुरू जी के 550वें प्रकाश पर्व पर 50 रुपये का एक सिक्का जारी किया गया था। कोलकाता टकसाल द्वारा 550वें प्रकाशोत्सव पर 12 नवम्बर 2019 को 44 मिलीमीटर गोलाई वाला 35 ग्राम वजनी 550 रुपये का एक स्मारक सिक्का जारी किया गया था, जिसमें 50 फीसदी चांदी, 40 फीसदी तांबा और पांच-पांच फीसदी निकल व जिंक का मिश्रण है। सिक्के के एक ओर गुरूद्वारा श्री बेर साहिब का चित्र उकेरा गया और उसी ओर सिक्के पर देवनागरी व अंग्रेजी में 'श्री गुरू नानक देव जी का 550वां प्रकाश पर्व' लिखा गया।



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ-पत्रकार

गुरू नानक का विवाह 19 वर्ष की आयु में गुरदासपुर के मूलचंद खत्री की पुत्री सुलखनी के साथ हुआ था किन्तु धार्मिक प्रवृत्ति के नानक को गृहस्थाश्रम रास नहीं आया और वे सांसारिक मायाजाल से दूर रहने का प्रयास करने लगे। पिता ने उन्हें व्यवसाय में लगाना चाहा किन्तु व्यवसाय में भी उनका मन न लगा। एक बार पिता ने कोई काम-धंधा शुरू करने के लिए उन्हें कुछ धन दिया लेकिन नानक ने सारा धन साधु-संतों और जरूरतमंदों में बांट दिया और एक दिन घर का त्याग कर परमात्मा की खोज में निकल पड़े। पाखंडों के घोर विरोधी रहे गुरू नानक की यात्राओं का वास्तविक उद्देश्य लोगों को परमात्मा का ज्ञान कराना किन्तु बाह्य आडम्बरों एवं पाखंडों से दूर रखना ही था। वे सदैव छोटे-बड़े का भेद मिटाने के लिए प्रयासरत रहे और उन्होंने निम्न कुल के समझे जाने वाले लोगों को सदैव उच्च स्थान दिलाने के लिए प्रयास किया। 'एक पिता एकस के हम बारिक' नामक उनका सिद्धांत समाज में ऊंच-नीच और अमीर-गरीब के भेद को मिटाता है। 554वें प्रकाश पर्व के विशेष अवसर पर गुरू नानक से जुड़ी कुछ ऐसी घटनाओं और किस्सों का उल्लेख करना अनिवार्य हो जाता है, जो उनकी महानता और चमत्कारिक शक्तियों को स्पष्ट परिलक्षित करती हैं। गुरू नानक एक बार हरिद्वार पहुंचे तो उन्होंने देखा कि बहुत से लोग गंगा में स्नान करते समय अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पूर्व दिशा की ओर उलट रहे हैं। उन्होंने विचार किया कि लोग किसी अंधविश्वास के कारण ऐसा कर रहे हैं। तब उन्होंने लोगों को वास्तविकता का बोध कराने के उद्देश्य से अपनी अंजुली में पानी भर-भरकर पश्चिम दिशा की ओर उलटना शुरू कर दिया। जब लोगों ने काफी देर तक उन्हें इसी प्रकार पश्चिम दिशा की ओर पानी उलटते देखा तो उन्होंने पूछ ही लिया कि भाई तुम कौन हो और पश्चिम दिशा में जल देने का तुम्हारा क्या अभिप्राय है? नानक ने उन्हीं से पूछा कि पहले आप लोग बताएं कि आप पूर्व दिशा में पानी क्यों दे रहे हैं?

लोगों ने कहा कि वे अपने पूर्वजों को जल अर्पित कर रहे हैं ताकि उनकी प्यासी आत्मा को तृप्ति मिल सके। इस पर नानक ने पूछा कि तुम्हारे पूर्वज हैं कहां? लोगों ने जवाब दिया कि वे परलोक में हैं लेकिन तुम पश्चिम दिशा में किसे पानी दे रहे हो? गुरू नानक बोले कि यहां से थोड़ी दूर मेरे खेत हैं। मैं यहां से अपने उन्हीं खेतों में पानी दे रहा हूं। लोग आश्चर्यचकित होकर पूछने लगे, 'खेतों में पानी! पानी खेतों में कहां जा रहा है? यह तो वापस गंगा में ही जा रहा है और यहां पानी देने से आपके खेतों में पानी जा भी कैसे सकता है?'

गुरू नानक ने उनसे पूछा कि यदि पानी नजदीक में ही मेरे खेतों तक नहीं पहुंच सकता तो इस प्रकार आप द्वारा दिया जा रहा जल इतनी दूर आपके पूर्वजों तक कैसे पहुंच सकता है? लोगों को अपनी गलती का अहसास हुआ और वे गुरू जी के चरणों में गिरकर प्रार्थना करने लगे कि उन्हें सही मार्ग दिखलाएं ताकि जिससे उन्हें परमात्मा की प्राप्ति हो सके। गुरू नानक सदैव मानवता के लिए जीए और जीवनपर्यन्त शोषितों व पीड़ितों के लिए संघर्षरत रहे। उनकी वाणी को लोगों ने परमात्मा की वाणी माना और इसीलिए उनकी यही वाणी उनके उपदेश एवं शिक्षाएं बन गई। ये उपदेश किसी व्यक्ति विशेष, समाज, सम्प्रदाय अथवा राष्ट्र के लिए ही नहीं बल्कि चराचर जगत एवं समस्त मानव जाति के लिए उपयोगी हैं।

# बरगद का पेड़

प्रेरक प्रसंग

किसी गांव में बरगद का एक पेड़ बहुत वर्षों से खड़ा था। गांव के सभी लोग उसकी छाया में बैठते थे, गांव की महिलाएं त्यौहारों पर उस वृक्ष की पूजा किया करती थीं। ऐसे ही समय बीतता गया। और कई वर्षों बाद वृक्ष सूखने लगा। उसकी शाखाएं टूटकर गिरने लगीं और उसकी जड़ें भी अब कमजोर हो चुकी थीं। गांववालों ने विचार किया कि अब इस पेड़ को काट दिया जाये और इसकी लकड़ियों से गृहविहीन लोगों के लिए झोपड़ियों का निर्माण किया जाये।



गांववालों को आरी-कुल्हाड़ी लाते देख, बरगद के पास खड़ा एक वृक्ष बोला- दादा! आपको इन लोगों की प्रवृत्ति पर जरा भी क्रोध नहीं आता, ये कैसे स्वार्थी लोग हैं, जब इन्हें आपकी आवश्यकता थी तब ये आपकी पूजा किया करते थे, लेकिन आज आपको टूटते हुए देखकर काटने चले हैं। बूढ़े बरगद ने जवाब दिया- नहीं बेटे! मैं तो यह सोचकर बहुत प्रसन्न हूँ कि मरने के बाद भी मैं आज किसी के काम आ सकूंगा। असल बात यह है कि परोपकारी व्यक्ति सदा दूसरों के प्रति करुणा का भाव रखते हैं और उनकी खुशी और उनके सुख में अपना सुख समझते हैं।

नजरिया

# महिलाओं के लिए श्रम और प्रवास को सुरक्षित न बनाने का अब कोई बहाना नहीं

गतांक से आगे.. .. ..

मानवाधिकार उल्लंघनों में सबसे अधिक प्रचलित और सबसे अधिक घिनौनी हिंसा, महिला हिंसा ही है।



शोभा शुक्ला
सीएनएस

मैंने नौ साल पहले इरवेना सुलिस्टनिंगशी से एक साक्षात्कार किया था। उन्होंने जो कहा था वह आज भी प्रासंगिक है जो अत्यंत कष्टदायक है।

इरवेना इंडोनेशिया की निवासी हैं जो एक प्रवासी श्रमिक के रूप में तब हाँग काँग आयीं थीं। उनका परिवार उनकी कॉलेज शिक्षा का व्यय उठाने में असमर्थ था और इंडोनेशिया में उन्हें उचित आय पर नौकरी नहीं मिल पा रही थी। इसलिए उन्होंने एक प्रवासी श्रमिक के रूप में हांग कांग जाने का फैसला किया। उन्होंने हांग कांग इसीलिए चुना क्योंकि वह सुरक्षित देश माना जाता था। जब वह हांग कांग पहुंची तो उनके पासपोर्ट और रोजगार संबंधित सभी कानूनी कागजात, काम देने वाली एजेंसी ने अपने पास रख लिए। वहां उन्हें घरेलू काम करने की नौकरी मिली। परंतु उनकी मालकिन का व्यवहार बहुत बुरा था। वह उन्हें मारती थी, दिन भर में 4 घंटे से ऊपर सोने नहीं देती थी, और उन्हें पर्याप्त भोजन भी नहीं मिलता था। उनको बाहर जाने की अनुमति नहीं थी, किसी से बात करने की अनुमति नहीं थी, और फोन का उपयोग करने पर पाबंदी थी।

**जब वह हांग कांग पहुंची तो उनके पासपोर्ट और रोजगार संबंधित सभी कानूनी कागजात, काम देने वाली एजेंसी ने अपने पास रख लिए। वहां उन्हें घरेलू काम करने की नौकरी मिली।**

8 महीने इस हिंसा और शोषण को झेलने के बाद, जब उनका शरीर भी चोट ग्रस्त होने के कारण काम करने लायक नहीं रहा तब उनकी मालकिन ने अचानक एक दिन उनको इंडोनेशिया वापस भेजने का निर्णय लिया। उनको एयरपोर्ट लाकर, 'चेक-इन' आदि करवा के छोड़ दिया गया, जबकि वे अपनी शारीरिक चोटों के कारण ठीक से चल भी नहीं पा रही थीं। उन्हें यह धमकी भी दी गई कि यदि उन्होंने अपनी आपबीती किसी से भी साझा की तो उनके परिवार को खत्म कर दिया जाएगा। सौभाग्य से वहाँ उनको एक इंडोनेशियन महिला मिली जिसके न सिर्फ. उनको घर तक पहुँचाने में मदद की बल्कि उनकी चोटों की फोटो ले कर फेसबुक पर पोस्ट की।

सोशल मीडिया पर यह समाचार वायरल हो गया। अंततः इरवेना को रोजगार देने वाले को हाँग काँग में सजा हुई। टाइम मैगजीन के सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों में भी इरवेना को शामिल किया गया।

यह बात इरवेना ने मुझसे नौ साल पहले कही थी परंतु आज भी मूलतः सत्य ही है: ह्ममहिलाओं और किशोरियों को शोषण होने पर अपनी आवाज उठानी चाहिए। हमें एक दूसरे के साथ एकजुट हो कर इस शोषण और बहिष्कार के खिलाफ कार्यरत होना होगा। मेरा मुद्दा इसीलिए जोर पकड़ पाया क्योंकि प्रवासी श्रमिकों का मजबूत आंदोलन उसके समर्थन में एकजुट हो कर निडरता के साथ खड़ा था। दुनिया में कुल प्रवासी श्रमिकों में से, जिनकी संख्या लगभग 30 करोड़ है, 30% तो एशिया-पैसिफि क क्षेत्र में ही हैं और इनमें से लगभग 50% महिलाएँ हैं। दक्षिण-पूर्वी एशिया और पैसिफि क में 1.16 करोड़ पंजीकृत श्रमिक हैं जिनमें से आधी महिलाएँ हैं। फि लीपींस, इंडोनेशिया, कंबोडिया, लाओस, मलेशिया, वियतनाम, सिंगापुर, थाईलैण्ड, आदि देशों में 1 करोड़ श्रमिक हैं जिनमें से आधी महिलाएं हैं।

संयक्त राष्ट्र महिला (यूएन वीमेन) और इंटरनेशनल लेबर ऑगेनाईजेशन (आइएलओ) ने यूएनओडीसी के साथ सुरक्षित और न्यायोचित श्रम और प्रवास के लिए सफल प्रयास किए हैं जो एशिया पैसिफि क के अन्य देशों में भी लागू करने चाहिए।....**समाप्त।**

जानकारी

# महाबलेश्वर



महाबलेश्वर कृष्णा की तीन सहायक नदियों- कोयना, वेन्ना (वेनी) और गायत्री का स्त्रोत भी महाबलेश्वर क्षेत्र में है। चौथी नदी सावित्री का स्त्रोत भी इसी क्षेत्र में है, लेकिन यह महाड से होते हुए पश्चिम की ओर अरब सागर में बहती है। इस क्षेत्र की जलवायु स्ट्रॉबेरी की खेती के लिए उपयुक्त है। देश में कुल स्ट्रॉबेरी उत्पादन में महाबलेश्वर का योगदान लगभग 85 प्रतिशत है।किंवदंती है कि 13वीं शताब्दी के एक यादव शासक ने कृष्णा नदी के स्त्रोत पर एक छोटा मंदिर और पानी का टैंक बनवाया था। महाबलेश्वर के आसपास के क्षेत्र, जिसे जवाली की घाटी कहा जाता है, पर मोरे (कबीले) का शासन था जो बीजापुर के आदिलशाही सल्तनत के जागीरदार थे। 1656 में, मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी ने राजनीतिक परिस्थितियों के कारण जावली के वली के तत्कालीन शासक चंद्रराव मोरे की हत्या कर दी और उस क्षेत्र पर कब्जा कर लिया। उसी समय के आसपास शिवाजी ने महाबलेश्वर के पास एक पहाड़ी किला भी बनवाया, जिसे प्रतापगढ़ किला कहा जाता है।

# OnePl42 12 के स्पेसिफिकेशंस, डिजाइन और वेरिएंट्स का खुलासा

साइबर दुनिया



नई दिल्ली : OnePlus 5 दिसंबर को चीन में OnePlus 12 को पेश करने वाला है। कंपनी धीरे-धीरे फोन के टीजर जारी करके स्पेसिफिकेशंस का खुलासा कर रहा है। हालांकि, अब तक इसके डिजाइन का खुलासा नहीं हुआ है। अब एक ओवरलेड बैनर फोटो Oppo मॉल पर नजर आ रही है, जिसने OnePlus 12 के रियर डिजाइन का खुलासा किया है। इसके अलावा फोन ने इसके कलर वेरिएंट की जानकारी दी है। फोटो से पता चलता है कि फोन 3 कलर्स में जैसे क्लासिक ब्लैक, प्रिस्टिन व्हाइट और वाइब्रेंट ग्रीन में उपलब्ध होगा। फोन की पहले देखी गई फोटो से पता चला है कि इसमें कर्व्ड-एज OLED डिस्प्ले होगी। यहां स्मार्टफोन के स्पेसिफिकेशंस के बारे में विस्तार से जानते हैं।

**OnePlus 12 का डिजाइन**

जैसा कि फोटो में देखा जा सकता है कि OnePlus 12 का डिजाइन काफी हद तक OnePlus 11 जैसा है। रियर पैनल में एक सर्कुलर कैमरा मॉड्यूल है जिसमें 3 कैमरे लगे हैं, चौथे कैमरा रिंग के अंदर कुछ सेंसर हैं और हैसलब्लैड ब्रांडिंग के लिए एक 'एच' लोगो है। एलईडी फ्लैश यूनिट सर्कुलर कैमरा मॉड्यूल के बाहर टॉप-कॉर्नर पर है।

**OnePlus 12 के अनुमानित स्पेसिफिकेशंस**

रिपोर्ट्स के अनुसार, OnePlus 12 में 6.82 इंच की BOE 1 OLED डिस्प्ले दी जाएगी, जिसका 2K रेजोल्यूशन, रिफ्रेश रेट 120Hz रिफ्रेश रेट और पीक ब्राइटनेस 3,000 निट्स तक है। यह स्मार्टफोन एंड्रॉयड 14 पर बेस्ड ColorOS 14 पर चलेगा, जबकि जनवरी 2024 में लॉन्च होने वाले ग्लोबल वर्जन में एंड्रॉयड 14 पर बेस्ड OxygenOS 14 होगा। इस स्मार्टफोन में 5,400mAh की बैटरी दी जाएगी जो कि 100W वायर्ड और 50W वायरलेस चार्जिंग सपोर्ट का सपोर्ट करेगी। कैमरा सेटअप की बात करें तो स्मार्टफोन के रियर में OIS सपोर्ट वाला LYT-808 50 मेगापिक्सल का प्राइमरी कैमरा, 48 मेगापिक्सल IM581 अल्ट्रा वाइड कैमरा और 3x ऑप्टिकल जूम के साथ 64 मेगापिक्सल पेरिस्कोप टेलीफोटो कैमरा होगा। वहीं इसके फ्रंट में 32 मेगापिक्सल का सेल्फी कैमरा होगा। यह स्मार्टफोन ऑक्टा कोर स्नैपड्रैगन 8 जेन 3 पर काम करेगा।

टॉप ट्वीट



"पारदर्शिता और कर्तव्यनिष्ठा लोकतंत्र के बुनियादी उसूल हैं। कल बालाघाट में डाक मतपत्रों को जिस तरह से खोला गया, वह गंभीर कदाचरण है। उसके बाद सरकारी मशीनरी और जिम्मेदार अधिकारियों ने जिस तरह से इस कृत्य को सही साबित करने की कोशिश की, वह और भी अक्षम्य अपराध है।"

**कमलनाथ**
**मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री**



" अटल जी का किरदार निभाना मेरे लिये चुनौतीपूर्ण रहा। मेरे लिए यह चुनौतीपूर्ण रहा कि मैं सही से कर पाऊंगा या नहीं। मैंने अपनी मेहनत और पूरी ईमानदारी से यह रोल किया है।अटल जी जैसे महान व्यक्तित्व की भूमिका निभाते हुए बतौर कलाकार सबसे बड़ी चुनौती यही होती है कि क्या उनके साथ वह न्याय कर पाएगा। मैंने इस रोल को निभाने से पहले उनके बारे में खूब पढ़ा था। मुझे अटल जी की कई कविताएं भी याद हो गई हैं।"

**पंकज त्रिपाठी**
**बॉलिवुड अभिनेता**

संपादक के नाम पत्र

# मावठे का नफा नुकसान

मावठा अर्थात नवंबर के बाद होने वाली बेमौसम की बारिश। इसके फायदे हैं तो नुकसान भी हैं।इस समय देश के कई राज्यों में मावठे का दौर है।जहां फसलों में फल फूल आ चुके हैं उसे इस मावठे से बड़ा नुकसान है। पानी के साथ ओलो की मार से फूलों के झारने से जहां उत्पादन क्षमता प्रभावित होगी वहीं इसके पकने की अवधि भी बढ़ेगी जो सीधे तौर पर अतिरिक्त मेहनत और खर्च की वजह बनेगी। ठीक इसके विपरीत जो फसले हाल ही में बोई गई है या अंकुरित हो चुकी है और जिसे पानी की जरूरत है उसके लिए यह माता अमृत तुल्य है। यह बरसात ऐसी फसलों के लिए केवल पानी ही नहीं अपितु खाद का भी काम करेगी। इस फसल के अच्छे उत्पादन की उम्मीद की जा सकती है। ऐसे भरपूर बरसात के मावठे से जल संचय को भी मदद मिलेगी क्योंकि मौसम खुलने के बाद एक पखवाड़े तक खेतों को सीखने की जरूरत नहीं पड़ेगी इससे जल की बचत स्वाभाविक ही होगी। नफा नुकसान के इस गणित के बावजूद प्रकृति खेतों से उसके मालिक को नुकसान में नहीं रखती। कम फसल उत्पादन की क्षतिपूर्ति बड़े हुए भाव से हो जाती है। उम्मीद की जानी चाहिए की प्रकृति का विधान इस बार भी कायम रहेगा।

**अमृतलाल मारू 'रवि' इन्दौर मप्र**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### एमपी तथा एमएलए ने किया विद्यालय और महाविद्यालय का निरीक्षण

**बेतिया प. च.** । लोक सभा क्षेत्र के सांसद और चनपटिया के विधायक ने चनपटिया प्रखंड अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज, कुमारबाग, केंद्रीय विद्यालय कुमारबाग और नवोदय विद्यालय, वृंदावन का निरीक्षण किया। सांसद डॉ. संजय जायसवाल, विधायक उमाकांत सिंह ने वहां उपस्थित विद्यार्थियों की उपस्थित, शिक्षा व भोजन की गुणवत्ता के साथ उनके स्वास्थ्य, खेल, मनोरंजन के संसाधनों का अवलोकन किया। सांसद ने कहा कि अपने लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत केंद्रीय विद्यालयों का निरीक्षण कर विद्यालयों में विधि व्यस्था का अवलोकन किया और प्राचार्य व शिक्षकगण से बातचीत कर सभी विषय से अवगत हुए। जिससे छात्र - छात्राओं को किसी प्रकार की समस्या ना हो और उत्तम शिक्षा उपलब्ध हो।

राजनीतिक बैठक

हर बूथ पर कम से कम 20 युवा और युवतियों का नाम जोड़ने का टास्क दिया गया

# राजनीतिक दलों, बीएलओ व पर्यवेक्षक के साथ अवर निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

राष्ट्रीय खबर

**जगदीशपुर/भोजपुर :** अनुमंडल कार्यालय के डीसीएलआर कक्ष में मंगलवार को डीसीएलआर अमरेंद्र कुमार और अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर किब्रिया ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर शाहपुर विधानसभा के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और बीएलओ पर्यवेक्षक एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। प्रथम बैठक में दोनों अफसरों ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उक्त कार्यक्रम के संदर्भ में तिथिवार विस्तृत जानकारी दिया। साथ ही कार्यक्रम को सफल बनाने में



अपेक्षित सहयोग करने का अनुरोध किया। ताकि एक भी योग्य मतदाता का नाम वोटर सूची में दर्ज होने से वंचित न हो। दूसरे बैठक में दोनो अफसरों ने बीएलओ पर्यवेक्षक और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उपस्थित बीएलओ पर्यवेक्षक और पदाधिकारियों से दोनो अफसरों ने प्राप्त दावा/आपत्ति व आवेदनों के निष्पादन से संबंधित अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान 18 से 19 आयु वर्ग के निर्वाचक का नाम निर्वाचक सूची में शामिल, मृत निर्वाचक का नाम डिलीट करने और दो-तीन दिसंबर को विशेष अभियान के तहत 18 प्लस युवती और युवकों का नाम जोड़ने का निर्देशित किया गया।

### बीएलओ को घर-घर जाकर मतदाताओं के नाम जोड़ने का निर्देश

इस दौरान डीसीएलआर और अवर निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत दावा /आपत्ति की तिथि 9 दिसंबर तक है,निष्पादन करने की तिथि 26 दिसंबर है व आगामी दो और तीन दिसंबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। अगले वर्ष 5 जनवरी को मतदाता सूची का अंतिम रूप से प्रकाशन किया जाएगा। दोनों अफसरों ने सभी दलों के प्रतिनिधियों से 18 प्लस बच्चियों और युवाओं का नाम मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए बीएलओ को मदद करने का अनुरोध किया।

### अफसरों ने बीएलओ पर्यवेक्षक और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

इस दौरान 18 से 19 आयु वर्ग के निर्वाचक का नाम निर्वाचक सूची में शामिल, मृत निर्वाचक का नाम डिलीट करने और दो-तीन दिसंबर को विशेष अभियान के तहत 18 प्लस युवती और युवकों का नाम जोड़ने का निर्देशित किया गया। हर बूथ पर कम से कम 20 युवा और युवतियों का नाम जोड़ने का टास्क दिया गया। इसके बाद दूसरे बैठक में दोनो अफसरों ने बीएलओ पर्यवेक्षक और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उपस्थित बीएलओ पर्यवेक्षक और पदाधिकारियों से दोनो अफसरों ने प्राप्त दावा/आपत्ति व आवेदनों के निष्पादन से संबंधित अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की।

## न्यूज फटाफट

### रालोजपा का 24वां स्थापना दिवस हाजीपुर में मनाएंगे कार्यकर्ता

**सासाराम** । रालोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपति कुमार पारस हाजीपुर में पार्टी कार्यकर्ता साथ 24वां स्थापना दिवस। इस अवसर पर आगामी लोक सभा चुनाव लड़ने का भी करेंगे



शंखनाद। इस संबंध में रोहतास जिला मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता राजेंद्र पासवान ने कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर मूर्ति समक्ष झंडी दिखा वाहन को रवाना किया। हाजीपुर जिला अंतर्गत स्थापना दिवस में मुख्य रूप से भाग लेने के लिए श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष कुमारी शकुंतला सिंह, उपाध्यक्ष प्रतिमा देवी, सरोज पासवान, राजदेव सिंह, मालती देवी सहित सैकड़ों कार्यकर्ता काफी उत्साहित हुए बताया कि कार्यकर्ता एकजुटता से पार्टी एक मजबूत संगठन बनकर उभरेगी।रालोजपा का 24वां स्थापना दिवस हाजीपुर में मनाएंगे कार्यकर्ता ।

### लौरिया में नलजल योजना फ्लॉप होने से परेशान उपभोक्ताओं ने किया प्रदर्शन

**लौरिया प.च.** । प्रखंड के देउरवा पंचायत के बरबीरो देवराज के वार्ड 12 में सरकार के महत्वकांक्षी योजना नल जल का पानी आम जनता को डेढ़ माह से उपलब्ध नहीं। एक तरफ हर घर को नल का पानी उपलब्ध कराने की बात सरकार कर रही है तो दुसरी तरफ पंचायत के वार्ड 12 में बरबीरो गांव में नल जल का पानी उपलब्ध नहीं होने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। इस संबंध में



ग्रामीण फैयाज अहमद बाबुजान अंसारी आसीफ आलम रबडा खातुन शकीना फातिमा जुम्मन मियां सगीर मियां इदरीस मियां मललु मियां आशीफ आलम दानिश आदि ने बताया की नल जल का पानी उपलब्ध नहीं होने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संबंध में मुखिया मो सुलेमान ने बताया की पीएचडी विभाग को सुचना दे दी गई है, वहीं वार्ड सदस्य के पति 8210644935 पर संपर्क करने पर बताया कि तकनीकी खराबी की सुचना विभाग को दी गई है। परंतु डेढ़ माह से नल जल का पानी बंद है। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया की अगर समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया तो बाध्य होकर आंदोलन करेंगे।

### 22 दिसम्बर को अपने घर में विराजमान होंगे रामलला : राजकिशोर

**बेतिया प. च.** । अयोध्या में रामलला की प्रतिमा स्थापित किये जाने की तिथि जैसे-जैसे नजदीक आ रही है। विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं राजनीतिक दलों की सरगर्मियां भी तेज होती जा रही है। 22 दिसम्बर को ऐतिहासिक बनाने के लिए अभी से ही राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ और विचार परिवार के लोगों ने बैठक प्रारंभ कर दिया है। राष्ट्रीय, प्रांतीय एवं जिला स्तरीय बैठक का क्रम प्रारम्भ हो गया है। बैठक में यह मंथन किया जा रहा है कि कैसे घर में विराजमान होंगे रामलला, उस दिन को कैसे ऐतिहासिक बनाया जाए। जिसको लेकर? जिला मुख्यालय बेतिया स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में संघ तथा विचार परिवार की एक बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री रमन गुप्ता, जिला अध्यक्ष नीरज सोनी, संरक्षक विनय कुमार?, जिला प्रचारक नीतीश कुमार, मजदूर संघ के राजेश कुमार, सहकार भारती के धनंजय शर्मा सहित विभिन्न आयामों के प्रमुख शामिल हुए।

## सिटी

### चार दिनों से अगवा युवती को पुलिस ने बगहा रेलवे स्टेशन से किया बरामद

**बेतिया/बगहा, प.च.** । जिला के बगहा पुलिस अंतर्गत नगर थाना की पुलिस ने तत्परता के साथ अनुसंधान के दौरान चार दिन से अपहत युवती को रेलवे स्टेशन बगहा के पास से बरामद कर लिया है। इस मामले में आरोपी युवक पुलिस को चकमा दे फरार हो गया। नगर थाना अपर थानाध्यक्ष अमन कुमार ने बताया कि बरामद युवती से पूछताछ करते हुए 164 के बयान लिए पुलिस अभिरक्षा में बगहा न्यायालय में उपस्थापित किया गया है। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के गोविन्द पासवान ने थाना में आवेदन देकर 20 वर्षीय युवती को गांव के ही प्रमोद पासवान पर शादी के नियत से अपहरण का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करते हुए केस के अनुसंधानकर्ता सह पुलिस पदाधिकारी कृष्णा राय ने गुप्त सूचना पर रेलवे स्टेशन बगहा के पास से सोमवार की रात अपहता को बरामद कर लिया। जबकि आरोपी युवक अंधेरा का लाभ उठाकर पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस फरार आरोपी को गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## धूमधाम से मनी संत शिरोमणि जीवन बाबा की वार्षिक महोत्सव



**राजपुर (रोहतास) :** प्रखंड स्थित गर्ल हाई स्कूल के प्रांगण में औघेश्वर संत शिरोमणि जीवन बाबा की मंगलवार को धूमधाम से वार्षिक उत्सव मनाया गया। ये उत्सव कार्तिक पूर्णिमा के शुभ अवसर पर कराया गया। इस अवसर पर दुगोला कार्यकर्म का आयोजन किया गया। जिसका उद्धाटन राजपुर जिला पार्षद रेशमा देवी, प्रखंड प्रमुख कुंती देवी और सरपंच शकीला खातून ने संयुक्त रूप से फीता काट किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सत्यपाल सिंह व संचालन रमाकांत दुबे ने की। इस अवसर पर दुगोला कार्यक्रम का आयोजन जीवन बाबा पूजा कमिटी द्वारा किया गया। मौके पर भाजपा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार,बिरेंद्र तिवारी, गोपाल प्रसाद, जनार्दन कुशवाहा, दिनेश तिवारी, छतीश सिंह, अभिषेक तिवारी, राजपुर पंचायत पैक्स अध्यक्ष शोभनाथ प्रसाद सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## डाटा इंट्री व कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ ने सेवा में समायोजन को लेकर किया सांकेतिक हड़ताल

**बेतिया :** बिहार राज्य डाटा एंट्री ऑपरेटर संघ के आह्वान पर जिला के बेल्ट्रॉन कर्मी आउटसोर्स व्यवस्था को खत्म कर विभागीय सेवा में समायोजन की मांग को लेकर दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल कर प्रदर्शन किया। बेल्ट्रॉन से कार्यरत प्रोग्रामर, आशुलिपिक, कम्प्यूटर ऑपरेटर, डाटा इंट्री ऑपरेटर, आईटी असिस्टेंट ने शांतिपूर्ण धरना और प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन करने वाले 28-29 नवंबर को दो दिवसीय सांकेतिक हड़ताल पर हैं। जिला, अनुमंडल व प्रखण्ड स्तर के सभी सरकारी कार्यालय में बेल्ट्रॉन कर्मी धरना-प्रदर्शन, हड़ताल में उत्साह पूर्वक शामिल हैं। पश्चिम चम्पारण जिलाध्यक्ष ने बताया कि सभी सरकारी कार्यालय में पत्र लेखन, प्रतिवेदन व कई महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन कम्प्यूटर ऑपरेटर/डाटा एंट्री ऑपरेटर करते आ रहे है। बावजूद इसके सरकार, एजेंसी और बेल्ट्रॉन न तो अपना कर्मी मानती है और न ही सही मानदेय का भुगतान



करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कुंभकर्णी निद्रा को तोड़ने के लिए दो दिवसीय धरना-प्रदर्शन, हड़ताल किया जा रहा है। संघ के मिथिलेश कुमार, कयूम अंसारी, अमरेंद्र कुमार तिवारी, रानी कुमारी, मनोहर कुमार यादव, अमित कुमार शर्मा, शशिरंजन तिवारी, निर्मल कुमार, असगर अली, पवन कुमार, ललन कुमार कुशवाहा, संजय कुशवाहा, मुकेश कुमार ने विचार व्यक्त करते हुए, उत्साहवर्धन किया। सबने चट्टानी एकता बनाये रखने के का संकल्प लिया। जिला इकाई के सचिव, कौशलेन्द्र कुमार शाही ने कहा कि मानदेय में वांछित वृद्धि नहीं किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। डाटा एंट्री ऑपरेटर समेत तमाम बेल्ट्रॉन कर्मियों ने दो दिवसीय हड़ताल को सफल बनाने की अपील करते हुए कहा कि इसके माध्यम से चट्टानी एकता का परिचय दें, सरकार नहीं मानेगी तो अनिश्चित कालीन हड़ताल किया जाएगा।

### पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रेम कुमार का हुआ भव्य स्वागत

**नोखा (रोहतास)** । बिहार सरकार के पूर्व कृषि मंत्री डॉ. प्रेम कुमार का लोगों ने भव्य स्वागत किया। उनके आगमन को लेकर मंगलवार को भाजपा- प्रखंड अध्यक्ष अनिल सिंह व नगर अध्यक्ष मनोज चंदेल के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने फूल माला पहना बाजे-गाजे के साथ किया। जबकि उनके आगमन को



लेकर नगर परिषद के पश्चिम पट्टी क्षेत्र स्थित डैफोडिल स्कूल में पूर्व कृषि मंत्री का स्वागत भाजपा पार्टी कार्यकताओं ने भी फूल माला पहना अंगवस्त्र भेंट कर भव्य अभिनंदन किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहें भाजपा अति पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नवीन चंद्र शाह ने बताया कि पुनः बिहार में भाजपा के विजयी हुए मंत्रियों का कार्यकाल दौर आयेगा। जिसकी तैयारी में जनता जुट गई है। इस अवसर पर पूर्व कृषि मंत्री प्रेम कुमार ने कोर कमेटी की बैठक कर भाजपा पार्टी कार्यकर्ताओं को बताया कि देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 9 साल बेमिसाल तहत विकास की शिखर पर पहुंच गया है। जिस विकास की चर्चा पूरे विश्व में हो रही हैं। इस मौके पर राजपुर प्रखंड जिला मंत्री रेशमा पटेल, संध्या श्रीवास्तव, विवेक सिंह, रमेश चौहान, जितेंद्र सिंह, उमाशंकर प्रसाद, गोरख चंद्रवंशी, लखन चंद्रवंशी सहित लोग उपस्थित थें।

### कनेक्शन कटने के बाद चोरी से बिजली उपयोग कर रहे उपभोक्ता पर लगा जुर्माना



**बिक्रमगंज (रोहतास) :** बिलिंग गुणवत्ता एवं बिजली बिल बकाया उपभोक्ताओं की जांच को लेकर एक जांच दल का गठन कर विभाग ने बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। जिसको लेकर कनीय विद्युत अभियंता संझौली प्रमुदित रक्त पटेल के नेतृत्व में प्राथमिकी दर्ज कराया। बिजली बिल बकाया उपभोक्ताओं का विद्युत विपत्र की राशि बकाया रहने के कारण विभाग द्वारा विशेष अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शन काट रही है। परंतु कुछ उपभोक्ताओं द्वारा बिना बकाया राशि एवं रिकनेक्शन शुल्क जमा किये अवैध रूप से तार जोड़कर विद्युत ऊर्जा की चोरी करने लग रहे हैं। इसी बीच प्रखंड-संझौली के उपभोक्ताओं का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात अवैध रूप से तार जोड़कर जलाने को लेकर ग्राम-राजाडीह के सिपाही राम, पिता-सूरज राम पर 30131 रुपये राजस्व की क्षति लगाई गई है। सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार के द्वारा बताया गया की बिजली चोरी के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमे उपभोक्ताओं के परिसर में लगे सर्विस तार, मीटर, बिलिंग एवं बिल के ससमय भुगतान की सघन जांच की जा रही है।

## शादियों में चोरी-छुपे भी नहीं मिलेगी शराब, नागिन डांस पर लगा ग्रहण

● सभी मैरिज हॉल तथा प्रतिष्ठानों पर होगी उत्पाद की नजर

**बेतिया** । जिला में मद्य निषेध को प्रभावी बनाने के लिए मनोज कुमार सिंह,अधीक्षक मद्य निषेध ने सभी विवाह भवन और सार्वजनिक स्थल पर निगरानी करने को कहा है। उन्होंने बताया कि जिला में शराबबंदी कानून का शत प्रतिशत कठोर अनुपालन कराने, अवैध भंडारण, व्यापार, परिवहन एवं सेवन की रोकथाम के लिए उत्पाद विभाग की टीम जिलान्तर्गत कार्यरत होटल, रेस्टोरेन्ट, मैरिज हॉल, सामुदायिक भवन जैसे सार्वजनिक कार्यक्रम स्थल पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। किसी भी प्रकार की सूचना या शिकायत प्राप्त होते ही मद्यनिषेध कानून अंतर्गत दोषी पाये जाने वाले व्यक्तियों एवं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। बिहार राज्य में पूर्ण शराब बंदी लागू है, शराब पीना, रखना एवं बेचना एक दंडनीय अपराध है। विवाह के लगन को देखते हुए, शराब का सेवन, भंडारण एवं परिवहन में वृद्धि होने की संभावना के दृष्टिगत इनमें अंकुश लगाने के लिए उत्पाद विभाग, पश्चिम चम्पारण एक्टिव मोड में है। सभी चिन्हित एवं संदिग्ध स्थलों पर निरंतर छापामारी की जा रही है। जिलान्तर्गत कार्यरत होटल, रेस्टोरेन्ट, मैरिज हॉल, सामुदायिक भवन पर मद्य निषेध कानून से सम्बंधित जागृति के लिए पोस्टर भी चिपकाया जा रहा है।

### आत्म हत्या करने वाली युवती को एसएसबी जवानों ने बचाया



**बगहा प.च. :** पुलिस जिला के वाल्मीकिनगर थाना अंतर्गत एसएसबी के जवानों ने युवती को आत्महत्या करने से बचा लिया। पूछताछ के क्रम में युवती ने बताया कि परिवारिक कलह से तंग आकर लौरिया सिसवनिया से वाल्मीकिनगर स्थित गंडक बराज से नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या करने आई। उसके बाद एसएसबी ने युवती के परिजनों को बुलाकर सौंप दिया। एसएसबी ने उपर्युक्त युवती को गंडक बराज पर घुमते हुए देखा, तो संदेह के आधार पर लड़की से पुछताछ किया तो लड़की आत्महत्या करने की बात स्वीकार की।

## नवजात सप्ताह पर सदर अस्पताल में नुक्कड़ नाटक हुआ मंचन



राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** मंगलवार को सदर अस्पताल मुंगेर परिसर में दिनांक 23 नवम्बर से 30 नवम्बर तक संचालित होने वाले राष्ट्रीय नवजात सप्ताह के अवसर पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति ए एन एम स्कूल की छात्राओं के द्वारा किया गया। जिसमें नवजात शिशुओं की देखभाल , उनमे होने वाली बीमारियों जैसे दस्त, हाइपोथरमिया इत्यादि की रोकथाम हेतु जागरूक किया गया। निर्धारित राष्ट्रीय नवजात सप्ताह के दौरान सम्पूर्ण जिले में नवजात शिशु की देखभाल हेतु समुदाय को जागरूक किया जाना है एवं आवश्यक जानकारी प्रदान की जानी है। उक्त कार्यक्रम के दौरान निखिल राज, जिला सामुदायिक उत्प्रेरक, रागिनी कुमार, प्राचार्य, ए एन एम स्कूल , कौशल कुमार, पी एस आई इंडिया, आशा कुमारी, पिरामल, राकेश कुमार, पिरामल एवं अन्य उपथित थे।

### निर्वाचन कार्य में लापरवाही व उदासीनता पर बीएलओ के विरुद्ध कारण पृच्छा

**विधि सम्मत कार्रवाई का डीएम का निर्देश**

**बेतिया** । आसन्न लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के लिए कार्यक्रम दिनांक 27 अक्टूबर से प्रारम्भ है, प्रपत्र 06, 07, 08 संग्रहण का कार्य प्रगति पर है, किंतु कई बीएलओ दायित्व का निर्वहन नही कर पा रहे हैं। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण बेतिया ने बताया कि जिला पदाधिकारी ने निदेश दिया है कि कर्तव्यहीन, लापरवाह, उदासीन सम्बंधित बीएलओ के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करें।

जुर्माना

जिले में निरंतर वाहन जांच पुलिस कर रही है

## यातायात अभियान के तहत 6.20 लाख जुर्माना की वसूली

**सासाराम (रोहतास) :** यातायात नियमों के पालन और सड़क दुर्घटनाओं में उतरोतर कमी लाने हेतु पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार के दिशा निर्देश पर रोहतास में अभियान तेज हो गया है। जिसको लेकर पूरे जिले में निरंतर वाहन जांच पुलिस कर रही है। जिस जांच अभियान तहत 27 नवंबर को विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने सघन वाहन चेकिंग के चला यातायात नियमों के विभिन्न धाराओं के तहत कुल 620500 रुपये की राशि वसूली की। इसको



लेकर रोहतास पुलिस सहित रोहतास एसपी विनती कुमार जनता से लगातार अपील करते हुए बताया कि सड़क सुरक्षा के तहत जारी नियमों का आप सभी सदैव पालन तत्परता से करें।

प्रशासन ने श्रीमहथा की नहीं ली सुध

## बधार गांव में मिला गायब किशोर का शव, गमगीन हुए परिजन

>> घटनास्थल पर पहुंचे डीएसपी, जांच में जुटी पुलिस

**जगदीशपुर/भोजपुर :** अनुमंडल अंतर्गत तियर थाना क्षेत्र के चौराही गांव के मां काली मंदिर के उत्तर बधार गांव स्थित धान के खेत से मंगलवार की अहले सुबह 16 वर्षीय एक किशोर का शव बरामद हुआ। जिसके बाद गांव में सनसनी फैल गयी। मृतक किशोर की पहचान चौराही गांव निवासी जनार्दन सिंह के पुत्र संजीत कुमार उर्फ पंडित के रूप में की गयी है। बधार में किशोर का शव पड़े होने की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। मिली जानकारी के मुताबिक, मृतक संजीत सोमवार की देर शाम घर से



शौच करने जाने की बात कहकर घर से निकला था। परन्तु रात को घर नहीं लौटा। मृतक की पहचान संजीत कुमार के रूप में की गई। तीन भाई व एक बहन में वह तीसरे नंबर पर था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया। वहीं थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले को लेकर अब तक परिजनों द्वारा कोई आवेदन नहीं दिया गया है। आवेदन प्राप्त होने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।इस बीच सूचना पाकर जगदीशपुर डीएसपी राजीव चन्द्र सिंह व सर्किल इंस्पेक्टर भी मौके पर पहुंच गये और मामले की छानबीन की।

**प्रदेश >> अपडेट**

### योग प्रशिक्षक ने असहायों के बांटे गर्म कपड़े

**चंदवा :** योग प्रशिक्षक कृष्ण कुमार ने मंगलवार को चंदवा प्रखंड के लाधूप पंचायत अन्तर्गत हेसला गांव में अपने निजी खर्च से 45 असहायों के बीच स्वेटर, कम्बल का वितरण किया। श्री कुमार ने कहा कि मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। कड़ाके की ठंड में राहत पहुँचाना पुनीत कार्य है। मेरा यह प्रयास निरंतर जारी रहेगा।

**शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>**

### कैदी की रिम्स में मौत

**मेदिनीनगर :** पलामू सेंट्रल जेल के एक कैदी की रिम्स में मौत हो गई है ।मृतक का नाम किसलय सिंह है पलामू के मनातू का रहने वाला था। दरअसल किसलय सिंह पिछले कुछ दिनों से बीमार था। वह पैरालाइज हो गया था और उसे बीपी की भी समस्या थी। तबीयत खराब होने के बाद उसे इलाज के लिए एमएमसीएच में भर्ती करवाया गया था। एमएमसीएच में डॉक्टरों ने उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया था। रिम्स में इलाज के क्रम में किसलय सिंह की मौत हो गई ।किसलय सिंह पर टीएसपीसी के नक्सली होने का आरोप था। किसलय सिंह पलामू के मनातू थाना में दर्ज एफआईआर 53/21 का आरोपी था और इसी मामले में जेल गया था। मौत के बाद जेल प्रबंधन ने परिजनों को जानकारी दे दी है। किसलय सिंह कई महीनों से जेल में बंद था। पलामू सेंट्रल जेल के अधिकारियों ने मौत की पुष्टि की है और बताया है कि वह बीमार था। रिम्स में ही उसका पोस्टमार्टम किया जाना है, जिसके बाद शव को परिजनों को सौंप दिया जाएगा ।किसलय सिंह पर प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी का सदस्य होने का आरोप था। उसके ऊपर लिए कई हिंसक घटनाओं को अंजाम देने का भी आरोप था।

**संक्षिप्त >> अपडेट्स**

### तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**महेशपुर (पाकुड़) :** बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में मंगलवार को पल्स पोलियो अभियान को लेकर सेविकाओं के बीच तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में डब्लूएचओ अताउर रहमान एवं एमपीडब्ल्यू कीस्टो कुमार सिंह ने बताया कि 10 दिसंबर को सभी सेविका अपने-अपने बूथों में बच्चों को पोलियो का खुराक पिलाएंगे। तथा दुसरे एवं तीसरे दिन 11 एवं 12 दिसंबर को छुटे हुए बच्चों को घर-घर जाकर डोर टू डोर पोलियो का दवा पिला कर अभियान को सफल बननाने का प्रशिक्षण दिया गया। पल्स पोलियो को लेकर कोई भी सेविका लापरवाही नहीं बरते। साथ ही एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत 10 से 19 वर्ष के किशोरियों को हर बुधवार ब्लू आईएफए की गोली खिलाने की जानकारी दी गई।

### बीपीआरओ से की मुखिया की शिकायत

**महेशपुर (पाकुड़) :** प्रखंड के शहरग्राम पंचायत के 13 वार्ड सदस्यों ने मंगलवार को बीडीओ की अनुपस्थिति में बीपीआरओ को आवेदन देकर पंचायत के मुखिया सुजाता हेम्ब्रम के खिलाफ जांच कर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन देने वाले में वार्ड सदस्य चिचिलिया सोरेन, उप मुखिया भीम सोरेन, सोनमुनि हेम्ब्रम, साहेब मरांडी, रंजीत रंजन कुमार साह, मईबीटी सोरेन, अनीता पहाड़ीन, मालोती पहाड़ीन, गोपाल मुर्मु साहेबजन हंसदा समेत अन्य वार्ड सदस्यों ने आवेदन में उल्लेख किया है कि पंचायत की मुखिया अनियमित, अवैध एवं गैर कानूनी तरीके से कार्य कर रही है। सरकार के द्वारा निर्धारित साप्ताहिक बैठक को न मानते हुए अनियमित तरीके से बैठक कर रही है। मुखिया सुजाता हेम्ब्रम अपने कर्तव्य का सही ढंग से निर्वहन नहीं कर रही है।

**मलेरिया समस्या**

पीड़ित परिवार से मिलकर दी सांत्वना

# विधायक दिनेश मरांडी ने किया मलेरिया प्रभावित गांव कुटलो का दौरा

▶▶ भाजपा लोगो को रही दिग्भर्मित

▶▶ ग्रामीणों ने सुनायी अपनी पीढ़ा

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** विधायक दिनेश मरांडी ने मंगलवार को लिट्टीपाड़ा प्रखंड अंतर्गत मलेरिया प्रभावित गांव बड़ा कुटलो का दौरा किया। जहां पीड़ित परिवार सहित अन्य ग्रामीणों से मिलकर आवश्यक जानकारी ली व हर सम्भव सहयोग करने का आश्वस्त किया। इस दौरान सिविल सर्जन डा. मंटू टेकरीवाल, बीडीओ श्रीमान मरांडी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष समद अली, अजीजुल इस्लाम, छुतार किस्कु मुख्य रूप से उपस्थित थे। विधायक ने गांव पहुंचकर उपस्थित ग्रामीणों से मिले। ग्राम प्रधान बिरजू हांसदा सहित सभी उपस्थित ग्रामीणों से मिलकर बीते दिनों गांव मे बीमारी से हुई पांच बच्चो की मृत्यु को लेकर संवेदना व्यक्त किया। वही पीड़ित परिवार के सदस्य गिदोमोय सोरेन लखीराम मरांडी ,अनिल मड़ैया, मरांगमय सोरेन व चुनकी हांसदा से मिलकर ढाढस बंधाया। विधायक ने सिविल सर्जन से भी क्षेत्र में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिया। ग्रामीणों ने विधायक को कहा कि गांव में एक चापानल आवश्यक है। इसके साथ ही वृद्धावस्था पेंशन व आवास की समस्या रखी। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही समस्याओं की निदान को लेकर बीडीओ को निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि बीते दिनों गांव में हुई बच्चो की मौत से मर्माहत है। ऐसी घटना किसी परिवार को भोगना न पड़े।

सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर आने में विलम्ब हुई। पर घटना की सूचना मिलने साथ मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को अवगत कराया गया था। इसको लेकर उपायुक्त सहित स्वास्थ्य विभाग को तत्काल अवगत कराकर शीघ्र सम्बन्धित गांव में चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। भाजपा इस घटना को लेकर राजनैतिक रोटी सेकना चाह रही है। जो लोगो को दिग्भर्मित कर रही है। बीते चार वर्षो से केंद्र की भाजपा सरकार आवास की स्वीकृति नही दे रही है। जबकि राज्य सरकार निरन्तर मांग कर रही है। इसलिए हेमन्त सोरेन की सरकार से अबुआ आवास योजना धरातल में लाई है। भाजपा आदिवासी की हितैषी बनने का नाटक कर रही है पर मणिपुर में आदिवासियों की हुई नरसंहार पर मौन साधे हुए है। इस अवसर पर जिला परिषद अध्यक्ष अशोक भगत, शम्भूनाथ त्रिवेदी, बीस सूत्री अध्यक्ष प्रसाद हांसदा, जावेद आलम,प्रधान मुंशी बेसरा, मसी मरांडी, डिप्टी मरांडी, सैमुएल सोरेन,असजद अहमद,सागिर अंसारी, सुबोधन मड़ैया, सुमन भगत आदि उपस्थित थे।

### डेएनयूएलएम के तहत चार स्वयं सहायता समूहों के बिच 24 लाख वितरित



राष्ट्रीय खबर

**देवघर:** नगर निगम क्षेत्र के जसीडीह स्थित आचार्य नागेंद्र भवन में डेएनयुएलएम योजना के तहत कल कर स्वयं सहायता समूहों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। साथ ही सोना सोबरन के तहत धोती लूंगी साड़ी का भी वितरण किया गया। इसकी शुरूआत झारखंड के पूर्व मंत्री सुरेश पासवान झामुमो के जिला सचिव सूरज झा, झामूमों नेता सरोज सिंह, शिवशंकर सिंह उर्फ नुनु सिंह महानगर अध्यक्ष, मनोरंजन कुमार जिला महासचिव राजद, साहिल कुमार, जिला उपाध्यक्ष जिला युथ कांग्रेस ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर इसकी शुरूआत किया। मौके पर सहायक नगर आयुक्त, सुरेंद्र किस्कू, विजय कुमार हांसदा, राजीव रंजन मौजूद थे।

# सरकार की वादाखिलाफी अब बर्दाश्त नहीं : बेलाल अहमद



राष्ट्रीय खबर

**चंदवा:** झारखण्ड सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा की राज्यस्तरीय बैठक मोराबादी के दादा दादी पार्क रांची में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता बिनोद बिहारी महतो संचालन सिद्दीक शेख ने किया। सरकार के वादाखिलाफी के कारण राज्य के पारा शिक्षकों में आक्रोश है। राज्य के 62000 हजार पारा शिक्षकों को बेतनमान,आकलन उतीर्ण एवं सी टेट को जे टेट का समतुल्य लाभ, आचार्य शिक्षक नियुक्ति में विभिन्न त्रुटियों में संसोधन , 15 नवंबर 2018 को भाजपा सरकार द्वारा पारा शिक्षक एवं परिजनों पर रांची एवं राज्य के विभिन्न थानों पर मुकदमा दर्ज वापास लिया जाये। पारा शिक्षकों का सेवा शर्त नियमावली में संसोधन कर अनुकम्पा, ईपीएफ का लाभ,4% वार्षिक बृद्धि सहित अन्य मांग शामिल है। तीन दिसम्बर को राज्य के सभी सत्ता पक्ष/विपक्ष विधायक / मंत्री के आवास पर विधानसभा के सभी प्रखण्ड इकाई की संयुक्त बैठक एवं विधायक/मंत्री को संयुक्त मांग पत्र ज्ञापन, 10 दिसम्बर को राज्य के सभी जिलों में सभी संगठनों का संयुक्त बैठक 16 दिसम्बर को राज्य के सभी पारा शिक्षकों के द्वारा ट्विटर अभियान के माध्यम से मांगो को लेकर माननीय मुख्यमंत्री का ध्यानाकर्षण, 19 दिसम्बर को एक दिवसीय झारखंड विधानसभा घेराव , 28 दिसम्बर 2023 से अनिश्चित कालीन मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम आयोजित है।

# जंगली हाथियों ने फसलों को किया बर्बाद



राष्ट्रीय खबर

**चंदवा:** बीती रात माल्हन पंचायत अंतर्गत माल्हन, केकराही और मरमर में जंगली हाथियों द्वारा दर्जनों किसानों के खेत में लगे धान के फसल खा गए और क्षति पहुंचाए। ग्रामीणों द्वारा सूचना स्थानीय मुखिया जतरू कुमार मुंडा को को दिया गया सूचना मिलते ही भूक्त भोगी किसानो से मुलाकात करने कर घटना की जानकारी ली। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिदिन शाम ढलते ही गांव में जंगली हाथियों का प्रवेश होता है और ऐसी अकाल परिस्थिति के दिनों में बहुत मेहनत के बाद हम लोग धान का फसल लगा पाए हैं और जब धन काटकर भंडारण करने का समय आ रहा है तो जंगली हाथियों के द्वारा फसल नष्ट एवं बर्बाद किया जा रहा है। ऐसा में हम लोग सभी ग्रामीण किसान मदद मांगने आखिर किसके पास जाए। वन विभाग अधिकारी जल्द अगर उचित कदम नहीं उठाती है तो हम सभी किसानों की फसल जंगली हाथी नुकसान पहुंचायेंगे। मुखिया जतरू मुंडा ने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि आप लोग का जितना भी फसल क्षति हुआ है सभी का आवेदन वन विभाग में जमा करें आप लोगों को क्षति के अनुकूल वन विभाग से मुआवजा दिलाया जायेगा। मौके पर भीम गंझू,लालजी गंझू, अर्जून गंझु, लंगड़ा गंझू, पुजरा गंझू, शिबू लोहरा, बुधन लोहरा, दिलीप गंझू,भीम गंझु,हरिबंस गंझू उपस्थित थे।

# सनातन की रक्षा को सभी हिंदू एक हों: देवकीनंदन



राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर :** सनातन की रक्षा के लिए सभी हिंदू एक हों। जाति के बंधन को तोड़ दें। सनातन की रक्षा आज नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ी धिक्कारेगी।उक्त बातें श्रीमद् भागवत पुराण के अंतरराष्ट्रीय कथावाचक, धर्मराज, शांति दूत पूज्य श्री देवकीनंदन ठाकुर ने कही। वे मंगलवार को स्थानीय हाउसिंग कॉलोनी गौशाला प्रांगण में परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन श्रद्धालुओं को कथा सुना रहे थे। कहा- वे दावे के साथ कह सकते हैं कि जिनके मां-बाप बच्चों को बचपन व जवानी में कथा सुनाते हैं, उनके बच्चे धर्मी होते हैं। कभी भी अधर्मी कार्य नहीं कर सकते। देवकीनंदन ठाकुर ने पंडाल में नवीं व दसवीं वर्ग के अंग्रेजी मीडियम स्कूल के बच्चों से गणित के सरल सवाल पूछे। नहीं बताए जाने पर देवकीनंदन ने अंग्रेजी मीडियम स्कूल की लताड़ लगाई।

**जनता दरबार**

उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने लगाया जनता दरबार सुनी लोगों की समस्या

# अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई करने का दिया निर्देश

▶▶ कैंसर पीड़ित महिला को इलाज में सहयोग का दिया भरोसा

▶▶ अनुकंपा से संबंधित मामलों पर भी किया विचार

राष्ट्रीय खबर



**पाकुड़:** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरनवाल ने जनता दरबार आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहर से जनता शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित जनता ने अपनी अपनी समस्याओं से उपायुक्त महोदय को अवगत कराते हुए समाधान करने का अनुरोध किया। जनता दरबार में आई समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त महोदय ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निष्पादन करने का निर्देश दिया।जनता दरबार में कैंसर पीड़ित महिला पहुंचकर उपायुक्त से इलाज के लिए सहयोग की अपील की।

इस दौरान उपायुक्त महोदय ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत महिला अच्छादित करने का निर्देश संबंधित अधिकारी को दिया। इसके अलावा अनुकंपा से संबंधित, शिक्षा विभाग से संबंधित, जमीन संबंधित मामलों को लेकर आवेदन प्राप्त हुए। उपायक महोदय ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें। जिससे शिकायत के रूप में मिले आवेदन का समाधान जल्द किया जा सके। उपायुक्त ने कहा कि आमजन की सुनवाई में कोई कोताही न बरती जाए और इसे प्राथमिकता से लिया जाये। उन्होंने अधिकारियों शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करने निर्देश है।

उन्होंने कहा कि समाज के हर वर्ग को सरकारी सुविधाओं का लाभ मिले इसके लिये आवश्यक कदम उठाये। उन्होंने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने में अधिकारी अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से पहुंचाने के लिये तालमेल बनाकर काम करे। इससे आम लोगों को विशेष समाज के गरीब वर्ग को योजनाओं का लाभ मिल सके। उपायुक्त जनता दरबार में आने वाली शिकायतों को काफी गंभीरता से लेते हुये। शिकायत से संबंधित विभाग के अधिकारी को स्पष्ट तौर समाधान करने को कहा है। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी रश्मि कांति सहित अन्य उपस्थित थे।

**न्यूज फटाफट**

### हुसैनाबाद नगर पंचायत में लगाया गया शिविर



**हुसैनाबाद :** नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड 16 के प्राथमिक विद्यालय मोहम्मदाबाद में मंगलवार को वार्ड संख्या: 15,16 के लोगों के लिये आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अबुआ आवास योजना, बिरसा सिंचाई कूप योजना,गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, होल्डिंग टैक्स ट्रेड लाइसेंस जल कर से संबंधित मामले, स्वयं सहायता समूह के गठन एवं ऋण से संबंधित मामले, मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के तहत नई जॉब कार्ड नवीनीकरण, कार्य आवंटन संबंधित मामले समेत अन्य योजनाओं से संबंधित अलग-अलग स्टॉल लगाकर लोगों से आवेदन प्राप्त किये गये ।इस दौरान नगर पंचायत के ग्रामीण की समस्याओं को सूचीबद्ध किया गया। वंही कई आवेदकों का ऑन स्पॉट योजनाएं स्वीकृत की गयी ।नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी विपुल सन्नी ने बताया कि ठंड के मद्देनजर जरूरतमंदों एवं बुजुर्गों के बीच कंबल का वितरण किया गया। समाचार लिखे जाने तक विभिन्न स्टॉल पर 249 से अधिक आवेदन प्राप्त किये गए ।मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविधालय मे आजसू ने की तालाबंदी



**पलामू :** अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के छात्रों ने मंगलवार को विश्वविधालय प्रभारी अभिषेक राज के नेतृत्व मे विश्वविद्याल मे तालाबंदी कर कई घंटो तक बैठे रहे ।मौके पर छात्रों द्वारा मांग किया गया की स्थाई कुलपति और प्रतिकुलपति की नियुक्ति जल्द हो। जे एस कॉलेज के कुछ शिक्षको पर कार्यवाही के लिए जांच रिपोर्ट मिलने के बाद भी कार्यवाही क्यों नहीं कुलपति एनपियू के साथ सौतेला व्यवहार बंद करे। हफ्ते मे दो दिन उपस्थित होना होगा। कुलपति के विश्वविद्यालय मे ना होने के कारण पदाधिकारी अपने मनमाने तरीके से विश्वविद्यालय मे आते है। सभी सत्रों को नियमित करो।सभी सत्रों के परीक्षा परिणाम जल्द घोषित करो। ३ महीने से अधिक समय परीक्षा लिए हो चुका मगर परीक्षा परिणाम क्यों नहीं? बिना यूजी 2020-23 के फाइनल रिजल्ट के पीजी 2023-25 का नामांकन किसके लिए?? छात्र संघ चुनाव कब तक? छात्र संवाद स्थापित करो। छात्रों ने विश्वविधालय के कुलानुशासक के आश्वाशन के बाद वार्ता कर आंदोलन को समाप्त किया। अभिषेक राज ने कहा की विश्वविधालय भगवान भसोरे ही चल रहा है यहां कहने सुनने वाला कोइ नहीं है ।कुलपती और प्रतिकुलपति की नियुक्ती नहीं होने के कारण विश्वविधालय के पदाधिकारी मनमाने ढंग से विश्वविधालय चला रहे है। राहुल कुमार मिश्रा ने कहा की सभी सत्रों का परीक्षा परिणाम अधर पर लटका हुआ है। पदाधिकारी क्या काम करते है मालूम ही नहीं चलता है। विश्वविधालय का स्तिथि बहुत ही दैनिये होती जा रही है। बिपिन शुक्ला ने विश्वविद्याल के प्रभारी कुलपति विश्वविधालय के साथ पर सौतेला व्यवहार कर रहे है कब आते है और कब जाते है इसका अनुमान कोइ नहीं लगा सकता। मौके पर समीर, सौरव, अमित, गौरव आदि दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

### पंसस अयुब खान ने स्वेटर वितरण करने का दिया निर्देश



**चंदवा :** कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय चटुआग का निरीक्षण किया। बच्चों के बीच स्वेटर वितरण नहीं होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह से कनकनी ठंड बढ़ी है, पहाड़ी क्षेत्र है, स्कूल में बच्चे ठंड से ठिठुर रहे हैं, शिक्षकों को निर्देश दिया है कि स्कूल के छात्र छात्राओं के बीच जल्द से जल्द स्वेटर का वितरण करें। अयुब खान ने बताया कि स्कूल में तीन शिक्षक मे दो अजीत कुमार सिंह, रुपाली सुमन पाए गए, प्राध्यापक विनोद राम के बारे में बताया गया कि वह दो दिनों की छुट्टी में हैं, अयुब खान ने हेडमास्टर से दुरभाष पर बात कर उन्हें भी स्वेटर वितरित करने के निर्देश दिए हैं। शिक्षकों ने बताया कि स्कूल में तीन रुम है इसमें एक आफिस है, दो कमरों में पढ़ाई का कार्य चल रहा है, एक से आठ तक के बच्चे यहां पठन पाठन कर रहे हैं, 152 नामांकित बच्चों में 120 बच्चे उपस्थित पाए गए। शौचालय जर्जर अवस्था में है। शिक्षकों का चार पद है इसमे एक रिक्त है। उन्होंने कहा कि स्वेटर वितरित करने के लिए शिक्षा विभाग ने फंड एक सप्ताह पहले ही उपलब्ध करा दिया है इसके बावजूद भी बच्चे ठंड से ठिठुर रहे हैं। पंचायत में जल्द ही स्कूल के बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण नहीं किया गया तो इसकी शिकायत जिला प्रशासन से किया जायेगा।

### जायसवाल समाज के सदस्यों ने इतिहासकार की मनाई जयंती

**पाकुड़ :** शहर के शिव शीतला मंदिर के पास जायसवाल समाज के सदस्यों के द्वारा इतिहासकार स्वर्गीय काशी प्रसाद जयसवाल की जयंती मनाई गई. जयंती के तहत सबसे पहले समाज के सचिव राजेश जायसवाल प्रदीप जायसवाल जितेंद्र जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया इसके बाद बारी-बारी से सभी सदस्यों ने इतिहासकार स्व काशी प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पुष्प अर्पित किया। वही मौके पर उपस्थित सदस्यों को वरिष्ठ सदस्य प्रदीप जायसवाल उनके जीवन की जानकारी देते हुए बताया कि इतिहासकार स्व काशी प्रसाद जायसवाल काफी विलक्षण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। स्वर्गीय जयसवाल एक महान इतिहासकार ही नहीं थे बल्कि 35 भाषाओं के ज्ञाता अनेक पुस्तकों के रचयिता तथा सफल कानूनविंद भी थे। उनका जन्म 27 नवंबर 1881 को यूपी के मिजार्पुर में हुआ था। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही ऐसा जरिया है जो मानव जीवन को बदल देता है हमें स्व जयसवाल के जीवन से सीखने की जरूरत है। मौके पर समाज के विजय जयसवाल,रवि जायसवाल, अजय जायसवाल, सर्वेश जायसवाल, ओम प्रकाश जायसवाल, संजय जयसवाल, शैलेंद्र जायसवाल समेत दर्जनों सदस्य मौजूद थे।

## न्यूज फटाफट

### रिकर्व/ इंडियन राउंड एवं कंपाउंड के प्रतियोगिता साथ चल रहे हैं



**रांची** :24-30 नवंबर तक आयोजित सीनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता अयोध्या उत्तर प्रदेश में चल रही है आज रिकर्ब पुरुष टीम ने असम को हराकर कांस्य पदक जीता इस टीम के सदस्य मृणाल चौहान, सुवोदीप हाजरा, गोल्डी मिश्रा एवं गुरु चरण बेसरा थे । वही इंडियन राउंड की महिला टीम ने भी उत्तर प्रदेश टीम को हराकर कांस्य पदक जीती टीम में आरती कुमारी, हीरामणि सिंकु, अंकु कुमारी, चांदमणि कुंकल, शामिल थी सभी विजेताओं को एवं उनके प्रशिक्षक प्रकाश राम, मोहन साहू, अनिल कुमार, महेंद्र सिंकु, रोहित कोहरी, को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### खेलो इंडिया वूमेनस किक बॉक्सिंग लीग का समापन,रांची के खिलाड़ियों का बेहतर प्रदर्शन

**रांची** :27 नवंबर- दो दिवसीय खेलो इंडिया विमेंस किकबॉक्सिंग लीग का समापन स्थानीय खेल गांव स्थित बाक्सिंग हॉल होटवार रांची में हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि कुमार गौरव अध्यक्ष युवा आयोग रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आए हुए लगभग 325 खिलाड़ी एवं 75 ऑफियल ने अपना योगदान दिया इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर कुमार गौरव ने कहा इस तरह की प्रतियोगिता से महिलाओं में आत्मनिर्भरता और प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ती है आज के परिवेश में महिलाएं पुरुष से कदम से कदम मिलाकर चल रही है। झारखंड किक बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष बी ठाकुर ने बताया महिला खिलाड़ियों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगे लाने के लिए केंद्र सरकार एवं वाको इंडिया कीक बॉक्सिंग फेडरेशन के द्वारा पूरे भारत में 27 स्थान पर लीग का आयोजन किया जा रहा है इस लीग में स्वर्ण पदक विजेताओं का सीधी तौर पर राष्ट्रीय महिला लीग में खेलने का अवसर प्रदान होगा। विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता विनय सिन्हा दीपू ने कहा सभी विजेता खिलाड़ियों को बधाई विषेष रूप से रांची कि खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान बनाया और जिस तरह राज्य में अपना परचम लहराया है राष्ट्रीय स्तर और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य एवं राष्ट्र का नाम ऊंचा करने का कार्य करें।पदक तालिका में रांची 23 स्वर्ण 13 कांस्य 27 रजत पदक प्राप्त कर पहला स्थान बनाया। दुसरे स्थान पर पू.सिंहभूम 13 स्वर्ण 5 रजत 2 कांस्य प्राप्त किया। वहीं तीसरे स्थान पर गोड्डा रहा 11 स्वर्ण 5 रजत 2 कांस्य चौथे स्थान पर धनबाद 10 स्वर्ण 4 रजत 2 कांस्य प्राप्त किए। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुबोध कुमार सिंह प्रदेश मंत्री भाजपा डॉक्टर एम तौसीफ सदस्य झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग अनुपम हजारा उपाध्यक्ष झारखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन सुरेंद्र प्रसाद ऑब्जर्वर साईं उपस्थित रहे।इस अवसर पर झारखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव ओवैस अराफात करण कुमार,रांची जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के महासचिव गुलाम जावेद वॉरिय उपाध्यक्ष विमल आनंद नाग आलोक श्रीवास्तव नौशाद खान कलीम खान कोषाध्यक्ष कमल किशोर कच्छप संजीव श्रीवास्तव पूनम सिंह अधिवक्ता प्रिया कुमारी, ब्लमदीना तिग्गा इबरार अंसारी गुलाम गौस कुरैशी लालचंद लोहार राहुल सिंह, सहित अन्य उपस्थित थे।

### एक बार फिर झारखंड के खिलाड़ियों ने लहराया तिरंगा

**रांची**:भूटान के थिंफू(भूटान) में आयोजित पारा थ्रो बॉल प्रतियोगिता में भारत ने भूटान को 25-15, 23-25 , 25-19 से हराया। वहीं महिला वर्ग ने 25-18, 25-20, 25-23 तीनों सेट से भूटान को पराजित किया। ज्ञात हो कि प्रतियोगिता में झारखंड के पुरुष दल में कप्तान मुकेश कंचन,सहित सनोज महतो शामिल थे। इसी प्रकार महिला वर्ग में महिमा उरांव, और असुंता टोपो भारतीय टीम में शामिल थी। कप्तान के बेहतरीन प्रदर्शन से भारतीय टीम विजय हुई। सनोज महतो का भी शानदार प्रदर्शन रहा।

**क्रिकेट**

### भारत में चल रही टी-20 श्रृंखला के आखिर मुकाबलों के लिए

# फिलिप, मैकडरमॉट, ग्रीन और ड्वार्शुइस टी-20 टीम में होंगे शामिल

एजेंसियां

**सिडनी** : जोश फिलिप, बेन मैकडरमॉट, क्रिस ग्रीन और बेन ड्वार्शुइस को भारत में चल रही टी-20 श्रृंखला के आखिर मुकाबलों के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम में शामिल किया जायेगा और कई खिलाड़ी स्वदेश लौटेंगे। न्यू साउथ वेल्स और सिडनी थंडर के ऑफस्पिनर क्रिस ग्रीन भारत में टी-20 टीम में बुलाए जाने के बाद ऑस्ट्रेलिया में पदार्पण की संभावना हैं। विकेटकीपर-बल्लेबाज जोश फिलिप और बेन मैकडरमॉट भी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज बेन द्वारशुइस के साथ दौरे में शामिल हो रहे हैं। वहीं खिलाड़ियों का एक समूह मंगलवार को गुवाहाटी में तीसरे मैच के बाद स्वदेश रवाना हो रहा है। सीन एबॉट, जोश इंग्लिस, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, स्टीवन स्मिथ और एडम जम्पा एकदिवसीय विश्वकप जीत के बाद स्वदेश लौट आएंगे। जबकि ट्रैविस हेड टीम में बने रहेंगे और ओपनिंग भी करेंगे। मैक्डरमोट और फिलिप भारत पहुंच गये हैं जबकि ग्रीन और ड्वार्शुइस चौथे





मैच के लिए रायपुर पहुंचने पर टीम से जुड़ेंगे।

30 वर्षीय ग्रीन ने टी-20 क्रिकेटर के रूप में जाने जाते है हालांकि पिछले 12 महीनों में वह न्यू साउथ वेल्स की शेफील्ड शील्ड टीम में एक नियमित खिलाड़ी हैं। बीबीएल में उन्होंने थंडर के लिए 29.56 की औसत और 7.14 की इकॉनमी रेट से 66 विकेट लिए हैं। क्रिस ग्रीन दुनिया भर में टी-20 मैच खेल चुके हैं फिलिप, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज है उन्होंने 2021 की शुरुआत में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना टी-20 खेला था। उन्होंने अपने दूसरे और तीसरे मैच में 45 और 43 रनों के साथ कुछ प्रभावशाली पारियां खेलीं। लेकिन वेस्ट इंडीज और बंगलादेश के दौरे की अपनी अगली सात पारियों में 13रन से अधिक नहीं बना सके। उन्होंने सीज़न की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया ए के लिए न्यूजीलैंड ए के खिलाफ शतक भी बनाया। मैकडरमॉट उन लोगों में सबसे अनुभवी हैं, जिन्होंने पांच एकदिवसीय और 23 टी-20 मैच खेले हैं। उल्लेखनीय है कि तिरुवनंतपुरम में भारत से हार के बाद ऑस्ट्रेलिया श्रृंखला में 2-0 से पीछे है।

## हॉकी इंडिया ने पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 39 खिलाड़ियों की घोषणा की



एजेंसियां

**नयी दिल्ली** : हॉकी इंडिया ने स्पेन में पांच देशों के टूर्नामेंट की तैयारी के मद्देनजर बेंगलुरु के भारतीय खेल प्राधिकारण (साई) केंद्र में बुधवार से शुरु होने वाले पुरुष राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए 39 खिलाड़ियों की घोषणा की। भारतीय टीम 15 दिसंबर से वालेंसिया में पांच देशों जर्मनी, फ्रांस, बेल्जियम और मेजबान स्पेन के बीच होने वाले टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी। इस अवसर पर भारतीय टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''हांगझोउ एशियाई खेलों के सफल अभियान के बाद दीर्घ अंतराल रहा है। टीम के ज्यादातर खिलाड़ियों ने चेन्नई में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में हिस्सा लिया और मुझे भी कुछ युवा और उभरते हुए खिलाड़ियों को करीब से खेलते हुए देखने का मौका मिला।'' उन्होंने कहा, ''हम अब पेरिस ओलंपिक के लिए अपनी तैयारियों में नये नजरिये के साथ बेंगलुरु के साई केंद्र में एकत्र होंगे।'' उन्होंने कहा, ''जैसा कि मैंने कहा है कि यह एक प्रशिक्षण प्रक्रिया है और हम एशियाई खेलों के अभियान पर ध्यान केन्द्रित करेंगे और हम बतौर बेहतर टीम कैसे बना सकते हैं और इस दिशा में ही आगे काम कर रहे हैं।'' टीम कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा, ''पिछले कुछ दिन बहुत अच्छे बीते, हमने परिवार के साथ समय व्यतीत किया और चेन्नई में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में अपने घरेलू राज्य के लिए भी खेले। अब हम राष्ट्रीय शिविर में टीम को बेहतर बनाने के प्रयास में जुटेंगे।'' कोर संभावित ग्रुप में खिलाड़ियों की सूची में गोलकीपरः कृष्ण बहादुर पाठक, पी आर श्रीजेश, सूरज करकेरा, पवन, प्रशांत कुमार चौहान। डिफेंडरः जरमनप्रीत सिंह, सुरेंदर कुमार, हरमनप्रीत सिंह, वरुण कुमार, अमित रोहिदास, गुरिंदर सिंह, जुगराज सिंह, मनदीप मोर, नीलम संजीप जेस, संजय, यशदीप सिवाच, दिपसन टिर्की, मंजीत। मिडफील्डरः मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, नीलकंठ शर्मा, राजकुमार पाल, सुमित, आकाशदीप सिंह, गुरजंत सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन, मनिंदर सिंह। फॉरवर्डः एस कार्ति, मंदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सिमरनजीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, पवन राजभर शामिल हैं।

## एफसी गोवा ने जमशेदपुर एफसी को 1-0 से हराया



एजेंसियां

**मडगांव** : एफसी गोवा ने जमशेदपुर एफसी को हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 सीज़न की अपनी पांचवीं जीत दर्ज की। सोमवार रात यहां फतोर्दा स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में एफसी गोवा ने जमशेदपुर एफसी को 1-0 से हराया। गोवा की ओर से खेल रहे स्पेनिश मिडफील्डर विक्टर रोड्रिग्ज ने 61वें मिनट में स्ट्राइकर कार्लोस मार्टिनेज के लिए बेंच से बाहर आकर निर्णायक योगदान दिया। उन्होंने 84वें मिनट में विशाल यादव को छकाते हुए पास आए मौके को गोल में तब्दील कर दिया। हालांकि मुकाबला काफी रोमांचक रहा और दोनों टीमों की ओर से गोल करने के प्रयास किये गये। एफसी गोवा तीन दिसंबर को फतोर्दा स्टेडियम में केरला ब्लास्टर्स एफसी की मेजबानी करेगा, जबकि एक दिसंबर को जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जमशेदपुर एफसी का मुकाबला ओडिशा एफसी से होगा।

## खेल जगत अपडेट्स ››

### खेल विभाग के कार्यों को 15 दिसंबर तक पूर्ण करें अधिकारी : रेखा



**देहरादून** : उत्तराखंड की खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने मंगलवार को विभागीय प्रमुख सचिव व निदेशक के साथ महत्वपूर्ण कार्यो के संबंध में बैठक ली। उन्होंने निर्देश दिए कि 15 दिसंबर तक संबंधित विभागीय सभी कार्य पूरे कर लिए जाएं। साथ ही, होमवर्क से उन्हें अवगत कराएं। मंत्री ने अधिकारियो को 'मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना' से लाभान्वित बच्चों के एक वर्ष तक का फीडबैक लेने के निर्देश भी दिए। साथ ही, राज्य में होने जा रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के संबंध अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि जहां-जहां पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होना है, वहां पर चल रहे निर्माण कार्यों को तय समय पर पूरा कर लिया जाए। श्रीमती आर्य ने रुद्रपुर में बन रहे वेलोड्रम के निर्माण कार्य के बारे में निर्देश दिए कि वेलोड्रम के निर्माण के दौरान यहां पर विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए, ताकि उसका निर्माण कार्य उचित समय पर पूरा हो। उन्होंने बताया कि समीक्षा बैठक में राज्य सरकार की खेल से संबंधित जो योजनाए हैं उनमें कितनी प्रगति हुई है इसके बारे में चर्चा की गई। जिसमें चार प्रतिशत का आरक्षण, स्पोर्ट्स डेवलपमेंट फण्ड की प्रगति ,महिला छात्रावास की प्रगति, खेल महाकुंभ, खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी में समाहित करना सहित कई अन्य शामिल हैं। मंत्री ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि अधिकारियो को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि जिन-जिन विषयों को कैबिनेट में लाया जाना है उनकी तैयारी और जिन मुद्दों पर शासनादेश निकलना हैं उनकी तैयारी कर ली जाए। मंत्री ने बताया की अधिकारियों को यह भी दिशा निर्देश दिए गए हैं कि इन सभी विषयों पर 15 दिसंबर तक एक्सरसाइज कर ली जाए तत्पश्चात पूर्ण हुए कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट से उन्हें अवगत कराया जाए।

## विक्रांत सिंह राजपूत की फिल्म हानिकारक बीवी की शूटिंग शुरू



एजेंसियां

**मुंबई**: भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता विक्रांत सिंह राजपूत और अभिनेत्री ऋतु सिंह की आने वाली फिल्म हानिकारक बीवी की शूटिंग शुरू हो गई है। फिल्म हानिकारक बीवी पति-पत्नी की कहानी पर आधारित है। इस फिल्म का निर्देशन इम्तियाज शेख बंटी कर रहे हैं। विक्रांत सिंह राजपूत ने कहा कि फिल्म हानिकारक बीवी एक अलग जॉनर की फिल्म है। मुझे उम्मीद है, यह दर्शकों को पसंद आएगी। फिल्म में मेरा किरदार अनूठा है। उम्मीद करूंगा कि आप सबों को यह पसंद आए। फिल्म की कहानी ने मुझे आकर्षित किया। फिलहाल फिल्म की शूटिंग में पूरा वक्त लगा रहा हूं। इस फिल्म में मेरा लुक भी अलग होगा और अंदाज भी। उन्होंने कहा कि फिल्म में मेरे साथ ऋतु सिंह हैं, जो अब तक कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। फिल्म में हमारी जोड़ी दर्शकों के दिलों में उतर जाने वाली होगी। फिल्म का निर्माण बिग स्केल पर हो रहा है। इंटर 10 रंगीला के जास मोशन पिक्चर्स एल एल पी प्रा लि के बैनर से बन रही फिल्म हानिकारक बीवी के निर्माता अंशुमान सिंह हैं। एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर सुभाष चौहान हैं। प्रोडक्शन कंट्रोलर जय मिश्रा हैं। संगीतकार साजन मिश्रा हैं। फिल्म में विक्रांत सिंह राजपूत और ऋतु सिंह के साथ अमित शुक्ला, महेश आचार्य और कंचन मुख्य भूमिका में हैं।

## 19 जनवरी 2024 को रिलीज होगी पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'मैं अटल हूं'



एजेंसियां

**मुंबई**: बॉलीवुड अभिनेता पंकज त्रिपाठी की आने वाली फिल्म मैं अटल हूं 19 जनवरी 2024 को रिलीज होगी। विनोद भानुशाली निर्मित 'मैं अटल हूं' देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी के जीवन पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी ने अटल बिहारी बाजपेयी का किरदार निभाया है।इस फिल्म को रवि जाधव ने निर्देशित किया है और इसे रवि ने ही ऋषि विरमानी के साथ मिलकर लिखा है।फिल्म मैं अटल हूं 19 जनवरी 2024 को रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के किरदार में ढ़लने के लिए काफी मेहनत की। फिल्म की शूटिंग के दौरान पूरे 60 दिनों तक उन्होंने सिर्फ अपने हाथ की बनी हुई खिचड़ी ही खाई थी। पंकज त्रिपाठी ने बताया, अटल जी का किरदार निभाना मेरे लिये चुनौतीपूर्ण रहा। मेरे लिए यह चुनौतीपूर्ण रहा कि मैं सही से कर पाऊंगा या नहीं।

## खुशबू और तोशी द्विवेदी का भोजपुरी लोकगीत 'कलकतिया मिठाई' रिलीज

एजेंसियां

**मुंबई**: गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री तोशी द्विवेदी का भोजपुरी लोकगीत 'कलकतिया मिठाई' रिलीज हो गया है। 'कलकतिया मिठाई' लोकगीत वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस गाने को खुशबू तिवारी केटी ने और गाया है जबकि तोशी द्विवेदी पर फिल्माया गया है।गाने में दिखाया गया है कि तोशी द्विवेदी का पति कलकत्ता जाने के लिए तैयार है और गाड़ी में लगेज रखने जा रहा है कि तभी गाड़ी की चाबी तोशी द्विवेदी लेकर अपने उंगलियों में नाचने लगती है। जब उसका पति गाड़ी की चाबी लेना चाहता है



और कोलकाता जाने के लिए रवाना होना चाहता है तो तोशी द्विवेदी अपने पति से कहती है कि जा तारा कमाय ए पिया कलकाता, येही से हमार जियरा डेराता, ठीक से तू तनी रहिहा राजा जी, रहिहा राजा जी... अरे कवनो बँगलिनिया के हाथ से, कलकतिया मिठाई जनि खइहा राजा जी। वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स प्रस्तुत भोजपुरी लोकगीत ह्यकलकतिया मिठाईह्न के गीतकार यादव राज हैं। संगीतकार बम्बू बीट हैं।

## सैम बहादुर में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाने को लेकर नर्वस थी फातिमा सना शेख



एजेंसियां

**मुंबई**: बॉलीवुड अभिनेत्री फातिमा सना शेख का कहना है कि वह फिल्म सैम बहादुर में इंदिरा गांधी की भूमिका निभाने को लेकर नर्वस थी। देश के पहले फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ पर फिल्म सैम बहादुर बनायी गयी है। इस फिल्म में सैम मानेकशॉ का किरदार विक्की कौशल निभा रहे है। फातिमा सना शेख फिल्म सैम बहादुर में इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। फातिमा सना शेख ने कहा, 'जब मुझे इंदिरा गांधी का रोल मिला तो मैं नर्वस थी। मुझे नहीं पता था कि मैं इसे कर भी पाऊंगी या नहीं।इंदिरा गांधी का व्यक्तित्व मेरे लिए बहुत बड़ा था। जब मैंने मेघना को इस बारे में बताया तो उन्होंने कहा कि मुझ पर भरोसा रखो। मुझे खुद पर भरोसा नहीं था, लेकिन उन्होंने किया। उन्होंने इंदिरा गांधी से जुड़ी सारी शोध सामग्री मुझे दे दी।इस फिल्म में इंदिरा गांधी का लुक लेने के लिए मेकअप आर्टिस्ट ने मेरे चेहरे की स्वाभाविक चीजों को ही आवश्यकतानुसार ढाला है। सैम बहादुर फिल्म का निर्देशन मेघना गुलज़ार ने किया है। इस फिल्म को रॉनी स्क्रूवाला ने प्रोड्यूस किया है।यह फिल्म एक दिसंबर 2023 को रिलीज होगी।

## प्रदेश >> अपडेट

### असम पुलिस ने 1.8 किलोग्राम हेरोइन जब्त की

**गुवाहाटी** : असम पुलिस ने मंगलवार को कामरूप जिले के गौरीपुर में 1.8 किलोग्राम हेरोइन जब्त की। एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए एसटीएफ असम ने एक ऑपरेशन चलाया और कामरूप जिले के गौरीपुर में 1.8 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर कहा,''अभियान के दौरान दो नशीले पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया।''

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### छात्रों की गिरफ्तारी पर भड़की महबूबा

**श्रीनगर** : पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी(पीडीपी) अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को कहा कि विजेता क्रिकेट टीम की जय-जयकार करने वाले छात्रों के खिलाफ गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम लगाना जम्मू-कश्मीर में युवाओं के प्रति सत्ता प्रतिष्ठान की 'क्रूर मानसिकता' को दर्शाता है। शेर-ए-कश्मीर यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में क्रिकेट विश्व में भारत के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया की जीत के बाद कप 19 नवंबर को पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए गए थे और एक अन्य गैर-स्थानीय छात्र ने शिकायत की थी कि उसे कथित तौर पर धमकी दी गई। इसके बाद सात कश्मीरी छात्रों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया।

### पेड़ पर लटका मिला युवती का शव

**जौनपुर** : उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के चन्दवक थाना क्षेत्र में एक युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार अर्चना यादव(22) निवासी सतमेसरा सोमवार रात परिजनों को खाना बना कर खिला कर सोने अपने कमरे मे चली गई थी। परिजनों के अनुसार रात्रि लगभग दो बजे लघु शंका करने उठे तो बिजली का बल्ब नहीं जल रहा था।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### शहडोल में तालाब के पास नवजात कन्या का शव मिला

**शहडोल** : मध्यप्रदेश के शहडोल नगर में एक तालाब के पास एक नवजात कन्या का शव बरामद हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार स्थानीय सर्किट हॉउस के पास पोनांग तालाब की झाड़ियों में कल शाम एक नवजात कन्या का शव मिला। उसे मेडिकल कॉलेज के शवगृह में रखवाया गया है। सोहागपुर पुलिस के अनुसार राहगीर की सूचना पर मिले शव का मामला दर्ज कर आसपास खोजबीन की जा रही है। शहर में छह महीने पूर्व भी कन्या हॉस्टल के पास एक नवजात का शव मिला था। इसमें जाँच के बाद हॉस्टल की एक छात्रा और उसके प्रेमी के खिलाफ अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं हॉस्टल अधीक्षिका के खिलाफ अभी भी जाँच चल रही है।

### यात्री बस पलटने से दो की मौत, 20 यात्री घायल

**पन्ना** : मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में आज सुबह एक यात्री बस के अनियंत्रित होकर पलटने से उसमें सवार दो लोगों की मौत हो गई। सुबह लगभग 10 बजे ब्रजपुर थाना क्षेत्र के पन्ना-पहाड़ीखेरा रोड पर हुए इस हादसे में बस में सवार तकरीबन 20 यात्री घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया है। घटना के संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार यात्री बस क्रमांक एमपी 19 पी 1812 सुबह सतना की ओर जा रही थी। भसूड़ा पंचायत अंतर्गत बुचुआ नाला के समीप यात्री बस बेकाबू होकर पलट गई। यात्री बस में 30 से अधिक यात्री सवार थे। हादसे की खबर लगते ही थाना प्रभारी बखत सिंह ठाकुर और यातायात प्रभारी ज्योति दुबे मौके पर पहुंचे और बस में फंसे यात्रियों को ग्रामीणों की मदद से बाहर निकला गया। घायलों में महिलाएं, बच्चे व बुजुर्ग भी शामिल हैं।

---

**कार्रवाई** | यूक्रेनी रक्षा बलों ने बखमुत के दक्षिण में हमले की कार्रवाई जारी रखी है

# रूस ने डीनिप्रो पर साठ हमले किये

- दुश्मन के सभी ड्रोन नष्ट कर दिए गए
- यूक्रेनी सेना ने 24 घंटों में डीनिप्रो पर 60 हमलों को विफल कर दिया
- यूक्रेनी सेना लचीले ढंग से रक्षा बनाए रखती है



फोटो पेज 1 के फोल्डर में

**कियेबः** यूक्रेन की सेना के जनरल स्टाफ ने कहा कि यूक्रेनी सेना ने 24 घंटों में डीनिप्रो पर 60 हमलों को विफल कर दिया।पिछले दिन में, यूक्रेन के जनरल स्टाफ ने लगभग 60 झड़पों की सूचना दी, जिसमें यूक्रेनी सेनाएं निप्रो नदी के बाएं किनारे पर स्थित थीं, सक्रिय रूप से जवाबी-बैटरी लड़ाई में लगी हुई थीं और दुश्मन के पिछले हिस्से पर तोपखाने से हमले कर रही थीं। यह बताया गया है कि पिछले एक दिन में 58 झड़पें हुई हैं। रूसी सेना ने चार मिसाइल और 109 विमानन हमले किए, यूक्रेनी पदों और आवासीय क्षेत्रों पर कई लॉन्च रॉकेट सिस्टम से 59 गोलाबारी हमले किए। रूस ने 87 शहीद-136/131 यूएवी का उपयोग करके यूक्रेन पर हवाई हमला किया। दुश्मन के सभी ड्रोन नष्ट कर दिए गए, जिसके परिणामस्वरूप नागरिक आबादी हताहत और घायल हुई। निजी आवासीय भवनों और अन्य नागरिक बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ। कुप्यंस्क में, दुश्मन ने खार्किव ओब्लास्ट में सिंकिव्का और इवानिव्का के पास हमले की कार्रवाई की, जहां रक्षा बलों ने दुश्मन के चार हमलों को नाकाम कर दिया। लाइमैन दिशा में, रूसियों ने अब तक आक्रामक कार्रवाई नहीं की है।

बखमुत में, यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने डोनेट्स्क ओब्लास्ट में क्लिश्चिव्का और एंड्रीइव्का के पास दुश्मन के दस हमलों को नाकाम कर दिया। यूक्रेनी रक्षा बलों ने डोनेट्स्क ओब्लास्ट में बखमुत के दक्षिण में हमले की कार्रवाई जारी रखी है। अवदीवका दिशा में, आक्रमणकारी, विमानन सहायता से, अवदीवका को घेरने के प्रयास में लगे हुए हैं। यूक्रेनी सेना लचीले ढंग से रक्षा बनाए रखती है, जिससे रूसियों को महत्वपूर्ण नुकसान होता है। रूसी सेना डोनेट्स्क ओब्लास्ट में स्टेपोव, अवदीवका, पेरवोमैस्के और नोवोकैलिनोवे के दक्षिण में असफल रूप से आगे बढ़ा, जहां यूक्रेनी रक्षकों ने 23 हमलों को नाकाम कर दिया। मारियुपोल दिशा में, दुश्मन ने डोनेट्स्क ओब्लास्ट में मैरींका और नोवोमीखाइलिव्का के क्षेत्रों में हमले की कार्रवाई की, जहां यूक्रेनी सशस्त्र बलों ने नौ हमलों को विफल कर दिया।शेखटार्स्क दिशा में, रूसियों ने जोलोटा निवा के दक्षिण में और डोनेट्स्क ओब्लास्ट में स्टारोमीखाइलिव्का के पूर्व में निरर्थक हमले की कार्रवाई की। जापोरीज्ज्या दिशा में, कब्जाधारियों ने जापोरीज्ज्या ओब्लास्ट में रोबोटीन के पास खोई हुई स्थिति को पुनः प्राप्त करने के लिए आठ बार असफल प्रयास किया।

यूक्रेनी रक्षा बल मेलिटोपोल दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।पिछले दिन, रक्षा विमानन ने दुश्मन कर्मियों, हथियारों और सैन्य उपकरणों के संकेंद्रण क्षेत्रों पर 11 हमले किए। मिसाइल सैनिकों ने दुश्मन कर्मियों, हथियारों और सैन्य उपकरणों के 11 एकाग्रता क्षेत्रों को निशाना बनाया, चार तोपखाने इकाइयों, एक कमांड पोस्ट और रूसियों के एक गोला बारूद डिपो को नष्ट कर दिया।

## कोई कांटे की टक्कर नहीं, लाड़ली बहनों ने निकाले सभी कांटे : शिवराज



**एजेंसियां**

**भोपालः** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का एक वीडियो आज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वे ये कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि राज्य में कांटे की टक्कर जैसा कुछ नहीं है, लाड़ली बहनों ने सभी 'कांटे'निकाल दिए हैं और भारतीय जनता पार्टी पांचवीं बार सरकार बनाने जा रही है। चौहान का ये वीडियो उनके विधानसभा क्षेत्र सीहोर जिले के बुधनी का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि श्री चौहान चुनाव के बाद कल अपने विधानसभा क्षेत्र बुधनी गए थे, इसी दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के बीच ये बात कही। वीडियो में चौहान कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि तीन तारीख को आप देखेंगे कि फिर से पांचवीं बार भाजपा सरकार बनेगी। कोई संदेह नहीं है। ये जो बातें कही जा रहीं हैं कि कांटे की टक्कर है, कोई कांटे की टक्कर नहीं है। कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत की है और लाड़ली बहनाओं ने सभी कांटे निकाल दिए हैं। चौहान कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि जनता का बेहद प्यार और आशीर्वाद अपने काम को मिला है।

## तोमर ने जलवायु परिवर्तन सम्मेलन की तैयारियों की समीक्षा की



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली** : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने जलवायु परिवर्तन पर होने वाले सम्मेलन में भारतीय शिष्टमंडल की भागीदारी से संबंधित तैयारियों के साथ ही कृषि क्षेत्र में कार्बन क्रेडिट की क्षमता की समीक्षा की है। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (कोप 28) की बैठक 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक दुबई में होगी। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर जलवायु अनुकूल श्रीअन्न, प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन, जलवायु अनुकूल गांवों के वैश्विक महत्व सहित देश की उपलब्धियां प्रदर्शित की जायेंगी।तोमर ने कहा कि खेती को जलवायु परिवर्तन के अनुकूलन बनाया जाना चाहिए जिससे कि कृषक समुदाय इससे लाभानवित हो सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत जैसा अत्यधिक आबादी वाला देश मीथेन की कटौती की आड़ में खाद्य सुरक्षा पर समझौता नहीं कर सकता है। समीक्षा बैठक में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण सचिव मनोज अहूजा ने तोमर को कोप बैठक के महत्व, जलवायु परिवर्तन तथा भारतीय कृषि के बारे में लिए गए निर्णयों के बारे में जानकारी दी।

## जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में मध्यम बारिश के आसार



**एजेंसियां**

**श्रीनगर** :जम्मू-कश्मीर में 29-30 नवंबर को मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात होने के आसार हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि आमतौर पर बादल छाए रहेंगे, मैदानी इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होगी और कई स्थानों पर मध्य और ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी होगी। साथ ही, बुधवार-गुरुवार को कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश या बिजली गिरने के भी आसार हैं। इस अवधि के दौरान अनियमित मौसम के कारण ज़ोजिला, सिंथन दर्रा, मुगल रोड और अन्य अधिक ऊंचाई वाली सड़कों सहित पहाड़ी क्षेत्रों में सतही परिवहन में अस्थायी व्यवधान हो सकता है। इस समय अधिकांश स्थानों पर आमतौर पर बादल छाए हुए हैं और आज मौसम शुष्क रहने का अनुमान है। मौसम विभाग द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि एक से दो दिसंबर के दौरान आम तौर पर आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, तीन दिसंबर को आम तौर पर बादल छाए रहेंगे और चार से सात दिसंबर के दौरान आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। कश्मीर डिवीजन के कई स्टेशनों पर आज न्यूनतम तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस का महत्वपूर्ण सुधार देखा गया।

मौसम कार्यालय ने कहा कि यह 01 दिसंबर तक जारी रहने की उम्मीद है और उसके बाद इसमें दो से चार डिग्री सेल्सियस की गिरावट होने के आसार हैं। श्रीनगर को छोड़कर, पिछले दिन दिन के तापमान में भी मामूली वृद्धि देखी गई। हल्के से मध्यम कोहरे के कारण कम हुई दृश्यता में आज से छह दिसंबर तक सुधार होने के आसार हैं।

## गहलोत ने भाजपा , बीआरएस पर लगाया मिलीभगत का आरोप

**एजेंसियां**



**हैदराबादः** वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को आरोप लगाया कि तेलंगाना में सत्तारुढ़ भारत राष्ट्र समिति(बीआरएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक दूसरे से मिले हुए हैं। गहलोत ने यहां गांधी भवन में संवाददाताओं से कहा कि बीआरएस और भाजपा की मिलीभगत है तथा प्रदेश की जनता अच्छी तरह से वाकिफ है। उन्होंने तेलंगाना में बीआरएस सरकार के कार्यकाल में परीक्षापत्रों के कथित लीक की ओर ध्यान आकर्षित किया और कहा कि केंद्र की भाजपा नीत सरकार के शासन में यह राज्य आर्थिक अपराधों का केंद्र बन गया है। उन्होंने कहा कि कुछ व्यवसायी बैंकों से पर्याप्त ऋ ण प्राप्त करने के बाद दूसरे देशों में भाग गये और केंद्र सरकार ने इन ऋ णों को माफ करके उनकी सहायता की। भाजपा पर तेलंगाना में चुनावी लाभ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह देश में भ्रष्टाचार का नंबर एक स्रोत है। उन्होंने जोर दिया कि जहां कुछ पार्टियों ने कथित तौर पर देश की संपत्ति लूटी, वहीं कांग्रेस लोगों के साथ मजबूती से खड़ी है। गहलोत ने राज्य की सत्ता में आने पर कांग्रेस पार्टी के छह गारंटियों के घोषणापत्र को लागू करने का आश्वासन दिया। उन्होंने 30 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनावों में लोगों के कल्याण के लिए पार्टी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

---

**रोजगार मेला** | गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से

# रोजगार मेले में 51 हजार नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे मोदी

- यह रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा
- रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा

**एजेंसियां**





**नयी दिल्ली** : प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी गुरूवार को रोजगार मेले में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 51 हजार से अधिक नवनियुक्त कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। प्रधानमंत्री नवनियुक्त कर्मचारियों को संबोधित भी करेंगे। यह रोजगार मेला देश भर में 37 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। ये भर्ती केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों तथा केंद्र शासित प्रदेशों में की गयी हैं। देश भर से चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, वित्तीय सेवा विभाग, रक्षा मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों में नियुक्त किये गये हैं।

रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला भविष्य में रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण तथा राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। नये कर्मचारी अपने नये विचारों और भूमिका-संबंधी दक्षताओं के अलावा देश के औद्योगिक, आर्थिक और सामाजिक विकास को मजबूत करने में योगदान देंगें, जिससे प्रधानमंत्री के विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में मदद मिलेगी। नवनियुक्त कर्मचारियों को एक ऑनलाइन मॉड्यूल कर्मयोगी प्रारंभ के माध्यम से खुद को प्रशिक्षित करने का अवसर भी मिल रहा है।

---

## न्यूज फटाफट

### इमरान के खिलाफ अदियाला जेल में खुली अदालत में जारी रहेगा मुकदमा

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान के सिफर मामले की सुनवाई कर रहे विशेष अदालत के न्यायाधीश अबुल हसनत ज़ुल्करनैन ने मंगलवार को फैसला सुनाया कि मुकदमे की कार्यवाही अदियाला जेल में जारी रहेगी लेकिन खुली अदालत में। 'गंभीर सुरक्षा जोखिमों' का हवाला देते हुए अदियाला जेल अधिकारी उसी अदालत के न्यायाधीश के आदेश के अनुसार इस्लामाबाद के संघीय न्यायिक परिसर (एफजेसी) में विशेष अदालत के समक्ष आज पूर्व प्रधान मंत्री को पेश करने में विफल रहे। पिछले हफ्ते न्यायाधीश जुल्करनैन ने निर्देश जारी किया था कि पीटीआई प्रमुख इमरान और पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी को एफजेसी में पेश किया जाए। गौरतलब है कि सिफर मामला एक राजनयिक दस्तावेज से संबंधित है जिसे संघीय जांच एजेंसी के आरोप पत्र के मुताबिक इमरान ने कभी वापस नहीं किया। पीटीआई लंबे समय से मानती रही है कि दस्तावेज में श्री इमरान को प्रधानमंत्री पद से हटाने के लिए अमेरिका की ओर से धमकी दी गई थी। इमरान और उनके सहयोगी कुरैशी, जो सलाखों के पीछे हैं, को 23 अक्टूबर को मामले में दोषी ठहराया गया था। दोनों ने दोषी नहीं होने का दावा किया है। मुकदमा अदियाला जेल में चल रहा था और चार गवाहों ने पहले ही अपने बयान दर्ज कर लिए थे, पांचवें से जिरह तब की गई जब इस्लामाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने जेल मुकदमे के लिए सरकार की अधिसूचना को 'गलत' करार दिया और पूरी कार्यवाही को रद्द कर दिया।

### लीबियाई तट से 163 अवैध प्रवासियों को बचाया गया

**त्रिपोली** : लीबिया में पिछले सप्ताह तटीय क्षेत्र से 163 अवैध प्रवासियों को बचाया गया। इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आईओएम ने अपने बयान में कहा कि 9 नवंबर से 25 नवंबर तक 163 प्रवासियों को रोका गया और वे लीबिया लौट आए। इनमें 20 महिलाएं और 12 बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा एक अवैध प्रवासी का शव भी बरामद किया गया है। आईओएम के अनुसार, इस साल अब तक कुल 15,057 अवैध प्रवासियों को बचाया गया और लीबिया लौटा दिया गया जबकि लीबिया के तट से दूर केंद्रीय भूमध्य मार्ग पर 947 की मौत हो गई और 1,256 लापता हो गए। गौरतलब है कि 2022 में, बचाए गए लोगों की संख्या 24,684 थी, जबकि मृतकों और लापता लोगों की संख्या क्रमशः 529 और 848 तक पहुंच गई। दरअसल, 2011 में दिवंगत नेता मुअम्मर गद्दाफी के शासन के पतन के बाद जब लीबिया अराजकता में डूब गया, तो कई प्रवासियों, जिनमें ज्यादातर अफ्रीकी थे, ने यूरोपीय तटों तक पहुंचने के लिए भूमध्य सागर को पार करने का प्रयास किया।

### बीएनपी ने दो केंद्रीय नेताओं को निष्कासित किया

**ढाका** : बंगलादेश में बंगलोदश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने अपने अध्यक्ष की सलाहकार परिषद के सदस्य सैयद एके एकरामुज्जमां और राष्ट्रीय कार्यकारी समिति के सदस्य शाह मोहम्मद अबू जफर को निष्कासित कर दिया है। ढाका ट्रिब्यून ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। बीएनपी के वरिष्ठ संयुक्त महासचिव एडवोकेट रूहुल कबीर रिजवी ने मंगलवार को जारी अपने बयान में इसकी पुष्टि की। बयान के मुताबिक पार्टीविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में दोनों नेताओं को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता सहित सभी पदों से निष्कासित कर दिया गया। एकरामुज्जमां 12वें राष्ट्रीय संसदीय चुनाव में ब्राह्मणबारिया-1 निर्वाचन क्षेत्र में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं अबू जफर 20 नवंबर को बंगलादेश नेशनलिस्ट मूवमेंट (बीएनएम) में शामिल हो गए। वह पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हैं। बीएनपी पहले ही 12वें संसदीय चुनाव के कार्यक्रम को खारिज कर चुकी है।

### पाकिस्तान सेना की मेजबानी में आतंकवाद विरोधी संयुक्त अभ्यास

**इस्लामाबाद** : पाकिस्तान में पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में सेना की मेजबानी में बहुराष्ट्रीय संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास में कई देशों ने भाग लिया। पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस की ओर से जारी बयान के मुताबिक फजर अल शार्क-वी अभ्यास प्रांत के पब्बी इलाके में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी केंद्र में आयोजित किया गया। अभ्यास में पाकिस्तान, बहरीन, इराक और कुवैत सहित विभिन्न देशों के विशेष बलों की टुकड़ियों ने भाग लिया। बयान में कहा गया कि अभ्यास का उद्देश्य भाईचारे वाले देशों के बीच ऐतिहासिक सैन्य-से-सैन्य संबंधों का उपयोग करने के अलावा, संयुक्त रोजगार और अंतरसंचालनीयता को बढ़ावा देना है। प्रतिभागियों ने पूरे अभ्यास के दौरान जोश और उत्साह व्यक्त किया और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोगात्मक प्रयासों के लिए अपनी प्रतिबद्धता जतायी।

### इजरायल, हमास में मानवीय संघर्ष विराम लागू

**यरूशलेम** : इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में मानवीय संघर्ष विराम 30 नवंबर तक बढ़ाया गया। अल जज़ीरा ने मंगलवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने हमास के साथ बंधक विनिमय समझौते के हिस्से के रूप में फिलिस्तीनी कैदियों के चौथे समूह को रिहा कर दिया है, जिसमें 33 लोग शामिल हैं। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने कहा है कि हमास द्वारा मुक्त किए गए 11 इजरायली बंधक इजरायली क्षेत्र में प्रवेश कर गए। सौदे के हिस्से के रूप में, कुल 150 फिलिस्तीनी कैदियों को इजरायली जेलों से रिहा किया गया। इस बीच कतर ने कहा है कि इजरायल और हमास के बीच गाजा पट्टी में पिछली शर्तों के समान मानवीय संघर्ष विराम के दो दिवसीय विस्तार पर एक समझौता हुआ है।

### नाटो विदेश मंत्रियों की बैठक ब्रुसेल्स में मंगलवार से

**मॉस्को** : उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के नाटो के विदेश मंत्रियों की दो दिवसीय बैठक महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग की अध्यक्षता में ब्रुसेल्स में मंगलवार को शुरू होगी। बैठक में स्वीडन को भी आमंत्रित किया गया है। वह यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ बैठक में भाग लेगा। नाटो सहयोगियों से यूक्रेन के लिए सैन्य समर्थन, पश्चिमी बाल्कन में क्षेत्रीय स्थिरता और जुलाई 2024 में वाशिंगटन शिखर सम्मेलन के लिए उनकी प्राथमिकताओं पर चर्चा करने की उम्मीद है।

## आज का इतिहास

- 1516 : फ्रांस और स्विट्जरलैंड ने फ्रेईबर्ग के शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये।
- 1759 : दिल्ली के बादशाह आलमगीर द्वितीय की हत्या हुई।
- 1775 : सर जेम्स जे ने अदृश्य स्याही का अविष्कार किया।
- 1830 : पोलैंड में रूस के शासन के खिलाफ नवंबर विद्रोह शुरु हुआ।
- 1870 : ब्रिटेन में आवशयक शिक्षा कानून लागू हुआ।
- 1889 : बेंगलुरू के लालबाग गार्डन में ह्यग्लास हाउसह्व की आधारशिला रखी गई।
- 1916 : अमेरिका ने डोमिनिकन रिपब्लिक में मार्शल लॉ लगाने की घोषणा की।
- 1944 : अलबानिया को नाजी कब्जे से छुड़ाया गया।
- 1947 : भारतीय उपमहाद्वीप का विभाजन होने पर निज़ाम ने भारत में शामिल होने की अपेक्षा स्वतंत्र रहना चाहा।
- 1949 : पूर्वी जर्मनी में यूरेनियम खदान में विस्फोट से 3700 लोग मरे थे।
- 1961 : दुनिया के पहले अंतरिक्ष यात्री यूरी गागरिन भारत आये थे।
- 1970 : हरियाणा सौ फीसदी ग्रामीण विद्युतीकरण का लक्ष्य पाने वाला पहला भारतीय राज्य बना।
- 1987 : कोरियाई विमान फ्लाइट 858 में थाईलैंड-म्यांमार की सीमा के पास विस्फोट में 115 लोगों की मौत हुई।

## दारोगा को एसपी ने किया सस्पेंड

रांचीः मुठभेड़ में अपराधियों की गोली से घायल हुए दारोगा सोनू कुमार साव को रामगढ़ एसपी पियूष पांडेय ने तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। दरोगा सोनू साव को ड्यूटी के दौरान अनुपस्थित रहने के आरोप में सस्पेंड किया गया है। इस कार्रवाई को लेकर चर्चा है कि दरोगा सोनू ने भुरकुंडा थाना प्रभारी को बताया था कि गोली लगने की वजह से उनके पैर का जख्म सही से ठीक नहीं हुआ है।

**योजनाएं** जहां पदाधिकारी नहीं जाते थे, आज वे योजनाएं लेकर आपके बीच आ रहे हैं

# किसान, श्रमिक और नौजवान झारखण्ड के जड़, इन्हें मजबूत करना लक्ष्य:हेमन्त सोरेन

- यह आदिवासी-मूलवासी की सरकार
- तीन कमरों का सुसज्जित आवास देगी राज्य सरकार




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान का यह तीसरा चरण है। अभियान में शामिल होने के लिए आज लोहरदगा आया हूं। राज्यवासियों के द्वार तक राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाने का यह लगातार तीसरा साल है। यह आदिवासी - मूलवासी की सरकार है। अंतिम व्यक्ति तक पहुंच कर उन्हें सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। अब तीसरे चरण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पंचायत और वार्ड स्तर पर शिविर आयोजित हो रहें हैं। जहां पदाधिकारी नहीं जाते थे, आज वे योजनाएं लेकर आपके बीच आ रहें हैं। ताकि राज्य के आदिवासी, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक को उनका अधिकार और योजनाओं का लाभ मिले। ये बातें मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कही। मुख्यमंत्री ने कहा -आपके गांव, पंचायत में हमने पदाधिकारियों को योजनाओं की गठरी बांधकर भेजने का काम किया है। पूर्व की सरकारों ने कभी गांव, गरीब, किसान सहित आम जनता की सुध लेने का काम नहीं किया। यही कारण है कि लाखों आवेदन शिविरों में आये। पूर्व की सरकार कभी पदाधिकारियों को गांव, पंचायत में भेजने का काम नहीं करती थी। हमने यह सब बदला। आज लाखों जरूरतमंद लोगों को अधिकार मिल रहा है। पदाधिकारी आमजन की सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा- सरकार की योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए है। हमें यहां की जड़ों को मजबूत करना है। जड़ यहां के किसान, श्रमिक, नौजवान हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार अब पांच वर्ष उम्र के दिव्यांग को भी पेंशन देगी। प्रथम चरण के अभियान के सबसे अधिक आवेदन पेंशन के लिए आए थे। सरकार ने इसकी जानकारी जुटाई और इस पर विचार करते हुए सभी वृद्ध को, विधवा महिला को पेंशन देने का कानून बनाया। अब सभी को ससमय पेंशन का लाभ मिल रहा है। हमने इसके लिए तय संख्या की बाध्यता को समाप्त कर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा झारखण्ड के जरूरतमंदों के लिए आठ लाख आवास की स्वीकृति केंद्र सरकार ने नहीं दी। अब हमारी सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अहर्ता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। आवास आवंटन की प्रक्रिया भी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में शुरू हो चुकी है। केंद्र सरकार की अनदेखी के बाद यहां के लोगों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार के लिए जरूरी था। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ग्राम गाड़ी योजना शुरू कर रही है, जिसमें वृद्ध, आंदोलनकारी समेत अन्य को निःशुल्क बस सेवा प्रदान की जाएगी। ताकि ये भी शहर से जुड़ सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा -वनों पर निर्भर रहने वालों को वन पट्टा देने हेतु अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान चलाया जा रहा है। ताकि, अहर्ता प्राप्त लोगों को वन पट्टा दिया जा सके। इस अभियान को हमें पूरा करना है। मुख्यमंत्री ने कहा- खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। देश में पहली बार एशियन हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी का साक्षी झारखण्ड बना। आपकी सरकार ने खिलाड़ियों को मिलने वाली सम्मान राशि में बढ़ोत्तरी की है। साथ ही, खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी भी मिली है। ुख्यमंत्री ने कहा सभी चरणों में जिलों में जाकर मैं खुद इस अभियान की समीक्षा कर रहा हूं कि लोगों को लाभ मिल रहा है या नहीं।

इस मौके पर मंत्री डॉ. रामेश्वर उरांव, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, गुमला विधायक भूषण तिर्की, पूर्व विधायक सुखदेव भगत, पूर्व विधायक बंधु तिर्की, जिला परिषद अध्यक्षा श्रीमती रीना भगत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्रीमती वंदना दादेल, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, उपायुक्त लोहरदगा, आरक्षी अधीक्षक लोहरदगा एवं हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से ईडी की पूछताछ, गवाह को प्रभावित करने का है मामला



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** ईडी की दूसरी नोटिस पर साहिबगंज एसपी नौशाद आलम मंगलवार को रांची स्थित ईडी के जोनल ऑफिस पहुच गए हैं। ईडी के गवाहों को प्रभावित करने के मामले में साहिबगंज एसपी से पूछताछ की जा रही है। इससे पूर्व पहली नोटिस मिलने पर साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ने ईडी को पत्र लिखकर समय की मांग की थी। जिसके बाद उन्हें दूसरा नोटिस जारी करते हुए 28 नवंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था।साहिबगंज एसपी नौशाद आलम मंगलवार की सुबह 10 बजे ही ईडी दफ्तर पहुंच गए। अंदर जाने के बाद उन्होंने बताया कि वह साहिबगंज एसपी हैं, जिसके बाद गेट पर आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर उन्हें अंदर जाने दिया गया। साहिबगंज एसपी को मंगलवार की सुबह 10:30 बजे ईडी दफ्तर पहुंचने के लिए समन जारी किया गया था।साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन के मामले में गवाह को प्रभावित करने के मामले में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम से ईडी पूछताछ कर रही है। ईडी ने इससे पहले 22 नवंबर को एसपी से पूछताछ का पहला समन भेजा था, लेकिन तब पुलिस मुख्यालय से मंतव्य लेने की बात कह उन्होंने एजेंसी से वक्त की मांग की थी। जिसके बाद एजेंसी ने उन्हें 28 नवंबर को ईडी दफ्तर में हाजिर होने ले लेकर दूसरा समन भेजा था।दरअसल ईडी के गवाह विजय हांसदा को कानूनी राय के लिए दिल्ली भेजने के लिए टिकट की व्यवस्था नौशाद आलम ने ही कराई थी। रांची पुलिस के सार्जेंट वैभव कुमार के जरिए टिकट की व्यवस्था करायी गई थी। इससे जुड़ी जानकारी ईडी ने हासिल की थी, इसके बाद नौशाद आलम को पूछताछ के लिए समन किया गया था।

## सेना जमीन घोटाला मामला, आरोपी दिलीप घोष को हाईकोर्ट से मिली जमानत

राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** सेना जमीन घोटाला मामले के आरोपी दिलीप घोष को झारखंड हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। जमीन घोटाला मामले में दिलीप घोष पहला शख्स होगा, जो जमानत पर जेल से बाहर आएगा। इसको फर्जी कागजात के जरिए सेना की 4।55 एकड़ जमीन लेने और मनी लांड्रिंग करने के मामले में ईडी ने जून माह में कोलकाता से गिरफ्तार किया था।राजधानी रांची के बरियातू स्थित इस जमीन को जगत बंधु टी स्टेट प्रा।लि। के मालिक दिलीप घोष और कारोबारी अमित अग्रवाल ने लिया था। इस जमीन की सरकारी कीमत 20 करोड़ से ज्यादा थी। लेकिन इसे महज करीब 7 करोड़ में खरीदा गया था। इस जमीन को फर्जी मालिक बनकर प्रदीप बागची नाम के शख्स ने बेचा था। लेकिन जांच में पाया गया कि फर्जी मालिक प्रदीप बागची के खाते में महज 25 लाख रु। पहुंचे थे। रजिस्ट्री पेपर पर शेष राशि का जो जिक्र किया गया था, उसमें घालमेल पाया गया था।इस मामले में रांची के तत्कालीन डीसी छवि रंजन, कारोबारी अमित अग्रवाल, प्रदीप बागची समेत अफसर अली, इम्तियाज खान जैसे कई जालसाज लंबे समय से जेल में बंद हैं। आपको बता दें कि प्रदीप बागची ने फर्जी कागजात पर सेना की इस जमीन का होल्डिंग नंबर भी ले लिया था। इसके खिलाफ नगर निगम के पदाधिकारी ने बरियातू थाना में एफआईआर दर्ज करवाया था। उसी एफआईआर को टेकओवर कर ईडी ने ईसीआईआर दर्ज कर जांच के बाद कार्रवाई की थी।दरअसल, सेना की जमीन के खतियानी रैयत प्रमोद नाथ दास गुप्ता था। उनके निधन के बाद उत्तराधिकारी के तौर पर यह जमीन मालती राव कर्नाड को मिली थी। 1943 से यह जमीन सेना के पास लीज पर थी। बाद में इस जमीन की मालिक मालती राव के पुत्र जयंत कर्नाड बन गये थे। इस जमीन को लेकर कोर्ट में भी लंबे समय तक मामला चला था। लेकिन बाद में प्रदीप बागची फर्जी मालिक बन बैठा।

## पेयजल विभाग से रिटायर चीफ इंजीनियर के पेंशन से कटेगी एक साल तक पांच प्रतिशत राशि




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** राज्य सरकार ने सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता मुख्यालय पेयजल एवं स्वचछता विभाग झारखंड प्रदीप कुमार चौधरी को दंडित किया है। उनके खिलाफ कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल धनबाद-2 के पद पर रहते हुए आरोप लगे थे, जिसकी जांच के बाद पेंशन नियमावली के तहत सरकार ने उनके देय पेंशन की राशि से पांच प्रतिशत की कटौती एक वर्ष तक किये जाने का दंड दिया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गयी है। वर्ष 2011-12 में केंद्र प्रायोजित राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम एनआरडीडब्लूपी के तहत कोल्हार में जटाडीह- जोरिया नाला पर पक्का चेक डैम एवं विंगवाल का निर्माण कराया गया था। योजना निर्माण के क्रम में लागत वृद्धि हुई थी, जिसका भुगतान समय पर नहीं हुआ था। इस कारण योजना के संवेदक के द्वारा हाइकोर्ट में वाद दायर किया गया, जिसके क्रम में पुनः अवमानवाद भी दायर किया गया। कोर्ट द्वारा संवेदक को अतिरिक्त राशि का भुगतान करने का आदेश पारित हुआ। पूरे मामले पर अभियंता प्रमुख पेयजल एवं स्ववच्छता विभाग द्वारा 22 अप्रैल 2019 को समीक्षा की गयी और यह पाया गया कि योजना का सृजन जिन उदेश्यों की पूर्ति के लिए किया गया था, उन लक्ष्यों की प्राप्ति नहीं हुई। बैठक में समिति द्वारा सरकारी राशि के दुरुपयोग के लिए दोषी पदाधिकारी के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित कर दंडित करने की अनुशंसा की गयी थी। इस पूरे मामले की जांच फिर मुख्य अभियंता दुमका प्रक्षेत्र से भी करायी गयी। उनके प्रतिवेदन के बाद दो बार उनसे स्पष्टीकरण किया गया। इस बीच प्रदीप कुमार चौधरी रिटायर हो गये। पूरे मामले की समीक्षा के बाद तत्कालीन कार्यपालक अभियंता, धनबाद दो,सम्प्रति सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पेंशन से पांच प्रतिशत राशि कटौती का आदेश हुआ।

## जुआ खेलने वाले रांची जिला बल के नौ पुलिसकर्मियों को एसएसपी ने किया सस्पेंड




राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** रांची पुलिस लाइन में बीते शनिवार की देर रात को जुआ खेलते 14 पुलिसकर्मी समेत 20 लोग पकड़े गए थे। इस मामले में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए रांची जिला बल के नौ पुलिसकर्मी को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। बाकी के अन्य पांच पुलिसकर्मी जैप के हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई जैप के कमांडेंट करेंगे। इस मामले में एसएसपी ने बताया कि रांची जिला बल के नौ पुलिसकर्मी को सस्पेंड किया गया है।जुआ खेलते पकड़े गए पुलिसकर्मी समेत अन्य लोगों को गोंदा थाना से पीआर बांड पर छोड़ दिया गया था। बता दें कि इनके पास से करीब साढ़े तीन लाख रुपए भी बरामद हुए थे। जबकि पिछले तीन माह का अगर रिकॉर्ड देखें तो विभिन्न थाना क्षेत्रों में जुए के अड्डे पर छापेमारी की गई। इस दौरान पुलिस ने जुए के अड्डे से लाखों रुपए बरामद किए। 51 से ज्यादा जुआरियों को गिरफ्तार किया। इन जुआरियों को पुलिस ने जेल भी भेजा था। वहीं गोंदा थाना की टीम ने जिन पुलिसकर्मियों को जुआ खेलते पकड़ा तो उन पर सिर्फ जुआ अधिनियम की धारा 11 लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज की। पकड़े गए सभी लोगों को थाना से बेल मिल गया है।






**दौरा** बीएसएफ राइजिंग डे परेड में होंगे शामिल

# केंद्रीय गृह मंत्री दो दिवसीय दौरे पर आएंगे झारखंड



राष्ट्रीय खबर

**रांचीः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह झारखंड के हजारीबाग में बीएसएफ के राइजिंग डे परेड में शामिल होंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर झारखंड आ रहे हैं। गृह मंत्री एक दिसंबर को बीएसएफ के हजारीबाग मेरू कैंप में राइजिंग डे समारोह में शामिल होंगे। मिली जानकारी के मुताबिक, अमित शाह 30 नवंबर की शाम 4।30 बजे रांची एयरपोर्ट पर पहुंचेंगे। बीएसएफ के हेलीकॉप्टर से वह रांची एयरपोर्ट पर पांच मिनट रूकने के बाद हजारीबाग मेरू कैंप के लिए रवाना हो जाएंगे।

मेरु कैम्प में विश्राम करेंगे गृह मंत्रीः जानकारी के अनुसार 30 नवंबर को रात्रि विश्राम भी वह मेरू कैंप में ही करेंगे। इसके बाद अगले दिन सुबह 10 से 12 बजे तक राइजिंग डे समारोह में शामिल होंगे। समारोह के बाद यहां एक घंटे वह बीएसएफ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे फिर उसके बाद दोपहर दो बजे हजारीबाग से रांची एयरपोर्ट के लिए रवाना होंगे। दोपहर के 2।45 बजे वह रांची एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगे।

बता दें कि एक दिसंबर को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) 59वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस समारोह का आयोजन हजारीबाग के मेरु स्थित बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र में होगा, जो हजारीबाग के लिए गर्व की बात है। आईजी केएस बनियाल ने हजारीबाग में होने वाले समारोह की जानकारी दी थी। परेड में सभी फ्रंटियर के महिला-पुरूष टुकड़ियां भाग लेंगी। जाबांजों की मोटरसाइकिल टीम वहां मौजूद लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र होगी।